RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

Black Bichhoo

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखाण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 197 | ग्वालियर बुधवार 26 फरवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

## राजधानी भोपाल के ग्राम पंचायत तूमड़ा में श्मशान घाट की राशि चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट



केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा.9425727854

**भोपाल।।** सरकारे दावा कर रही है विकास की गंगा बहेगी विकास होगा पर विकास कैसे होगा यहां तों उल्टा हो रहा है हद हो गई जब शमशान घाट की राशि ही हज़म हों गई राजधानी भोपाल के जनपद पंचायत फंदा की ग्राम पंचायत तूमड़ा में श्मशान घाट की तार फैंसिंग की राशि का हो गया बंटाधार आपको बता दें कि पिछले वर्ष 26/01/024 को ग्राम पंचायत की राशि पांच लाख रुपए आई थी जिसको सरपंच सचिव ने मिलकर राशि को निकाल कर हजम कर गए मौके पर नहीं है कोई तार फैंसिंग का निर्माण एक साल बीत जाने के बाद भी नहीं की गई तार फैंसिंग लेकिन राशि के बावजूद भी 1 साल बीत गया है राशि हजम हो चुकी है पर अभी तक तार फेंसिंग का ठिकाना नहीं है मौके पर जाकर देखा तो वहां पर कोई तार फेंसिंग नहीं है सरपंच सचिव द्वारा राशि निकालकर हजम कर ली गई है देखना यह है कि ग्राम पंचायत तूमड़ा सरपंच सचिव पर क्या कार्यवाही होती है

## जनसुनवाई में 173 आवेदनों पर हुई सुनवाई

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**दमोह** - कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गए निर्देशों के क्रम में जिले के विभिन्न स्थानो से आये नागरिकों की अपर कलेक्टर मीना मसराम ने आज जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 173 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 34 आधार कार्ड अपडेशन, 02 आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आवेदन प्राप्त हुए, पी एम किसान सम्मान निधि के 08 एवं 112 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश सिंह, एस.डी.एम. आर.एल. बागरी, डिप्टी कलेक्टर (परिवीक्षाधीन) रचना प्रजापति, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## जनसुनवाई में सुनी गई आमजन की समस्याएं



बृजमोहन कारपेंटर केसरिया हिंदुस्तान

**राजगढ** - जिला मुख?यालय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस?याओं का निराकरण किया जाता है। कलेक?टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा 25 फरवरी को आयोजित जनसुनवाई में ग्राम हताईखेडा निवासी नारायण सिंह वर्मा ने बताया कि आवेदक के भाई को मुंह का कैंसर होने के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। जिस पर कलेक्टर द्वारा आवेदक को बीपीएल कार्ड एवं खाद्यान्न पर्ची प्रदान की गई। इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत भितरवार अनुभाग पुलिस एवं क्राइम ब्रांच की कार्यवाही



थाना चीनौर पुलिस द्वारा अपहृत नाबालिग बालिका को 24 घंटे के भीतर भानगढ़ जिला शिवपुरी से सकुशल किया दस्तयाब उक्त नाबालिग बालिका की पतारसी पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा 10 हजार रूपये का इनाम भी घोषित किया गया था।

# बाबा श्रीमहाकाल द्वारा आशीर्वादित ज्योतिष एक दिव्य विद्या : डॉ दिनेश गुरुजी

### अयोध्या में ज्योतिष आध्यात्मिक संगोष्ठी व टॉक शो 2025 संपन्न , अंतर्राष्ट्रीय वैदिक ज्योतिष महासंघ द्वारा प्रवीग टेंट सिटी सरयू में हुआ

डॉ संजय जोशी, केसरिया हिंदुस्तान

**अयोध्या।** अंतर्राष्टीय वैदिक ज्योतिष महासंघ (आईवीएएफ) द्वारा आयोजित अयोध्या में ज्योतिष आध्यात्मिक संगोष्ठीङ्क2025 सफलता पूर्वक संपन्न हुई। इस संगोष्ठी और टॉक शो का उद्देश्य भारतीय ज्योतिष, महिला सशक्तिकरण, वैदिक पर्यटन और सांस्कृतिक एकता के महत्व पर महत्वपूर्ण चर्चा करना था। संगोष्ठी में भारतीय वैदिक ज्योतिष के भविष्य, उसके आधुनिक समय में भूमिका और सनातन धर्म से जुड़ी ज्योतिषीय अवधारणाओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। साथ ही भारतीय संस्कृति, विशेष रूप से वैदिक ज्योतिष, को वैश्विक स्तर पर पुन: स्थापित करने तथा उसे वर्तमान समय में प्रासंगिक बनाने पर भी संवाद हुआ। आईवीएएफ के सहायक निदेशक डॉ. मनीष पांडे ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उज्जैन श्री महाकालेश्वर मंदिर से पुजारी डॉ दिनेश गुरुजी ने कहा कि अनंत कोटि ब्रह्माण्ड नायक देवाधिदेव बाबा श्रीमहाकाल द्वारा आशीर्वादित ज्योतिष एक दिव्य विद्या है, जो जीवन के हर क्षेत्र में मार्गदर्शन प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि ज्योतिष केवल भविष्यवाणी नहीं, बल्कि यह आत्मज्ञान और आत्मनिर्भरता की ओर भी मार्गदर्शन करता है। श्रीअयोध्या धाम से पीठाधीश्वर प्रभाकर दत्त शुक्ला महाराज ने सनातन धर्म को जीवन के हर पहलू को संतुलित करने वाला बताया। उन्होंने जीवन में सच्चाई, धर्म, और नैतिकता के पालन की आवश्यकता पर भी बल दिया। उनका कहना था कि धर्म का पालन ही व्यक्ति को आत्मा की उन्नति और परमात्मा के



समीप लाता है। इससे पूर्व दीप प्रज्वलित कर शुरु हुए प्रोग्राम में आईवीएएफ की अध्यक्ष दिव्या हरीश पिल्लई ने सभी का स्वागत किया। डॉ मनीष पांडे ने बताया संगोष्ठी में वैदिक ज्योतिष के सिद्धांतों की सटीकता और भविष्य में इसके उपयोग की नई दिशा पर चर्चा तथा वैदिक ज्योतिष को आज के डिजिटल युग में कैसे लागू किया जा सकता है, इस पर विचार किया गया और यह किस तरह से भविष्य पीढ़ियों की मदद कर सकता है, इस पर सकारात्मक संवाद हुआ। उन्होंने बताया कि विशिष्ट अतिथियों में एमपी में गुना से युवराज राजोरिया, कोलकाता से आचार्य दयानंद शास्त्री, पुणे से एस्ट्रो जर्नलिस्ट आचार्य डॉ संजय, राजनाथ झा, स्मिता मीनाक्षी शर्मा सहित सम्मेलन में भारत के विभिन्न हिस्सों से प्रतिष्ठित ज्योतिषियों की उपस्थिति रही। इस दौरान मनोजा लेंका व मंथा सूर्य नारायण सरना ने वैदिक ज्योतिष और सनातन धर्म के संबंध पर प्रकाश डाला। डॉ पांडे ने बताया कि डॉ नीलाद्री बसु ने महाविद्या पर अपने दृष्टिकोण साझा किए। प्रोफेसर कृष्णकांत शर्मा व पुणे से अवधूत शास्त्री ने वास्तु के महत्व पर चर्चा की। प्रमुख कॉर्पोरेट ट्रेनर और ज्योतिषी डॉ. दिलीप झुंझुनवाला ने समय, स्थान और काले जादू और सफेद जादू के बीच अंतर पर बात की। टैरो कार्ड्स रीडर स्मिता नीता कपूर ने महिला सशक्तिकरण के उपायों पर व टैरो कार्ड्स के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ मनीष के मुताबिक इस दौरान अयोध्या को एक धार्मिक केंद्र के रूप में वैदिक पर्यटन के हब के रूप में प्रस्तुत करने की दिशा में अर्थात् पर्यटन को बढ़ावा देने तथा सांस्कृतिक एकता पर भी संवाद हुआ। अतिथिवृंद द्वारा मनीष जोशी की पुस्तक ॐव्हाई मीॐ का विमोचन हुआ। सभी का आभार दिव्या हरीश ने जताया।

## बोर्ड परीक्षाएं शुरू, कलेक्टर ने किया परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण



नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा आज बोर्ड परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए सोईकलां स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में बनाये गये परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया गया तथा व्यवस्थाओ का जायजा लिया गया। इस दौरान परीक्षा केन्द्र पर 12वी बोर्ड की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संचालित पाई गई। इस परीक्षा केन्द्र पर 189 विद्यार्थी परीक्षार्थी के रूप में दर्ज थे, जिनमें से 188 उपस्थित रहें तथा एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। इस अवसर पर परीक्षा केन्द्र के लिए नियुक्त केन्द्राध्यक्ष श्री शंकरलाल शर्मा ने बताया कि 12वी बोर्ड की परीक्षा के पहले दिन हिन्दी विषय के लिए संचालित परीक्षा हेतु 10 कक्षो में विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा दी जा रही है। इस अवसर पर सहायक संचालक शिक्षाक श्री यश जैन भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 12वी बोर्ड की परीक्षा के लिए जिले में 32 तथा 10वी बोर्ड परीक्षा के लिए 35 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है, सभी परीक्षा केन्द्रों पर कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में अधिकारियों को भी नियुक्त किया गया है। आज से बोर्ड परीक्षाओ की शुरूआत हो गई है तथा पहले पेपर के रूप में 12वी बोर्ड अंतर्गत हिन्दी विषय की परीक्षा संपन्न हुई।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री एमएल गर्ग ने बताया कि श्योपुर जिले में 35 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है, जिनमें श्योपुर विकासखण्ड में 16, कराहल में 08 एवं विजयपुर में 11 परीक्षा केन्द्र है। परीक्षाओ के व्यवस्थित संचालन के लिए 35 केन्द्राध्यक्ष एवं 35 सहायक केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किये गये है। श्योपुर जिले से बोर्ड परीक्षाओं में कुल 12 हजार 445 परीक्षार्थी शामिल होगे। 10वी की परीक्षा में 7 हजार 401 तथा 12वी की परीक्षा में 05 हजार 44 परीक्षार्थी भाग ले रहे है।

**4 हजार 958 परीक्षार्थी हुए शामिल :** 12वी बोर्ड के हिन्दी विषय के पेपर के लिए आयोजित 32 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न हुई परीक्षा में कुल 5 हजार 44 परीक्षार्थियों में से 4 हजार 958 परीक्षार्थी शामिल हुए। 86 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें, सभी परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न हुई।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री एमएल गर्ग द्वारा भी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर, शासकीय उत्कृष्ट उमावि श्योपुर तथा शासकीय कन्या शिक्षा परिसर ढेगदा स्थित परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

## (उदय ठक्कर मुंबई) कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) उपाध्यक्ष एवं ठाणे जिला होलसेल व्यापारी वेलफेयर महासंघ अध्यक्ष श्री सुरेश भाई ठक्कर ने कहा भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स सम्मिट 2025 का आयोजन

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आज यानी 24 फरवरी को इन्वेस्ट मध्य प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स सम्मिट 2025 का आयोजन हो रहा है जिसका उ?द्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा किया गया जो 23 फरवरी को ही मध्य प्रदेश पहुंच गए थे। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में मध्य प्रदेश में निवेश के विशाल अवसरों को रेखांकित किया जाएगा और भोपाल को भारत के एक प्रीमियर इन्वेस्टमेंट हब के रूप में उभारने की कोशिश की जाएगी।

इस लैंडमार्क कार्यक्रम में दुनिया के 50 से अधिक देशों से प्रतिनिधियों एवं उ?द्योगपतियों के साथ-साथ कुल 25,000 से ज्यादा भागीदारों के सम्मिलित होने की




उम्मीद है। सम्मिट के दौरान खासकर कृषि, प्रदद्योगिकी एवं पर्यटन के क्षेत्र में निवेशकों का ध्यान आकर्षित किया जाएगा। ज्ञात हो कि मध्य प्रदेश में प्राकृतिक संसाधनों की भरमार है और अनेक ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक विरासत भी है जो पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। टेक्नॉलॉजी के मामले में भी राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसी हालत में निवेशकों को वहां पूंजी लगाने में कोई हिचक नहीं होनी चाहिए।

यह सम्मिट से मध्य प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन साबित होगा जिसमें राज्य की उन डेढ़ दर्जन नीतियों का खुलासा किया जाएगा जो विभिन्न क्षेत्रों से सम्बन्धित है। इसमें उ?द्योग, खाद्य, एमएसएमई, सेमी कंडक्टर्स तथा पर्यटन आदि शामिल हैं। एनआरआई तथा स्टार्ट अप शुरू करने वालों के लिए भी राज्य सरकार ने अनुकूल नीतियां बना रखी हैं। इस ग्लोबल इन्वेस्टर्स सम्मिट में भारत के शीर्ष उ?द्योग घराने के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं जबकि विदेशों की कई नामी-गिरामी कंपनियां भी इसमें शामिल हो रही हैं। यह सम्मिट मध्य प्रदेश को एक औ?द्योगिक हब के रूप में अपनी हैसियत को मजबूत करने में काफी मददगार साबित हो सकता है।

## बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा, तीन श्रद्धालुओं की मौत

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता

बांदा - बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर सोमवार सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना में तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए जा रही एक अर्टिगा कार को पीछे से तेज रफ्तार सफारी गाड़ी ने टक्कर मार दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार,



मृतक श्रद्धालु राजस्थान के ब्यावर और नागौर जिले के रहने वाले थे। दुर्घटना में घायल श्रद्धालुओं को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। टक्कर मारने वाली सफारी गाड़ी मध्य प्रदेश की थी और उसमें सवार यात्री भी प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए जा रहे थे।

यह हादसा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के 16.4 किलोमीटर क्षेत्र में हुआ। मौके पर पुलिस और प्रशासनिक टीम ने पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा, लेकिन पुलिस ने स्थिति को जल्द ही नियंत्रित कर लिया। स्थानीय प्रशासन ने मृतकों के परिजनों से संपर्क कर उन्हें सूचना दी है और घायलों को हर संभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है और संबंधित वाहन चालकों की भूमिका की पड़ताल की जा रही है।

# जन मानस की समस्याओं को लेकर पांच सूत्री मांगों सहित निकाली जाएगी जन समाधान पदयात्रा

### समाधान पदयात्रा में अधिक से अधिक लोग हो शामिल :समाजसेवी भूपेंद्र कराना

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान 9009601101

ग्वालियर-/* इटावा एन एच 719 जी की मौत का हाईवे से पहचाने जाने वाला को सिक्स लाइन में परिवर्तित करने सहित अन्य मांगों को लेकर दिनांक 27 फरवरी से समाधान पदयात्रा निकाली जाएगी

समाधान अनपढ़ यात्रा के संयोजक वरिष्ठ समाजसेवी भूपेंद्र करना का कहना है कि नेशनल हाईवे 719 ग्वालियर इटावा मार्ग पर पिछले एक सप्ताह में दर्जन भर से अधिक सडक दुर्घटनाओं में हुई मौतों पर भी खामोश बैठे हैं जिम्मेदार इस क्षेत्र से प्रतिनिधित्व करनेवाले जनप्रतिनिधियों को नैतिकता के आधार पर दे देना चाहिए इस्तीफा यह बात ग्वालियर स्थानीय विश्रामगृह पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए समाधान पदयात्रा के संयोजक भूपेंद्र सिंह कराना ने कही मालूम हो कि समूचे ग्वालियर चंबल अंचल के लिए नितांत आवश्यक पांच सूत्रीय मांगो को लेकर श्री भूपेंद्र सिंह कराना द्वारा दिनांक 27 फरवरी से 30 मार्च तक पूरे एक माह के लिए मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश की सीमा से प्रारंभ की जाने वाली समाधान पदयात्रा को लेकर दिल्ली सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के आवास तक पहुंचेंगे

नेशनल हाईवे 719 पर पिछले तीन वर्षों में मृत्यु परिवारों को उचित मुआवजा साथ ही इस क्षेत्र के किसानों पर सरकार के कर्ज को माफी और देश में युवाओं के लिए सरकार द्वारा लागू की गई अल्पकालीन अग्नि वीर योजना को तत्काल बंद कर स्थाई रूप से सेवा में भर्ती किए जानेक्षेत्र के




बेरोजगार नौजवानों को जैसे मुद्दों को लेकर या यात्रा प्रारंभ की जा रही है

यह प्रमुख मांगे हैं

आगामी 27 फरवरी से प्रारंभ होने वाली समाधान पद?यात्रा जो कि अपने पास सूत्री मांगों को लेकर प्रारंभ की जा रही है

ग्वालियर इटावा एकांकी मार्ग को सिक्स लेन मार्ग में परिवर्तित कर तत्काल एक्सप्रेस वे निर्माण किया जावे।

2. एन एच 719 मार्ग पर वर्तमान समय तक हजारों दुर्घटना प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा राशि प्रदान की जावे।

3 ग्वालियर चंबल अचल के समस्त जिलों में मध्य प्रदेश के अन्य जिलों की तरह पूर्णत: शराबबंदी की जावे।

4. अंचल के किसानों ?द्वारा सरकार से लिया गया कृषि संबंधित कर्जा माफ किया जावे।

5. देश में युवाओं के लिए सरकार दवारा लागू की गई अल्पकालिक अग्निवीर योजना को तत्काल बंद कर युवा नौजवान साथियों को स्थाई रूप से सेना में अती किया जावे

इन रास्तों से गुजरेगी समाधान पदयात्रा आगामी 27 फरवरी को मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश की सीमा से प्रारंभ होने वाली %समाधान पदयात्राॐ शुरु की जाएग जो की फूप भिंड मेहगांव गोहद मालनपुर ग्वालियर बामोर मुरैना जोधा बाबा आश्रम धौलपुर मनिया सैड्या रो रोहत बिछपुरी रायपुरा जाट बरारी आगरा मथुरा वृंदावन अकबरपुर छाता कोषी होडल पलवल सीकरी फरीदाबाद बदरपुरा बार्डर होते हुए निजामुद्दीन दिल्ली अशोका रोड राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी जी का बंगला तक पहुंचेगी।

# बल्ली का पक्के मकान का सपना होगा पूरा, जन-सुनवाई ने दिया सहारा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**ग्वालियर** -/-जिले के दूरस्थ ग्राम बरौआ निवासी श्री बल्ली गौड़ के पक्के घर का सपना जल्द ही साकार होगा। सरकार द्वारा संचालित जन-सुनवाई उनके सपने को पूरा करने का माध्यम बनी है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में पहुँचे बल्ली की पात्रता का जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार के माध्यम से परीक्षण कराया। इसके बाद बल्ली को बताया कि आपकी पात्रता बनती है। प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना के तहत आपको मकान बनाने के लिये धनराशि उपलब्ध कराई जायेगी। यह खुशखबरी सुनकर बल्ली गदगद हो गए और खुशी-खुशी अपने घर लौटे।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट में हुई जन-सुनवाई में 154 लोगों की सुनवाई हुई। कलेक्टर श्रीमती चौहान, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार, अपर कलेक्टर श्री कुमार सत्यम व श्री टी एन सिंह सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने एक ङ्क एक कर इन सभी की समस्यायें सुनीं। साथ ही सभी के आवेदनों के निराकरण के लिये कार्रवाई आगे बढ़ाई। जन-सुनवाई में प्राप्त हुए 154 आवेदनों में से 72 आवेदन दर्ज किए गए। शेष आवेदन 82 आवेदन आवश्यक टीप दर्ज कर विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में निराकृत करने के लिये सीधे ही दिए गए हैं।

एक महिला को आर्थिक मदद मिलने में आ रही तकनीकी बाधा भी कलेक्टर श्रीमती चौहान ने जन-सुनवाई में दूर करा दी। इस महिला के पति का निधन हो चुका था। पर गरीबी रेखा की सूची में महिला का नाम न होने से उसे परिवार सहायता व संबल योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था। परिवार के मुखिया का नाम होने पर शेष सभी सदस्यों का बीपीएल सूची में नाम होने का प्रावधान है। इस आधार पर कलेक्टर ने महिला का नाम बीपीएल सूची में शामिल कर उसे सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। ऐसी अन्य समस्याओं का समाधान इस बार की जन-सुनवाई में किया गया। साथ ही जमीन संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिये राजस्व अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देश दिए गए।

# 24 घंटे वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ होगा पार्थिव एवं महा शिवलिंग का निर्माण

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
9009601101



**ग्वालियर**-( महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान अचलेश्वर महादेव के सानिध्य में श्री जी अचलनाथ गार्डन में निशुल्क अखंड महारुद्र अभिषेक एवं पार्थिव शिवलिंग का निर्माण एवं पूजन तथा रुद्राक्ष वितरण का आयोजन किया जाएगा उक्त जानकारी कार्यक्रम संयोजक रवि चौबे श्रीमती ममता कटारे एवं आचार्य कान्हा पंडित जी ने आज एक पत्रकार वार्ता में दी उन्होंने जानकारी देते हुए बताया की ग्वालियर तथा उसके आसपास के क्षेत्र में पहली बार 24 घंटे निरंतर चलने वाले इस महाआयोजन में सभी नगरवासी पधारकर महारुद्र अभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित करें रुद्राक्ष वितरण का कार्यक्रम दो दिन बाद किया जाएगा उन्होंने बताया की महाकाल की नगरी उज्जैन व श्री धाम वृंदावन तथा शिव की नगरी काशी बनारस के प्रकांड विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ यह आयोजन संपन्न कराया जाएगा इस आयोजन में आचार्य डॉक्टर विकास त्रिपाठी आचार्य गौरव शर्मा आचार्य गगन कटारे पंडित संदीप पंडित सत्यम पंडित अंशु वी पंडित तान पंडित देव पंडित श्याम जी महाराज द्वारा इस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा श्री अचलनाथ मैरिज गार्डन वाटिका 24 घंटे शिवमय हो जाएगी उन्होंने बताया कि इस प्रकार का आयोजन ग्वालियर चंबल संभाग में पहली बार होने जा रहा है जिसमें हजारों भक्तगण लाखों पार्थिव शिवलिंग का निर्माण करके पूजन करेंगे वही सभी भक्तगणों के लिए प्रसादी वितरण का भी आयोजन रखा गया है

# शिक्षक संघ ने पुष्प गुच्छ देकर नवागत कुलगुरू का किया स्वागत



## योग्यता से होती है व्यक्ति की पहचानः कुलगुरू

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**ग्वालियर।** जीवाजी विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलगुरू डॉ.राजकुमार आचार्य के कार्यभार ग्रहण पर जीवाजी विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने कुलगुरू को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

व्यक्ति की पहचान उसकी कुर्सी से नहीं बल्कि उसकी योग्यता से होती है। हम सबसे पहले शिक्षक हैं इसलिए हमारा प्रथम दायित्व अपने शैक्षणिक कर्तव्यों को पूरा करना है। उक्त बातें नवागत कुलगुरू डॉ . राजकुमार आचार्य ने जेयू के गालव सभागार में शिक्षक संघ द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में कही।उन्होंने कहा कि शिक्षक का कोई वर्गीकरण नहीं होता,अतः सभी शिक्षकों का समान रूप से सम्मान है।

संघ के अध्यक्ष प्रो. जेएन गौतम के नेतृत्व में सचिव डॉ. नवनीत गरूड़,प्रो डी एन गोस्वामी,प्रो. डीसी गुप्ता,प्रो. मुकुल तेलंग ,प्रो. संजय गुप्ता,प्रो. विवेक बापट,प्रो. एसएन मोहापात्रा,प्रो. एसके श्रीवास्तव,प्रो. एमके गुप्ता,प्रो. एसके सिंह,प्रो. संजय कुलश्रेष्ठ सहित अन्य शिक्षकों ने कुलगुरू को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। वार्ता के क्रम में संगठन ने वर्तमान कुलगुरू से कहा कि विश्वविद्यालय के उत्तरोत्तर विकास में तथा शिक्षक, छात्र एवं शिक्षा के हित में संगठन सदैव आपके सहयोग में तत्पर रहेगा।

# हिमाचल प्रदेश की यादें समेटे खुशी खुशी लौटा नेहरू युवा केन्द्र मुरैना का प्रतिभागी दल

## अंतर्राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने करीब से देखी हिमाचल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
पंकज जैन



अम्बाह /मुरैना। नेहरू युवा केन्द्र व भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा 20 फरवरी से 24 फरवरी तक हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में आयोजित अंतर्राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में शिरकत कर नेहरू युवा केन्द्र मुरैना का दल मंगलवार को खुशी खुशी वापस लौट आया। दल के वापिस लौटने पर नेहरू युवा केन्द्र मुरैना की जिला युवा अधिकारी नेहा जादौन, रासेयो अधिकारी विजय शर्मा, दिलीप सुमन, रामविलास शर्मा और युवा प्रतिभागी दल के परिवारीजनों, इष्टमित्रों और शुभचिंतकों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में युवाओं ने क्षेत्रीय और राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर विषय विशेषज्ञों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों से संवाद के जरिए अपने विचार और अनुभवों को साझा किया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों की संस्कृति की झलक प्रस्तुत की । इस दौरान युवाओं को हिमाचल प्रदेश के प्रमुख स्थलों का भी भ्रमण कराया। जिसके अंतर्गत तहत सोला सिंगी धार, धार्मिक स्थल पीपलू , सदाशिव मंदिर,चामुखा महादेव मंदिर ,गुग्गा मंदिर, गरीब नाथ मंदिर, पर्यटन स्थल कोलका , गोविंद सागर झील, राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त नेहरू युवा मण्डल चुरडू का भ्रमण किया । जहां युवा मण्डल के पदाधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। इसी क्रम में प्रसिद्ध चिंतपूर्णी माता के दर्शन करने का भी सौभाग्य मिला। जहां मंदिर प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों को माता की चुनरी भेंट कर सम्मानित किया। मुरैना जिले के प्रतिभागी दल में अम्बाह से विपिन तोमर, चन्द्रभान शर्मा, पोरसा से गनपत सिंह तोमर, अमन भदौरिया, दिव्यांशी भदौरिया और मुरैना से नवनीत शर्मा ने शिरकत की ।कार्यक्रम के शुभारंभ में उपायुक्त जतिन लाल और समापन पर क्षेत्रीय विधायक सत्यपाल सिंह सत्ती का मार्गदर्शन मिला।

# केदारनाथ मंदिर की प्रतिकृति बनी खास कांवड़ सोरों से किसरौली धाम तक 220 कि मीटर की यात्रा

## महाशिवरात्रि पर किसरोली धाम पर होगा जलाभिषेक



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
पंकज जैन

**अंबाह ।** अम्बाह में पहली बार एक अनूठी कांवड़ यात्रा का आयोजन हो रहा है। हर हर महादेव टीम ने केदारनाथ मंदिर की थीम पर विशेष कांवड़ तैयार की है। टीम के सदस्य इस कांवड़ को उत्तर प्रदेश के सोरों के गंगा घाट से किसरौली धाम तक करीब 220 कि मीटर की यात्रा कर लेकर पहुंचेंगे।

यात्रा मार्ग पर भक्तों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। लोग कांवड़ की विशेष सजावट और लाइटिंग से आकर्षित होकर वीडियो और सेल्फी ले रहे हैं। पुलिस प्रशासन भी यात्रा को सुरक्षित संपन्न कराने में सहयोग कर रहा है। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर किसरौली धाम में महादेव की 108 शिवलिंगों का जलाभिषेक किया जाएगा। हर हर महादेव टीम के सदस्यों में कन्हई बोहरे, बृजकांत शर्मा, विजय उपाध्याय, रवि शर्मा ,आकाश शुक्ला, अमित व्यास, रोहित चौधरी, अमन मिश्रा, दीपक शर्मा, अमन शास्त्री, बंटी पंडित और अंकित शर्मा, गगन शर्मा, भोला शर्मा, यात्रा में शामिल हैं।

**किसरोली धाम माखन दास महाराज के नाम से विख्यात :** प्रसिद्ध संत बाबा माखन दास महाराज के प्रमुख तपोस्थली के रूप में विख्यात किसरोली धाम पर महादेव मंदिर में 108 शिवलिंगों पर केदारनाथ थीम पर बनी विशेष कांबड के गंगा जल से महाशिवरात्रि के दिन जलाभिषेक कराया जाएगा।

# राठौर क्षत्रिय समाज, मुरैना -जौरा एवं पहाड़गढ़ ब्लॉक का गठन, नई नियुक्तियां

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
पंकज जैन



**मुरैना।** राठौर क्षत्रिय समाज के संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जौरा एवं पहाड़गढ़ ब्लॉक का गठन किया गया तथा जिला एवं ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की सर्वसम्मति नियुक्ति की गई।

**पहाड़गढ़ ब्लॉक से जिला कार्यकारिणी नियुक्तियाँ :** कैलाशी राठौर जी ङ्क जिला उपाध्यक्ष श्री जगमोहन सिंह राठौर जी (कन्हार) ङ्क जिला उपाध्यक्ष श्रीनिवास राठौर जी ङ्क जिला संगठन मंत्री नरेश **सिंह राठौर जी ङ्क जिला मंत्री :** जौरा ब्लॉक से जिला कार्यकारिणी नियुक्तियाँ जिला उपाध्यक्ष- श्री रघुनाथ सिंह राठौर जिला मंत्री- श्री बीरबल राठौर जिला संगठन मंत्री- श्री महेश राठौर जी

ब्लॉक कार्यकारिणी (पहाड़गढ़) नियुक्तियाँ: बनवारीलाल राठौर जी ङ्क ब्लॉक अध्यक्ष, मुकेश राठौर महामंत्री, श्री अशोक सिंह राठौर जी कोषाध्यक्ष ब्लॉक कार्यकारिणी (जौरा) नियुक्तियां श्री मुनेश राठौर जी ङ्क ब्लॉक अध्यक्ष, मुकेश राठौर महामंत्री, नवाब सिंह राठौर कोषाध्यक्ष कार्यक्रम में विशेष उपस्थित सभी राठौर समाज जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर, जिला महामंत्री राजेन्द्र राठौर (कैलारस), जिला कोषाध्यक्ष सुरेश सिंह राठौर , श्री हरिओम राठौर (पार्षद), अवधेश राठौर (पार्षद), डॉ. रामलखन राठौर, श्री सुरेश सिंह राठौर, भावसिंह राठौर, धर्मेंद्र राठौर, (पूर्व जिला महामंत्री), रामकरन राठौर, दीपू राठौर, सुनील राठौर, मुरारी राठौर (बाबा), बीरबल राठौर, श्री महेश राठौर, मुरारी सिंह राठौर (ब्लॉक अध्यक्ष, पोरसा), राजू राठौर, रामनिवास राठौर, नरेश सिंह राठौर, श्री कैलाशी राठौर, श्रीनिवास राठौर, जगमोहन राठौर (कन्हार), आर. एस. राठौर, रामवीर सिंह राठौर, भूरे सिंह राठौर, विकास राठौर, जगदीश राठौर (जापथाप) सहित जिला एवं ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारीगण, वरिष्ठ समाजसेवी एवं समाज के सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे।

समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ दीं और विश्वास जताया कि वे समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाएंगे एवं संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएँगे।

समाज के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से अपेक्षा की जाती है कि वे नवगठित कार्यकारिणी को सहयोग प्रदान करें एवं समाज को सशक्त बनाने में योगदान दें। ब्लॉक कार्यकारिणी गठन हेतु शेष रहे ब्लॉकों की कार्यकारिणी गठन की दिनांक की घोषणा शीघ्र ही की जाएगी। राठौर क्षत्रिय समाज के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर सहयोग करें। समाज के उत्थान एवं विकास में भागीदारी सुनिश्चित करें। रामकरन सिंह राठौर(शिक्षक एवं जिला कार्यालय मंत्री, राठौर क्षत्रिय समाज, मुरैना)

# कांवड़ यात्रियों के लिए युवाओं ने किए खाने पीने की प्रसादी वितरण की

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से पुष्पेन्द्र तोमर



**पोरसा** उत्तरप्रदेश के शोरो घाट से कांवड़ भर कर ला रहे श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब लोग महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर गंगा जी का जल (कांवड़) ला रहे भोले बाबा पर जल चढ़ाने के लिए नगरा घाट होते हुए कई गांव के लोग अपने अपने गांव मंदिरों मै कांवड़ चढ़ाने के लिए ले जा रहे रास्ते में नगरा गांव के लोग कांवड़ यात्रियों को रोककर जल पान और चाय नाश्ता उपलब्ध करा रहे है ब कांवड़ यात्रियों का स्वागत कर रहे है इस कार्य में कुछ युवा मुख्य रूप से प्रसादी वितरण कर रहे है बबलु शर्मा , धर्मवीर, रिशु,दीपक सिंह, नारायण, विष्णु,नीतेश, कुलदीप, अंकित (अक्कू दादा),भोले, अश्वनी, सुनील, छोटू, मोनू,गौरव, सचिन, बेटू, विजय,रिंकू , पवन ब कई लोग कांवड़ यात्रियों की सेवा मै अपना योगदान दे रहे हैं

# ग्वालियर जिले में भी 8 मार्च को होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**ग्वालियर** ग्वालियर जिले में भी 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। कार्यपालक अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार यह लोक अदालत लगने जा रही है। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ग्वालियर श्री पी सी गुप्ता के मार्गदर्शन में इस साल की इस पहली नेशनल लोक अदालत की तैयारियां जारी हैं। नेशनल लोक अदालत में विद्युत मामलों के निराकरण पर विशेष छूट दी जायेगी।

**विद्युत के मामलों के निराकरण में मिलेगी विशेष छूट**

नेशनल लोक अदालत में आपराधिक, सिविल,वैवाहिक, मोटर दुर्घटना,चैक बाउंस, श्रम न्यायालय,उपभोक्ता मामले एवं अन्य प्रकरणों सहित विद्युत अधिनियम 2003 की धारा126 एवं 135 के अंतर्गत बनाये गये विद्युत उपभोक्ताओं के प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा ।

विद्युत से संबंधित प्रकरणों में राज्य शासन के ऊर्जा विभाग के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत में आकंलित सिविल दायित्व की राशि रूपये 10 लाख तक के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों पर 30 प्रतिशत एवं लिटिगेशन प्रकरणों पर 20 प्रतिशत छूट रहेगी। साथ ही आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले चक्रवृद्धि ब्याज की 100 प्रतिशत छूट प्रदान की जायेगी । ऐसे समस्त विद्युत उपभोक्ता जिनके प्रकरण विशेष न्यायालय ग्वालियर एवं डबरा में लंबित है अथवा न्यायालय में दर्ज किया जाना शेष हैं वे नेशनल लोक अदालत में दी जा रही छूट का लाभ प्राप्त कर अपने मामले का स्थाई निराकरण प्राप्त कर सकते हैं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आमजन से अपील की गयी है कि वे अपने मामलों का निराकरण 8 मार्च को आयोजित नेशनल लोक अदालत में कराकर नेशनल लोक अदालत के लिए प्रावधानित छूट का लाभ प्राप्त करें।

# निगमायुक्त ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, बरा पार्क एवं कचरा ट्रांसफर स्टेशन को देखा



**ग्वालियर।** मंगलवार को निगम आयुक्त संघ प्रिय ने वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, बरा पार्क एवं कचरा ट्रांसफर स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। निगमायुक्त सबसे पहले मोतीझील स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने तिघरा से आने वाले पानी को किस प्रकार फिल्टर किया जाता है, इसकी पूरी प्रोसेस देखी तथा संबंधित अधिकारियों को परिसर में साफ सफाई बनाये रखने के निर्देश दिए। इसके बाद निगमायुक्त ने बरा गांव में बरा लैंडफिल साइट को खत्म कर बनाए गए पार्क का निरीक्षण किया और इस प्रकार के स्थानों को चिन्हित कर पार्क विकसित करने के लिये कहा। इसके बाद निगमायुक्त ने लक्ष्मीगंज स्थित कचरा ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने घरों से ही गीला व सूखा कचरा अलग अलग लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि इसके लिए कचरा वाहनों पर चलने वाले हेल्पर को ट्रेनिंग प्रदान की जाए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त मुनीष सिंह सिकरवार, उपायुक्त अमरसत्य गुप्ता, अधीक्षण यंत्री जेपी पारा, सिटी प्लानर पवन सिंघल उपस्थित थे।

# व्यक्तित्व विकास सफलता की कुंजीः आर. एस. दिनकर





**गोहद।** शासकीय महर्षि अरविंद महाविद्यालय, गोहद में उद्यमिता विकास केंद्र मध्य प्रदेश (सेडमैप) जिला भिंड द्वारा रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जो 18 फरवरी से 13 मार्च 2025 तक चलेगा। इस कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के प्राचार्य ए. आर. सगर, करियर काउंसलिंग प्रभारी के. के. थापक एवं सेडमैप के जिला समन्वयक अश्वनी शर्मा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। व्याख्यान माला श्रृंखला के अंतर्गत 22 फरवरी को शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक एवं कैरियर मार्गदर्शक आर. एस. दिनकर ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए व्यक्तित्व विकास आवश्यक है, और इसके लिए आत्म जागरूकता तथा सकारात्मक गुणों का विकास करना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि आत्म-जागरूकता के लिए व्यक्ति को अंदर की यात्रा करनी होगी, ध्यान एवं एकाग्रता बढ़ानी होगी तथा आत्म-अवधारणा को समझना होगा। उन्होंने स्मार्ट लक्ष्य निर्धारण और प्रेरणा रणनीतियों के महत्व पर जोर दिया। साथ ही, आत्मविश्वास, दृढ़ता और भावनात्मक बुद्धि को विकसित करने की आवश्यकता बताई। श्री दिनकर ने प्रभावी संचार कौशल पर बल देते हुए कहा कि स्पष्ट, आत्मविश्वासपूर्ण और तकनीकी रूप से दक्ष संचार एक सफल व्यक्तित्व की पहचान है। उन्होंने छात्रों को ईमानदारी, सत्कर्म, दृढ़ इच्छाशक्ति और सम्यक संकल्प को अपनाने की सलाह दी।

# महाशिवरात्रि पर कोटेश्वर महादेव मंदिर में मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर करेंगे पूजा-अर्चना

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

ग्वालियर महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बुधवार को सुबह ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर कोटेश्वर महादेव मंदिर पर पूजा अर्चना करेंगे। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर बुधवार की सुबह 9.30 बजे कांच मिल न्यू कॉलोनी स्थित अपने निजी आवास से स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के साथ पदयात्रा करते हुए कोटेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेंगे। श्री तोमर यहां पर पूजा अर्चना करने के बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण करेंगे।

# 65 केन्द्रों में कक्षा 12वीं की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पादित हुई, कलेक्टर ने किया निरीक्षण






**12451 छात्रों में 175 विद्यार्थी परीक्षा से बनाई दूरी**

**सीधी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा का आयोजन 25 फरवरी से 25 मार्च 2025 तक किया जा रहा है। मंगलवार को हायर सेकेण्डरी कक्षा 12वीं की हिन्दी विषय की परीक्षा जिले के 65 परीक्षा केन्द्रो में आयोजित हुई जिसमें से 12451 दर्ज छात्रों में से 12276 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे, 175 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल नही हुये। परीक्षा में कानून व्यवस्था एवं परीक्षा की पवित्रता बनाये रखने एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिये कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा 16 पैनल गठित किये गये है। कलेक्टर द्वारा जिला उत्कृष्ट विद्यालय सीधी के परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया गया। परीक्षा व्यवस्था शांति पूर्वक एवं मंडल के निर्देशानुसार संचालित पायी गई। एस.डी.एम. मझौली आर.पी. त्रिपाठी द्वारा परीक्षा केन्द्र मझौली, एस.डी.एम. चुरहट शैलेश द्विवेदी द्वारा परीक्षा केन्द्र बालक चुरहट एवं कंधवार, एस.डी.एम. कुसमी प्रिया पाठक द्वारा भदौरा एवं कमछ परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया गया। तहसीलदार सीधी जान्हवी शुक्ला द्वारा सीधी शहर के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पी.एल. मिश्रा द्वारा परीक्षा केन्द्र कमर्जी, हटवाखास, सुडवार का निरीक्षण कर केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष को बोर्ड के निर्देशानुसार परीक्षा संचालित कराये जाने के निर्देश दिये गये।

कंट्रोल रूम प्राभारी राम कृष्ण तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके एवं व्यवस्थित रूप से संचालित है किसी भी परीक्षा केन्द्र में बाहरी दबाव नही है।

# जमोड़ी पुलिस नें अवैध रेत परिवहन करते 407 वाहन को किया जप्त

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ रविंद्र वर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी जमोड़ी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में जमोडी पुलिस नें अवैध रूप से रेत का परिवहन करने वाले आरोपी पर मामला दर्ज कर टाटा 407 लोडिंग वाहन जप्त किया है।

बताया गया कि थाना प्रभारी जमोडी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी को सोमवार को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम डेम्हा में सोन नदी से कुछ लोगो के द्वारा 407 से बालू का अवैध रूप से उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा है। सूचना तस्दीक करने हेतु थाना प्रभारी जमोडी द्वारा सउनि बीरभान साकेत के नेतृत्व में टीम का गठन कर रवाना किया गया जो पुलिस टीम हमराही स्टाप को साथ लेकर



ग्राम डेम्हा सोन नदी घाट पहुंची तो सोन नदी में वाहन टाटा 407 क्रमांक एमपी 5× जी ए 1760 में बालू फुल लोड हो चुकी थी पुलिस स्टाप को देख कर 407 वाहन का चालक सोन नदी से गाडी को लेकर भागने एवं छुपाने की कोशिश किया जो घाट चढते ही घेराबंदी कर ली गई जो चालक के द्वारा गाडी को वही पर छोड कर भाग गया वही पर सोन नदी में ही बालू लोड करने की सामग्री 0× नग फावडा एवं 10 प्लास्टिक की तगाडिया भी पड़ी थी। उक्त वाहन जो धीरज मिश्रा पिता अभिनंदन प्रसाद मिश्रा निवासी डेम्हा थाना जमोडी जिला सीधी का होना पाया गया, वाहन स्वामी एवं वाहन चालक के द्वारा किया गया यह कृत्य विभिन्न धाराओं के तहत दंडनीय होने से अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया है। उपरोक्त समस्त कार्रवाई में थाना प्रभारी जमोडी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी, सहायक उप निरी बीरभान साकेत, प्रधान आर लल्लू विश्वकर्मा, आरक्षक सतीश तिवारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# मझिगवां में नेत्र शिविर संपन्न



सीधी। सोमवार को अल्ट्राटेक वेलफेयर फाउंडेशन मझिगवां सीमेंट वर्क सीधी द्वारा बृहद नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र पिपराव विकासखंड रामपुर नैकिन में मेडिकल कॉलेज रीवा की टीम के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में 180 हितग्राहियों का नेत्र परीक्षण कर उचित सलाह एवं दवाइयां वितरित की गई साथ ही 119 हितग्राहियों को चश्मा हेतु चयनित किया गया एवं1× हितग्राहियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु चयनित कर नियत दिनांक को ऑपरेशन हेतु रीवा बुलाया गया। शिविर का शुभारंभ अल्ट्राटेक सीमेंट मझिगवां के यूनिट हेड बीपी सांगू एवं डॉक्टर योगेंद्र द्विवेदी मानव संसाधन प्रमुख के गरिमा मय उपस्थिति में हुआ। शिविर को सफल बनाने में दिनेश शर्मा प्रशासनिक विभाग पार्थ सारथी मंडल सी एस आर प्रबंधक संजीव मिश्रा, करुनोद पांडे, किरण पांडे, विक्रम सिंह एवं समस्त सी एस आर टीम के सहयोग से सिविर सफल हुआ

# पुलिस नें 2 नाबालिकों को खोज कर सौंपा परिजनो को

सीधी। पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती गायत्री तिवारी व एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन मे सीधी पुलिस नें 2 नाबालिकों को ढूंढकर परिजनों को सुपुर्द किया है।

बताया गया कि बहरी पुलिस नें महज 24 घंटों के भीतर गुमशुदा किशोरी को ढूंढकर परिजनों को सुपुर्द किया है। दिनांक 24 फरवरी को एक परिजन नें थाना बहरी उपस्थित होकर रिपोर्ट किया कि उनकी नाबालिक ब'ची लापता है। जिस पर मामला कायम कर बहरी पुलिस नें व्यावसायिक दक्षता एवं तकनिकी दक्षता तथा मुखबिर तंत्र का इस्तेमाल कर गुम किशोरी को महज 24 घंटों के भीतर ढूंढकर वैधानिक कार्रवाई उपरांत परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। समस्त कार्यवाही मे निरीक्षक राकेश बैस, सहायक उप निरीक्षक जयनारायण श्रीवास्तव, प्रभात तिवारी, महिला आरक्षक पिंकी दुबे व चालक आर दिग्विजय सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

इसी क्रम मे चुरहट पुलिस नें लगभग 1× दिवस पूर्व लापता हुई किशोरी को ढूंढकर परिजनों को सुपुर्द किया है। कार्रवाई मे थाना उप निरीक्षक अतर सिंह, ब्रजेन्द्र सिंह प्रधान आरक्षक मनमोहन, आरक्षक अमित तिवारी, बृजकिशोर शुक्ला महिला आरक्षक अंजू वर्मा, आकांक्षा सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# महाशिवरात्रि पर्व के लिए कार्यपालिक दंडाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई

**सीधी।** महाशिवरात्रि के दिन सीधी जिले के विभिन्न स्थानों में मेले का आयोजन होता है, जहां लोगों की काफी भीड़ एकत्र होती है। शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए अपर कलेक्टर अंशुमन राज द्वारा आदेश जारी कर दण्ड प्रक्रिया संहिता में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित स्थलों के लिए लगाई गई है।

जारी आदेशानुसार कोतवाली थाना सीधी अंतर्गत पूजा पार्क शिव मंदिर में प्रभारी नायब तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोपदबनास निवेदिता त्रिपाठी, जमोड़ी थाना सीधी अंतर्गत शिव मंदिर पड़रा में प्रभारी नायब तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी तहसील गोपद बनास तीरथ प्रसाद अक्षरिया, बहरी थाना सीधी अंतर्गत मौहार शिव मंदिर में नायब तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी तहसील बहरी इन्द्रभान सिंह, चुरहट थाना सीधी अंतर्गत बढ़ौरा शिव मंदिर में प्रभारी तहसीलदार /कार्यपालिक दण्डाधिकारी तहसील गोपदबनास सीधी जान्हवी शुक्ला, रामपुर नैकिन थाना सीधी अंतर्गत चंदरेह शिव मंदिर में प्रभारी नायब तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी रामपुर नैकिन जय प्रकाश पाण्डेय, मझौली थाना अंतर्गत चफौदी मंदिर में नायब तहसीलदार/ कार्यपालिक दण्डाधिकारी तहसील मझौली आशीष मिश्रा, कुसमी थाना अंतर्गत गणेश मंदिर में प्रभारी नायब तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी तहसील कुसमी नारायण सिंह ड्यूटी लगाई गई है।

तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं संबंधित कोटवारों को शांति एवं कानून व्यवस्था हेतु प्रत्येक स्थानों में सतत् निगरानी हेतु निर्देशित करें। जिला अंतर्गत पदस्थ समस्त कोटवारों को निर्देशित किया गया है कि दिनांक 26.02.2025 को नियत कर्तव्य स्थल पर यूनिफार्म के साथ कार्यपालिका दण्डाधिकारियों/चौकी प्रभारियों के समक्ष उपस्थिति दर्ज करायेंगे तथा उनके द्वारा सौंपे गये कार्य का निर्वहन करेंगे। उपखण्ड दण्डाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था एवं अन्य समस्त व्यवस्थाओं के लिए उत्तरदायी होंगे।

# नेशनल लोक अदालत के संबंध में की गई बैठक

सीधी। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में वर्ष 2025 में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालतों के क्रम में वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन दिनांक 08 मार्च 2025 को जिला न्यायालय सीधी तथा सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन एवं मझौली में किया जायेगा। दिनांक 08 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु मंगलवार दिनांक 25/02/2025 दिन मंगलवार को ए.डी.आर. सेंटर भवन मीटिंग हॉल में विशेष न्यायाधीश/प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत यतीन्द्र कुमार गुरू की अध्यक्षता में समस्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण एवं समस्त बीमा कंपनी के अधिवक्तागण के साथ प्रीसिटिंग बैठक का आयोजन किया गया।

उक्त बैठक में विशेष न्यायाधीश/प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत यतीन्द्र कुमार गुरू ने समस्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरणों को निर्देशित किया कि लंबित राजीनामा योग्य प्रकरण जिनमें पक्षकार के मध्य सहमति बन सकती है उसे लोक अदालत हेतु चिन्हित करें। श्री गुरू ने अधिवक्तागण को निर्देशित करते हुये कहा कि न्यायालय में लंबित आपराधिक, सिविल एवं बीमा कंपनी के राजीनामा योग्य प्रकरण को लोक अदालत हेतु चिन्हित करें ताकि आगे होने वाली प्रीसिटिंग बैठक में आवेदकों के मध्य चर्चा की जा सके।

# विधानसभा प्रश्नों का उत्तर भेजने संयुक्त कलेक्टर नोडल अधिकारी नियुक्त

**सीधी ।** मध्यप्रदेश शासन विभाग भोपाल के पत्र दिनांक 17.02.2025 के अनुसार विधानसभा बजट सत्र दिनांक 10 मार्च से 24 मार्च 2025 तक प्रारंभ है। विधानसभा प्रश्नों का उत्तर आँनलाइन विधानसभा ई-उत्तर पोर्टल पर समय-सीमा में प्रेषित कराये जाने के लिए अपर कलेक्टर अंशुमन राज द्वारा आदेश जारी कर प्रशान्त कुमार त्रिपाठी संयुक्त कलेक्टर जिला सीधी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। विधानसभा बजट सत्र दिनांक 10 मार्च से 24 मार्च 2025 तक प्रारंभ होने से प्रशासनिक कार्य सुविधा के दृष्टि से अवकाश दिवस में भी समस्त कार्यलय खुले रहेंगे तथा समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया गया है, कि विधानसभा प्रश्नों का उत्तर तैयार कर समय-सीमा में भेजने के लिए अपने स्तर से अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यिूटी लगाया जाना सुनिश्चित करें।

# पुलिस अधीक्षक ने शिकायत कर्ताओं की सूनी पीड़ा, यथाशीघ्र निराकरण के दिए निर्देश



**सीधी।** आम जनता की शिकायतों एंव समस्याओ के त्वरित निराकरण हेतु आज मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ रविन्द्र वर्मा द्वारा जन सुनवाई की गयी। जन सुनवाई में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लगभग ×0 से अधिक शिकायतकर्ता अपनी फरियाद लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आये थे, अधिकांश शिकायतें घरेलू एवं जमीन सम्बंधी विवाद से सम्बंधित थी।

पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त शिकायतकर्ताओं को संबंधित थाना प्रभारियों से वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के माध्यम रूबरू कराकर शीघ्र शिकायतों पर वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु आश्वस्त किया गया तथा जन सुनवाई में प्राप्त समस्त शिकायतों का त्वरित निराकरण समय सीमा मे करने हेतु सम्बंधित थाना प्रभारियो राजपत्रित अधिकारियों को निर्देर्शित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी अरविन्द श्रीवास्तव, एसडीओपी कुसमी सुश्री रोशनी ठाकुर, थाना प्रभारी महिला थाना निरीक्षक सुशीला वर्मा, थाना कोतवाली से उप निरीक्षक विवेक द्विवेदी, थाना प्रभारी जमोड़ी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी एवं कार्यालयीन स्टॉफ पुलिस सभागार में तथा अन्य राजपत्रित अधिकारी एवं थाना चौकी प्रभारी वीडियो कॉल के माध्यम से उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में अपर कलेक्टर ने सुनी 107 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

**सीधी ।** नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अंशुमन राज द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 107 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई में जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के ग्राम शिकारगंज से आये रघुवर



सिंह गोड़ ने अपने आवेदन पत्र के माध्यम से बताया कि कैंसर के कारण पैर काट दिया गया जिससे दिव्यांग होने के कारण चल नहीं पाता यदि ट्राइसाइकिल मिल जाए तो समस्या का निराकरण हो जाये। अपर कलेक्टर ने शिकायत का तत्काल निराकरण सामाजिक न्याय विभाग से कराया। साथ ही उनकी शारीरिक की स्थिति को देखते हुए रघुवर को ट्राई साइकिल प्रदान कराई। आज समस्या का त्वरित निराकरण होने पर रघुवर सिंह खुश और संतुष्ट दिखे।



# दो परीक्षा केंद्रों पर पांच स्कूलों के 486 विद्यार्थी हुए शामिल

दीपक तोमर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
खरगोन जिला ब्योरो चीफ



**मंडलेश्वर।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकंडरी परीक्षा के लिए नगर में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए है जिनमें नगर की दो शासकीय और तीन निजी स्कूलों के 486 विद्यार्थी शामिल हुए 05 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। महात्मा गांधी शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केंद्र के स्थानीय सहायक केंद्राध्यक्ष एवं प्राचार्य जे के सोनी ने बताया कि परीक्षा केन्द्र के लिए सी एम राइज स्कूल कसरावद के प्राचार्य कंचन सिंह डावर केंद्राध्यक्ष एवं वीरेन्द्र पटेल सहायक केंद्राध्यक्ष है कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अंतर सिंह डाबर की ड्यूटी लगी है।इस परीक्षा केंद्र पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडलेश्वर एवं श्री उमिया कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडलेश्वर की 273 छात्राएं मंगलवार को हिंदी का पेपर देने के लिए उपस्थित हुई। परीक्षा केंद्र पर 7 कक्ष एवं 1 हाल में परीक्षा आयोजित की गई है।नगर के दूसरे परीक्षा केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडलेश्वर में तीन स्कूलों के 213 परीक्षार्थी शामिल हुए।स्थानीय सहायक केंद्राध्यक्ष श्रीमती शबनम खान ने बताया कि परीक्षा केंद्र के लिए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसरावद की प्राचार्य मंजुला मुवेल केंद्राध्यक्ष सहायक केंद्राध्यक्ष राजाराम मंडलोई तथा कलेक्टर प्रतिनिधि चरण सिंह डावर है। इस केंद्र पर महात्मा गांधी शा बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय , एक्सलेंट हायर सेकंडरी स्कूल एवं सेंटपाल स्कूल के विद्यार्थियों परीक्षा दे रहे है।

# राजगढ़ में 12वीं बोर्ड परीक्षा शुरू: 62 केंद्रों पर 20 हजार छात्र दे रहे हिंदी का पेपर; सीसीटीवी से हो रही निगरानी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो चीफ देवीलाल कुशवाह राजगढ़



खिलचीपुर के उत्कृष्ट विद्यालय परीक्षा केंद्र पर सुबह 8 बजे से ही छात्र रोल नंबर देखने पहुंचे।

राजगढ़। राजगढ़ में आज से मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो गईं। पहले दिन हिंदी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। जिले के 62 परीक्षा केंद्रों पर 20 हजार से अधिक विद्यार्थी एग्जाम में शामिल हुए। इनमें 15 केंद्रों को संवेदनशील घोषित किया गया है। खिलचीपुर के उत्कृष्ट विद्यालय परीक्षा केंद्र पर सुबह 8 बजे से ही छात्र रोल नंबर देखने पहुंचे। सभी केंद्रों पर शांतिपूर्णपरीक्षा के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। अधिकारियों ने सभी केंद्रों का निरीक्षण कर कमियों को दूर करवाया। नकल रोकने के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। राजगढ़ एसडीएम रत्नेश श्रीवास्तव ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण।

%बिना दबाव के ईमानदारी से परीक्षा दें छात्र: शिक्षा विभाग के साथ राजस्व विभाग के अधिकारियों को भी निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक का है। प्रशासन ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे बिना किसी दबाव के ईमानदारी से परीक्षा दें।

# म.प्र. श्रमजीवी पत्रकार संघ तहसील इकाई का नवीन सदस्यता कार्ड वितरण कार्यक्रम संपन्न

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा



**महिदपुर।** म.प्र. श्रमजीवी पत्रकार संघ तहसील इकाई महिदपुर के नवीन सदस्यता कार्ड 2025 का वितरण कार्यक्रम स्थानीय विश्रामगृह पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्षता संभागीय सचिव जवाहर डोसी पीयूष ने की। विशेष अतिथि जिला सचिव नरेश शर्मा थे। विधायक दिनेश जैन बोस ने इस अवसर पर कहा कि पत्रकारों का यह विशाल संगठन बहुत ही जवाबदारी से अपना कर्तव्य निर्वहन करता है। इसके सदस्य समर्पण भाव से अपनी कलम के दायित्व को निभाते हैं। जन समस्याओं और सामाजिक दायित्व का बोध आप सभी को है। जिस किसी क्षेत्र में कोई कमी अगर नजर आती है तो आप मुझे बताएं,उस तरफ ध्यान देकर उसे सुधरवाया जाएगा।आपने कई योजनाओं की स्वीकृति के बारे में भी प्रकाश डाला। संभागीय सचिव जवाहर डोसी ने सभी पत्रकार बंधुओ को इस आयोजन के लिए बधाई दी और अपने-अपने दायित्व का निर्वाह सक्षम रूप से करने के लिए प्रेरित किया।

विशेष अतिथि जिला सचिव नरेश शर्मा ने भी सभी को इस आयोजन की बधाई देते हुए नए सदस्यों को अच्छे कार्यों के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी सदस्यों ने अतिथियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अरुण बुरड़, संयुक्त सचिव संजय राय, कार्यकारिणी सदस्य कमल बोहरा,संदीप वर्मा सहित ओम सोनी,अर्जुनसिंह ठाकुर आशुतोष छजलानी, विशाल शर्मा, लोकेंद्र सूर्यवंशी,रामेश्वर मालवीय, इमरान अली,संजय राय,अनंत शर्मा, मोहनलाल हेड़ा,दिलीप सेन,दिनेश वर्मा,संदीप वर्मा,कपिल वर्मा दिनेश डाबी,कुशालसिंह ठाकुर, राहुलसिंह सोलंकी, कन्हैयालाल सूर्यवंशी, सिद्धार्थ चौरडिया, जितेन्द्र सिंह राजपूत, राहुल कुमावत आदि सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष अरुण बुरड़ ने किया। आभार जिला संयुक्त सचिव संजय राय ने माना।

# गरोठ रोड के दोनों तरफ ठेकेदार ने गहरी खाई खोदकर मार्ग किया बंद,

केसरी हिंदुस्तान दिनेशवर्मा



किसानों का आवागमन हुआ मुश्किल, किसानों ने की शिकायत*खेड़ाखजुरिया- उज्जैन से गरोठ रोड का निर्माण किसानों के लिए आवेदन आफत बन रहा है। खेड़ाखजुरिया व कानाखेड़ी हरबंस में ठेकेदार द्वारा सड़क के दोनों तरफ गहरी खाई खोदकर मार्ग बंद कर दिया गया है जिसके कारण किसानों व ग्रामीणों का निकलना मुश्किल हो गया है। परेशान किसानों ने उक्त मामले की शिकायत अनुविभागीय अधिकारी महिदपुर को शिकायत की है । अनुविभागीय कार्यालय से किसानों को उक्त समस्या का उचित निराकरण करने का आश्वासन मिला है। मामले को लेकर कई किसान चिंतित और परेशान है कि वह अपने खेतों तक कैसे पहुंचेंगे । किसान रघुवीरसिंह परिहार , राजाराम, गिरधारीलाल, विक्रमसिंह, बबलू, गोकुलसिंह, कालुराम, जीवन, बापूलाल आदि किसानों ने संबंधित अधिकारियों से इस और ध्यान देकर उक्त समस्या का समाधान करने एवं उनके आवागमन करने के लिए सुनिश्चित मार्ग प्रदान करने की मांग की है ।

# प्रतिभावान मनुष्य अपने लक्ष्य को केंद्रित कर आगे बढ़ता है :जाधव

## सरस्वती शिशु मंदिर गंधवानी में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

दैनिक केसरिया से गोपाल राठौड़




**गंधवानी**-प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती जिन लोगों में कुछ कर गुजरने की चाहत और क्षमता है, उन्हें दूसरों का मुंह नहीं देखना पड़ता, प्रतिभावान मनुष्य अपना लक्ष्य, अपने ही बनाए मार्ग पर चलकर ही पाता है। प्रतिभा को अपना वर्चस्व दुनिया पर बनाने के लिए,किसी के सहारे और किसी की मदद की आवश्यकता नहीं होती उक्त बातें गंधवानी के सरस्वती शिशु मंदिर में मुख्य अतिथि रहे थाना प्रभारी अनिल जाधव ने कही उन्होंने बच्चो का हौसला बढ़ाकर बताया कि आप बड़े होकर किसी भी पद या जिम्मेदारी पर पहुँचो तो अनुशासन का पालन जरूर करना आगे उन्होंने विद्यालय परिवार की सराहना करते हुवे त्याग और समर्पण की प्रतिमूर्ति आचार्य व दीदियों को गरिमामय कार्यक्रम की बधाई दी साथ ही संस्था अध्यक्ष मोहनलाल पाटीदार ने सरस्वती शिशु मंदिर संस्था के कार्यो की भूमिका बताते हुवे कहा कि इस ग्रामीण क्षेत्र में विगत 34 वर्षों से संस्कार के साथ शिक्षा का बीजारोपण किया जा रहा है आज हमारे विद्यालय के बच्चे बड़े पदों पर आसीन होकर देश और समाज की सेवा कर रहे है ततपश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमो में हिस्सा लेने वाले भैया बहनों को प्रसस्ति पत्र,शील्ड,पानी बोतल आदि उपहार देकर सम्मानित किया गया विद्यालय के बच्चे खुश दिखाई दिए इस अवसर पर संघ के खण्ड माननीय संघचालक एवं विभाग गौशाला प्रमुख मनोहर डावर, जनजातीय विकास मंच के दिनेश सिंघार,सिसीबी के पूर्व जिलाउपाध्यक्ष शंकरसिंह निगवाल,सन्तोष डामर,व्यवस्था प्रमुख राकेश मोटसरा,सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश अलावा सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद थे बच्चो के साथ सभी का सहभोज कार्यक्रम हुआ कार्यक्रम का संचालन अभिषेक आर्य ने किया आभार संस्था प्राचार्य सोहन डावेल ने व्यक्त किया ।

# पुर्वी क्षेत्र बहिश्ती अब्बासी बिरादरी की वर्किंग कमेटी बनाई गई

दैनिक केसरिया जिला ब्यूरो हमीद कुरैशी



जिस में मोहम्मद सकील अब्बासी को उपाध्यक्ष मोहम्मद नईम अब्बासी को सचिव मोहम्मद रईस अब्बासी को कोषाध्यक्ष मोहम्मद आजम अब्बासी को सह सचिव फरहान अब्बासी को संगठन मंत्री सादाब हुसैन अब्बासी को सदस्य बनाएगे सभी नाए पदाधिकारी यों को पूवी छैत्र बहिश्ती अब्बासी बिरादरी के अध्यक्ष मोहम्मद अशफाक अब्बासी जी ने नियुक्ति पत्र दे कर व हार माला पहनाकर सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों को मुबारक बाद दी

# खरगोन के किसान ने राष्ट्रीय स्तर पर निमाड़ को किया गौरवान्वित


दीपक तोमर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान खरगोन जिला ब्योरो चीफ




**खरगोन।** भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र (आईसीएआर) नई दिल्ली द्वारा पूसा कृषि विज्ञान मेला 2025 का आयोजन 24 फरवरी को किया गया। जिसमें देश विदेश के अतिथियों को आमंत्रित किया गया एवं देश के लगभग 35 सक्रिय किसानों को नवोन्मेषि पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। जिसमें खरगोन जिले के सक्रिय किसान एवं नाबार्ड समर्थित गोगावा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के डायरेक्टर श्री मोहन सिंह सिसोदिया, बैजापुर को सघन विधि द्वारा कपास (एचडीपीएस कॉटन) की खेती में नवाचार एवं किसानों को जागरूक करने के लिए नवोन्मेषि पुरुस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने वक्तव्य में सरकार कि नीतियों कि प्रशंसा की और कहा कि नाबार्ड, कृषि विज्ञान केंद्र और कृषि विभाग के मार्गदर्शन में निमाड के किसानों की सक्रियता को अधिक बल मिल रहा है। जिससे कृषि क्षेत्र में विकास गति पकड़ रहा हैं। नई दिल्ली में उपस्थित सभी किसानों को अपने गोगावा एफपीओ के बारे में जानने समझने के लिए निमंत्रण दिया। जिससे जिले के कृषक अन्य राज्यों के उन्नतशील किसानों से मिले और तकनीक का आदान प्रदान करे। सम्मानित किए जाने पर बालकृष्ण पाटीदार,मानसिंह चौहान,गोवर्धन सिसोदिया, संतोष चौहान, जयराम चौहान, धीरेन चौहान,नरेंद्र सिंह सिसोदिया एवं अन्य बैजापुर परिवार ने शुभकामनाएं बधाई प्रेरित की।

# आठनेर ग्राम पंचायत कावला में सचिव बलराम बिहारे लगा रहे गुदगांव रेस्टोरेंट के बिल

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान शिबू विश्वकर्मा 9425623908



बैतूल।आठनेर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कावला में फर्जी बिल भुगतान कर भ्रष्टाचार किया जा रहा है आवेदक ने जनपद में की शिकायत।

आवेदक अशोक सोनारे ने बताया ग्राम पंचायत कावला में मोटर पंप संधारण नलजल मरम्मत, बिजली बिल भुगतान, सेग्रीगेशन शेड निर्माण कार्य में फर्जी बिल भुगतान कर राशि गबन की गई है जिसमें शिकायत क्रमांक 1 - सेग्रीगेशन शेड निर्माण कार्य में पप्पू बराहे को 15,000 रुपए का फर्जी बिल भुगतान किया गया है, 2 - ग्राम पंचायत कावला में वर्ष 2022/23 में मोटर पंप संधारण एवं मरम्मत कार्य के नाम पर टेंट बिछायत व्यवस्था का 17,840 रुपए का फर्जी बिल , जयगुरूदेव रेस्टोरेंट गुदगांव का 7000 रुपए का फर्जी बिल, मतदान केंद्र पर दीवार लेखन 13,500 रुपए का मेघराज अहाके को फर्जी बिल भुगतान किया, टेंट बिछायत 25,000 रुपए मेंगराज मर्सकोले को फर्जी बिल भुगतान किया, बोर्ड बनवाई मेघराज अहाके 8,500 रुपए का फर्जी बिल भुगतान किया,

3 - विगत वर्ष 2023/24 मे पाईप लाईन मरम्मत के नाम पर फ्लेक्स क्रय संजय जितपुरे को 32,000 रूपए का फर्जी बिल भुगतान किया, स्टेशनरी क्रय आनंद स्टेशनरी दिनेश अड़लक को 10,262 रुपए का फर्जी बिल भुगतान किया, मोबाइल रिचार्ज हरिओम कंप्यूटर आठनेर को 6,825 रुपए का फर्जी बिल भुगतान किया गया।

4 - नलजल बिजली बिल 18,900 रुपए जय गुरुदेव रेस्टोरेंट गुदगांव, बद्रीनाथ मोटर रिवाइंडिंग कोपरा 36,000 का फर्जी बिल भुगतान किया गया है। आवेदक ने सभी फर्जी बिलों और निर्माण कार्यों की निष्पक्ष जांच कराने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आठनेर को आवेदन दिया है एवम् ग्राम पंचायत के सचिव के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की गई है।

# श्रीधर्महरि चित्रगुप्त मंदिर कटनी में महाआरती संपन्न

राजेंद्र खरे कटनी



बग्गा बाबा की तलैया स्थित श्री धर्म हरि चित्रगुप्त मंदिर कटनी में प्रति रविवार की भांति इस रविवार दिनांक 23.02.2025 को भी डॉ अखिलेश श्रीवास्तव जी के सौजन्य से महाआरती बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुई इस अवसर पर समग्र का समाज के अध्यक्ष के अध्यक्ष अशोक खरे सहित बड़ी संख्या में चित्रांश एवं चित्रांशी उपस्थित रहे।

# महामहिम राज्यपाल 27 फरवरी को कोठी गांव में पी. एम. जनमन योजना के हितग्राहियों से करेंगे संवाद

राजेंद्र खरे कटनी



राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल गुरुवार 27 फरवरी को कटनी जिले के विकासखण?ड ढीमरखेड़ा के कोठी गांव के संक्षिप्?त प्रवास पर रहेंगें।

राज्?यपाल श्री पटेल का शुक्रवार को प्रात 9 बजे खजुराहो एयरपोर्ट से हेलीकॉप्?टर द्वारा प्रस्??थान कर प्रात 9:20 बजे कटनी जिले के दादर सिहुड़ी हेलीपैड पर आगमन होगा। हेलीपैड से श्री पटेल प्रात 10:20 बजे कार द्वारा कोठी गांव पहुँचेंगें। यहां वे प्रात: 10:20 बजे से प्रात 11:25 बजे तक पीएम जनमन आवास योजना के हितग्राहियों से संवाद करेंगें। तदुपरांत वे यहां हेलीपैड दादर सिहुड़ी से हेलीकॉप्?टर द्वारा प्रात 11:40 बजे उमरिया जिले के भरौला हेलीपैड के लिये प्रस्?थान करेंगें।

# थाली और ताली बजाकर राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने दिया तहसीलदार को ज्ञापन ,भुगतान ना मिलने तक किसानो का अनिश्चित कालीन धरना-प्रदर्शन

आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**सनावद**-व्यापारी अखिलेश पिता राधेश्याम मालाकार ने किसानो से की थी 2 करोड़ 65 लाख रुपये की ठगी

लगभग 15 माह बीत जाने के बाद भी 70 किसानों को अपनी बेची गई फसलों का भुगतान नहीं मिल पा रहा है जिसे लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के सदस्यों और किसानो के द्वारा तहसील कार्यालय मे अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है किसानों का आरोप है कि हमारी फसलों का भुगतान नहीं मिल पाने के कारण हमें आर्थिक संकट से गुजरना पड रहा है और शासन प्रशासन हमारी ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है जिसके कारण वश हमें धरना प्रदर्शन के लिये अग्रसर होना पड़ा । वहीं तहसीलदार मुकेश मचार का कहना है कि व्यापारी जेल में हैं और यह प्रकरण न्यायालय मे चल रहा है न्यायालय से जैसे ही हमें कोई आदेश प्राप्त होगा हम उस पर कार्यवाही करेंग

# एक शिक्षक ने किया गांव का नाम क्या रोशन : नाम घनश्याम गुप्ता

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**अंकित ठाकुर की रिपोर्ट**



तहसील सतवास के नगर लोहारदा के कोटखेड़ा प्राइमरी स्कूल में अवलोकन करने पहुंचे जयस छात्र संगठन संभागीय प्रभारी धर्मपूर्वी कृष्णा मर्सकोले स्कूल के प्राचार्य मिश्री लाल नर्रे के साथ मिलकर पहली से पांचवीं के बच्चों से मुलाकात की सभी बच्चों ने अपनीङ्कअपनी कक्षा के अनुसार अपनी पढ़ाई केसे चल रही है उसके बारे बताया ,किसी ने बीजांक निकालकर बताया ,किसी ने अंग्रेजी की किताब में से कविता पढ़ कर बताया,किसी ने जोड़ङ्कघटाव, गुणाङ्कभाग,गिनतीङ्कपहाड़ा, बताया ,इन सब में पहली के बच्चों का स्तर बहुत अच्छा था,पहली कक्षा में पढ़ रहे नन्हे मुन्ने बच्चों ने अभिवादन करते हुए अतिथि गीत गाकर स्वागत किया ,साथ ही सामान्य ज्ञान की कई सारी बातें बताएं जिस की स्कूल में पहुंचे सभी लोग मंत्र मुक्त हो गए । बच्चों से ओर चर्चा करने पर पता चला कि ये सब उनके शिक्षक घनश्याम जी गुप्ता की कड़ी मेहनत और लगन का प्रतिफल है घनश्याम गुप्ता जी के कार्य काल में बहुत ही अच्छी पढ़ाई हो रही है वे

बच्चों का शिक्षा स्तर सुधारने के लिए और स्कूल में स्वचालित व्यवस्थाओं में सुधार के लिए बहुत ही लग्नशील और मेहनती हैं व अलग से समय देने का प्रयास करते है और वो 2015 से कोटखेड़ा प्राइमरी स्कूल में पदस्थ हैं 2015 के पहले कोटखेड़ा प्राइमरी स्कूल की व्यवस्थाएं व पढ़ाई का स्तर बहुत ही खराब था।घनश्याम जी गुप्ता के आने से बच्चों की पढ़ाई में बहुत सुधार आया है आज के समय में कक्षा पहली के बच्चों को हिंदी अंग्रेजी और गिनती पहाड़े पढ़ना आते है और उनके परिवार वाले भी स्कूल की पढ़ाई से संतुष्ट है परिवार जनों का कहना है कि यहां पर कक्षा पहली से ही बच्चों की न्यू मजबूत करते हैं ताकि बच्चा शिक्षा के क्षेत्र में कहीं से कहीं ना रुके उदाहरण के लिए मकान की जितनी न्यू मजबूत होती है वही मकान अक्सर तूफान में टिकते हैं और घनश्याम गुप्ता सर आने के बाद से स्कूल में बच्चों की संख्या बढ़ोतरी हुई है। साथ ही सतवास तहसील के अंदर सबसे अच्छा स्कूल कोटखेड़ा के प्राइमरी स्कूल को बताया जिसमें शिक्षक समय से आते हैं साथ ही बच्चों की शिक्षा के सुधार के लिए नए-नए प्रयास शिक्षकों द्वारा किए जाते हैं जिसमें घनश्याम जी गुप्ता के अहम भूमिका रहती है।

शिक्षक के बारे में हमने बच्चों से पूछा

तब बच्चों ने शिक्षक के बारे में बताया

1 ) बच्चों का पढ़ाई में रुचि लाना।

2) कमजोर छात्र पर ध्यान देना ।

3) छात्रों के समस्त समस्या व सवालो का जवाब देना ।

4) सभी छात्रों में समान व्यवहार करना

5) सरल से सरल शब्दों में बच्चों को समझाना

6) स्टूडेंट को खेल व अन्य गतिविधियों के लिए प्रेरित करना इस तरह बच्चों ने बताया।

साथ ही दुखी मन से यह भी बताया कि घनश्याम जी गुप्ता का किन्हीं कारणों से अन्य किसी जगह ट्रांसफर होने जा रहा है ऐसे में हमारी की पढ़ाई में का क्या होगा । बच्चों ने आखिर में कहा कि सर का जाना हमे अच्छा नहीं लग रहा है,कृपया कर के आप हमारी मदद करें और सर यही पर रोक लेवे। परिवार के लोगों का भी यही कहना है,बच्चों की बात सुनकर कृष्ण मर्सकोले ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी बात को वह गंभीरता से लेंगे और सर को कहीं भी नहीं जाने देंगे। और उच्च अधिकारी से इस मामले लेकर बात करेंगे।

# न्यू आर्या एकेडमी हाईस्कूल पनवार में वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**भुईमाड़।** सीधी जिले के पनवार स्थित न्यू आर्या एकेडमी हाईस्कूल में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पवन मिश्रा, अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति, शासकीय महाविद्यालय मझौली, एवं अध्यक्षता उदय भान सिंह ने की, जबकि विद्यालय संचालक विष्णुकांत वेदांती विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें नृत्य, गायन एवं नाट्य मंचन प्रमुख आकर्षण रहे। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से प्रस्तुतियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि पवन मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह वार्षिक उत्सव न केवल उनकी शैक्षणिक



उपलब्धियों का प्रतीक है, बल्कि खेल-कूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उनकी सहभागिता को भी दर्शाता है। उन्होंने छात्रों से पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक कार्यों में भी रुचि लेने का आह्वान किया। विद्यालय संचालक विष्णुकांत वेदांती ने कहा कि छात्र ही देश एवं समाज की भावी पीढ़ी हैं, जिन्हें माता-पिता एवं गुरुजनों से अच्छे संस्कार व आचरण सीखना चाहिए ताकि वे राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का आधार बन सकें। विद्यालय के प्राचार्य ऊषय तिवारी ने भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को इनके संरक्षण एवं अनुसरण हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिकाएँ सुनीता सिंह, कमला सिंह, शिवानी सिंह, आंचल सिंह, प्रज्ञा सिंह एवं शिक्षक यस पाण्डेय, सौरभ सिंह सहित समस्त विद्यालय

# कड़ी निगरानी में शुरू हुई परीक्षा




**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**पत्रकार प्रेम सिंह कुशवाहा**

नजीराबाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नजीराबाद बड़ी निगरानी में पेपर करवा जा रहे हैं पुलिस की ओर से एक बड़ी जिम्मेदारी से पेपर करवाए जा रहे हैं नजीराबाद पुलिस ने बताया है बड़ी जिम्मेदारी से पेपर करवाए जा रहे हैं नजीराबाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नजीराबाद बड़ी संख्या मे लोग भी हैं नजीराबाद

# पहले दिन बारहवीं के पेपर में 8 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा**

**तेंदूखेड़ा** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार से हायर सेकेण्डरी स्कूल की परीक्षाएं शुरू हो गई है। तेंदूखेड़ा क्षेत्र से नौ परीक्षा केंद्रों में पहले दिन हिंदी के पर्चा में 08 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।कुल 1121 छात्रों में 1113 छात्र छात्राएं ही उपस्थित रहीं। इनमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी राजमार्ग परीक्षा केंद्र में सर्वाधिक 05 छात्र तेंदूखेड़ा के कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र से 02 और चांवरपाठा उत्कृष्ट विद्यालय परीक्षा केंद्र में मात्र एक छात्र अनुपस्थित रहा। जबकि सभी केंद्रों पर लगभग सभी परीक्षार्थी उपस्थित रहे। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।



परीक्षार्थियों को बैठने से लेकर पीने के पानी की समुचित व्यवस्थाएं की गई थी। निर्धारित समय से ही पूर्व परीक्षार्थी केंद्रों पर पहुंच गये थे। चूंकि पहले दिन बैठक व्यवस्था और आवश्यक परीक्षा कार्रवाई की दृष्टि से पहुंचना जरूरी था। हमारे प्रतिनिधि को परीक्षार्थियों ने बताया कि पहले दिन हिंदी का पेपर सरल आया था सभी छात्रों ने मन लगाकर पर्चा हल किया। तेंदूखेड़ा के दोनों परीक्षा केंद्रों पर 22 कक्षों में 28पर्यवेक्षक तैनात किए गए थे।

**सड़कों पर सुरक्षा की जरूरत :** तेंदूखेड़ा तहसील मुख्यालय पर जहां हाईस्कूल और हायर सेकंडरी प्रमाण पत्र परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। वहीं कुछ ग्रामीण क्षेत्रों से भी कक्षा पांचवीं और आठवीं कक्षा के परीक्षा केंद्र तीन अलग-अलग स्कूलों में बनायें गये हैं। इनमें सभी केंद्र मुख्य सड़क मार्ग को क्रास करके ही छात्रों को आना जाना पड़ता है लेकिन इनमें बड़े छात्र छात्राएं तो सुरक्षित आवागमन कर लिया करते हैं बाकी छोटे छोटे बच्चों पांचवीं और आठवीं के छात्र देखा-देखी और जल्दबाजी के चक्कर में भारी बाहनों के बीच सीधे सड़क फांदकर निकलते हैं।इनकी सुरक्षा को देखते हुए जहां अविभावकों को आगे आने की जरूरत है वहीं पुलिस व्यवस्था भी आवश्यक है। केंद्र अध्यक्षों को भी चाहिए कि इन बच्चों के पालकों को साथ ले जाकर छोड़ने तक के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

# शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास पथरिया का निरीक्षण



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान-**

**पुरषोत्तम साहू**

**दमोह/ पथरिया** शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास पथरिया का निरीक्षण कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में मुकेश कुमार द्विवेदी जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र दमोह,एन सिंह ठाकुर सहायक संचालक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय दमोह एवं जिनेन्द्र जैन बीआरसी द्वारा किया गया। छात्राओं से व्यवस्थाओं के संबंध में पूछताछ की गई, छात्राओं ने बताया कि तीन रिमेडियल टीचर्स पढ़ाने सुबह और शाम आते हैं, सभी रसौईया मीनू अनुसार भोजन, नाश्ता आदि तैयार करते हैं,हम सभी समय-समय से विद्यालय आते जाते हैं, छात्रावास पथरिया में राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के आदेशानुसार सभी सुविधाएं हम सभी छात्राओं को मिलती हैं, सहायक वार्डन रमा दुबे ने छात्रावास परिसर व अन्दर का निरीक्षण करवाया , तीनों अधिकारियों ने छात्रावास का गहन निगरानी सहित निरीक्षण किया कहीं पर कभी नहीं पाई गई। जिला परियोजना समन्वयक द्वारा तथा सहायक संचालक द्वारा उषा करकरे वार्डन सहित समस्त स्टाफ की भूरी भूरी प्रसन्नता जाहिर की गई।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में होंगे विविध आयोजन



**संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा**

तेंदूखेड़ा देवाधिदेव महादेव के विवाहोत्सव का महापर्व महाशिवरात्रि पर्व को लेकर आज नगर एवं आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में भी महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाये जाने की व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है। सभी शिवालयों में विद्युत साज सज्जा की गई है। तथा नगर में भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली जायेगी जगह जगह शिवाभिषेक भजन कीर्तन संपन्न होंगे। क्षेत्र के प्रतिष्ठित शूलपाणेश्वर मंदिर में सुबह से ही श्री राम नाम संकीर्तन किया जायेगा। तथा ककरा घाट से पुण्य सलिला मां नर्मदा का जल लेकर कांवर यात्रा शिवधाम शूलपाणेश्वर मंदिर कुटी ग्राम खमरिया पहुंचेंगे जल चढ़ाकर अभिषेक पूजन अर्चन संपन्न होगा। साथ ही श्री हनुमान मंदिर दादा दरबार में भगवान भोलेनाथ की प्राण-प्रतिष्ठा होगी। जगह जगह अखंड रामायण पाठ सुंदरकांड पाठ आयोजित किए जायेंगे।

# भगोरिया पर्व को लेकर प्रशाशन ने आयोजित की शांति समिति की बैठक

## अधिकारियों ने कहा महिला सुरक्षा से कोई समझौता नहीं, चप्पे चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर

**हरीश सोनी केसरिया हिंदुस्तान**

**जोबट।** आदिवासी लोक संस्कृति के महापर्व भगोरिया का आगाज आगामी 7 मार्च से होने वाला है। जहां एक ओर जिलेवासियों में इसे लेकर खासा उत्साह है, वहीं पर्व को लेकर प्रशाशन भी मुस्तैद नजर आ रहा है। भगोरिया के मद्देनजर मंगलवार को स्थानीय एसडीएम कार्यालय के सभागृह में एसडीएम अर्थ जैन, एसडीओपी नीरज नामदेव व तहसीलदार सुनील राणा के मार्गदर्शन में थाना शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज प्रमुख, जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी तथा अनुभाग के समस्त थाना



प्रभारियों को बुलाया गया। एसडीएम अर्थ जैन ने भगोरिया पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सभी से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए, उन्होंने कहा आलीराजपुर जिले के लिए भगोरिया एक विशेष पर्व है। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना इस पर्व में न हो इसके लिए उन्होंने सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन कैमरे, बिजली, पानी आदि व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

एसडीओपी नीरज नामदेव ने कहा कि हमारे लिए महिला की सुरक्षा सर्वोपरि है, महिला सुरक्षा को लेकर कोई समझौता नहीं होगा। यदि कोई बदमाश महिला या बच्चियों के साथ छेड़छाड़ या गलत हरकत करता है तो उसे कतई बक्शा नहीं जाएगा। सुरक्षा के लिए पुलिस द्वारा भगोरिया पर्व में पुख्ता इंतजाम जाएंगे। मेला स्थल पर सीसीटीवी कैमरों के अलावा ड्रोन कैमरों से भी पुलिस नजर रखेगी। मेला स्थल पर पुलिस सहायता मंच रहेगा। हमारे जवान सिविल ड्रेस में असामाजिक तत्वों पर नजर रखेंगे। बैठक में जोबट थाना प्रभारी विजय वास्कले, बोरी थाना प्रभारी नेपाल सिंह चौहान, सीएमओ संतोष राठौड़, जनपद सीईओ माया बरिया तथा नगर के गणमान्यजन व पत्रकारगण उपस्थित रहे।

# थाना लहार पर शिव रात्रि पर्व को लेकर शांति समिति ओर डीजे वालों की बैठक सम्पन्न



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान**

थाना प्रभारी लहार रविन्द्र शर्मा ने श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ असित यादव जी , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव पाठक जी के निर्देश अनुसार तथा एसडीओपी लहार श्री प्रवीण त्रिपाठी जी के मार्गदर्शन में शिव रात्रि पर्व पर वनखण्डेश्वर महादेव, ओर तालेश्वर महादेव पर लगने वाले मेलो को शांति पूर्वक संपन्न करवाने हेतु थाना परिसर लहार में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया । बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने डीजे वालों को हाई स्कूल ओर हायर सेकेंडरी की परीक्षाओं के कारण ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर रोक को लेकर जारी आदेश का हवाला देकर डीजे नहीं बजाने की हिदायत दी ।

# जनक सिंह ने पुलिस अधीक्षक राय सिंह नरवरिया को दिया ज्ञापन



प्रार्थी जनक सिंह तनय धनीराम खंगार उम्र 32 साल निवासी सकेरा भडारन खास जिला निवाडी म0प्र0। श्रीमान जी से विनम अनुरोध है कि मेरी पत्नी श्रीमती सोनम देवी जो दिनांक 28.01.2025 को निवाडी आगनवाडी कार्य से गई हुई थी लेकिन जब वह देर रात तक घर नहीं पहुंची तो मे तथा मेरे रिस्तेदारों द्वारा काफी खोज बीन की लेकिन किसी भी प्रकार से कोई भी जानकारी नही मिली जिसकी सूचना मेरे द्वारा पृथ्वापुर थाने में दी और एफ आई आर दर्ज कराई लेकिन आज दिनांक तक मेरी पत्नी के बारे में कोई जानकारी नही मिली व मेरे दो छोटे से ना0ब0 बच्चे है जो घर पर ही है जो कि दिन रात मा की राह देखते देखते रो पडते है। श्रीमान जी से विनय है कि मेरी पत्नी की जानकारी दिलाये जाने की क्रपा करे

# सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में दबोह-आलमपुर अब्बल,संभाग स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर ए-ग्रेड किया हासिल

**दबोह-** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अंतर्गत संचालित सी.एम. हेल्पलाइन (181)में दर्ज शिकायतों के निराकरण में नगर परिषद दबोह और आलमपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। दोनों नगर परिषदों ने फरवरी 2025 में 100 प्रतिशत वेटेज स्कोर प्राप्त कर संभाग स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया और ए-ग्रेड% हासिल किया।

**संयुक्त संचालक ने की प्रशंसा :** संयुक्त संचालक,नगरीय प्रशासन एवं विकास,ग्वालियर-चंबल संभाग सविता प्रधान गौड़ ने नगर परिषद दबोह और आलमपुर के इस उल्लेखनीय प्रदर्शन की सराहना की है।उन्होंने प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रमोद बरूआ और सी.एम. हेल्पलाइन पर कार्यरत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की मेहनत की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह उनकी लगन और समर्पण का ही परिणाम है कि दोनों नगर परिषदों ने संभाग स्तर पर यह उपलब्धि प्राप्त की है।ज्ञात रहे कि दोनों ही परिषदो का प्रभार सीएमओ प्रमोद बरुआ पर ही है।

**जनसमस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर :** संयुक्त संचालक ने आगे कहा कि सी.एम. हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतों का शीघ्र और प्रभावी समाधान जनता की संतुष्टि के लिए



अत्यंत आवश्यक है।नगर परिषद दबोह और आलमपुर ने इस दिशा में उत्कृष्ट कार्य किया है,जिससे नागरिकों को राहत मिली है।

भविष्य में भी उत्कृष्ट कार्य की अपेक्षा

सविता प्रधान गौड़ ने आशा व्यक्त की कि आगे भी इसी निष्ठ और समर्पण के साथ कार्य करते हुए नगर परिषदें अपने निकाय को सर्वोत्तम स्थान पर बनाए रखेंगी। उन्होंने इस सफलता पर बधाई देते हुए, इसे अन्य निकायों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। नगर परिषद दबोह और आलमपुर की यह उपलब्धि साबित करती है कि बेहतर प्रशासनिक प्रयासों और त्वरित शिकायत निवारण प्रणाली से आमजन को वास्तविक लाभ पहुंचाया जा सकता है।

इनका कहना

नगर परिषद दबोह एवं आलमपुर द्वारा सी.एम. हेल्पलाइन(181) पर प्राप्त शिकायतों के 100 प्रतिशत समाधान के साथ संभाग स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करना न केवल हमारे नगर परिषद के लिए गर्व का विषय है,बल्कि यह हमारी पूरी टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण भी है।इस उपलब्धि का श्रेय उन सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को जाता है।जिन्होंने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लिया और उनका समय पर एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया।यह सफलता हमारे दायित्वबोध और सेवा भावना को दर्शाती है।शासन एवं विभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन ने हमें लगातार प्रेरित किया है और इसी सहयोग के कारण हम इस मुकाम तक पहुंचे है।हमारा प्रयास रहेगा कि भविष्य में भी नगर की जनता को शीघ्र,पारदर्शी और प्रभावी सेवाएँ प्रदान करें।हम नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए अपनी कार्यशैली को और अधिक सशक्त बनाएंगे,जिससे नगर परिषद दबोह एवं आलमपुर प्रदेश में एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत कर सके।हम विभाग की सराहना और विश्वास के लिए आभारी है और आगे भी इसी निष्ठा से कार्य करते रहने के लिए प्रतिबद्ध है।

# नगर पालिका में हो रहे भ्रष्टाचार की जांच करने के लिए विधायक बाबू जंडेल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर को आवेदन दिया

**नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001**

**श्योपुर** विधायक बाबू जंडेल के नेतृत्व में मंगलबार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्योपुर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि नगर के नागरिको की सुविधाओ एवं समस्याओ के समाधान के लिये गठित हैं उसके जनसामान्य की समस्याओं के एवं नागरिको के सामान्य कार्यों को समय पर निपटारा करने के बजाय जनता के कार्यों को लटकाये रखना एवं जनता को परेशान करना एवं छोटे छोटे कामो के करने के के बदले दबाव बनाकर पैसे वसूल करना आम बात हो गई है। इस कारण नगर पालिका परिषद के साथ साथ सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है। नगर पालिका के वरिष्ठ अधिकारियो द्वारा नागरिको के साथ अभद्रता पूर्ण व्यवहार करना भी आम बात हो गई है। इस कृत्य में ऐसा प्रतीत होता है कि नगर पालिका अध्यक्ष महोदय एवं अपने पति श्री सुजीत गर्ग का भी नगर पालिका अधिकारियो को खुला संरक्षण प्राप्त है। नगर पालिका अध्यक्षा महोदया का जनता से कोई सरोकार नहीं रह गया है, अध्यक्षा महोदया जन सामान्य की सुविधाओ एवं समस्याओ को अनदेखा कर रही है। इस सम्बन्ध में अनुरोध में निम्न बिन्दुओ के साथ प्रस्तुत है

यह कि नगर पालिका अध्यक्षा महोदया ने नगरपालिका राशि में से लाखो रूपये व्यय करके अपने स्वंय के निवास हेतु बगला बना लिया है। तथा उस बंगले में परिवार सहित निवासरत् है। जबकि नगर पालिका परिषद के अध्यक्षा या पार्षद को आवास प्रदाय करने का कोई नगरपालिका अधिनियम के तहत अधिकार एवं पात्रता नही हैं ओर ना हि कोई प्रावधान म0प्र0 शासन ने दिये है। इस सम्बन्ध में म0प्र0 विधान सभा में माननीय श्योपुर विधायक जी द्वारा उठाये गये एक प्रश्न क्र. 103 (क्र. 1420) के उत्तर में माननीय नगरीय विकास एवं आवास मंत्री जी ने बताया कि प्रदेश में नगरीय निकाय अध्यक्ष को आवास आवंटन किये जाने हेतु शासन के कोई दिशा निर्देश नहीं है। इसके उपरान्त नगर पालिका अध्यक्षा महोदया अवैध रूप से आज तक परिवार निवासरत् है। इस बंगले को तत्काल रिक्त (खाली) कराये जाने का कष्ट करें।

यह कि नगर पालिका निधि का दुरूपयोग कर बाजार भाव से 10 गुना अधिक दरों पर सामग्री क्रय की जा रही है. जो सीधा-सीधा भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। नगरपालिका परिषद ने स्वच्छता



आयोजन के तहत डस्टबिन कृय किये है जिसमें भारी घोटाला किया गया है। नगर पालिका परिषद श्योपुर ने 9998 में प्रतिसेट डस्टबिन कृय किये हैं. जिससे लाखो रूपये का भ्रष्टाचार किया गया है, तथा नगरपालिका निधि का दुरुपयोग किया गया है. डस्टबिन सेट का बाजार भाव आज भी लगभग 1800/- रूपये प्रति सेट है तथा पूर्व परिषद ने ऐसी ही 25 ली. की डस्टबिन को 1718/- रूपये प्रति सेट के मान से कृय किया था। ऐसे स्थिति में वर्तमान परिषद लाखो रूपये का गोलमाल किया है जिसकी जॉच करायी जाना आवश्यक है इस सम्बन्ध में कार्यवाही की जावे।

यह कि नगरपालिका ने बाजार भाव से 5 गुना अधिक दरो पर 480 मीटर स्पीड ब्रेकर 3500/- रूपये प्रतिमीटर के मान से कृय किये हैं जिसमें नगर पालिका निधी का लाखो रूपये का दुरूपयोग किया गया है। तथा सामग्री भी पूरी नही मंगाई गयी हैं। ना ही नगर में लगाई गयी है, ओर फर्जी तोर पर स्टक एन्ट्री करके लगाना बता दिया गया है। इसकी जांच करायी जावें और कार्यवाही की जावें।

यह कि नगरपालिका परिषद श्योपुर इतनी निरकुश हो गई है कि वार्ड नं. 03 बोहरा मोहल्ला में एक क्षतिग्रस्त बिल्डिंग 100 वर्ष से स्थित होकर दाउदी बोहरा परिवार शब्बीर हुसैन पुत्र मोहम्मद हुसैन निवासरत् परन्तु क्षतिग्रस्त होने से पुर्ननिर्माण हेतु मकान मालिक द्वारा हटा दिया गया था। उस भवन के हटने के बाद अवैध रूप से उक्त मकान के प्लाट पर जबरन नगरपालिका सम्पत्ति का बोर्ड लगा दिया गया है, और नगरपालिका उस प्लाट को अपनी सम्पत्ति बता रही है। जो असवेधिानिक कृत्य हैं इसके विरूद्ध नगर पालिका के वरिष्ठ अधिकारियो पर आपराधिक प्रकरण कायम कराया जाना आवश्यक हैं तथा मकान मालिक को हुई मानसिक क्षति की भरपाई करायी जावे।

यह कि नगरपालिका श्योपुर ने अध्यक्षा महोदया के संरक्षण में आवश्यक से अधिक पेयजल हेतु टूयूबबैल के संचालन के लिये राईजिंग पाईप केवल तथा समर्सीबल पम्प (मोटरे) कृय करना बताकर लाखो रूपये का घोटाला किया है। सामग्री कृय किये बिना ही फर्जी बिल लगा लगाकर लाखो रूपये का भुगतान किया गया है, फर्जी स्टाक एन्ट्रीया की गई है. तथा जिन आई.एस.आई.मार्क कम्पनी से टेण्डर लिये गये है उनसे सामग्री कृय नहीं करके लोकल फर्मों से लोकल (गुणवत्ताहीन) सामग्री कृय कर ली गई है जो नगरपालिका निकाय की निधी का सीधा-सीधा दुरूपयोग एवं भृष्टाचार अनियमितता की श्रेणी में आता है। इसकी नगरपालिका स्टाक रजिस्टर को जप्त कर जांच करायी जाना आवश्यक है।

यह कि नगर पालिका अध्यक्षा महोदया ने वाहनो की मरम्मत एवं रख रखाव के नाम पर अपने एक निजी रिश्तेदार शिवम मशीनरी नामक फर्म को ठेका दे रखा है तथा इस निजी रिश्तेदार की फर्म क नाम पर लाखो रूपये का वाहनो की मरम्मत के नाम पर फर्जी भुगतान दिया जा रहा है जिससे नगर पालिका निधी का अकारण दुरूपयोग हो रहा है जाँच कराया जाना आवश्यक है।

# कुबेरेश्वरधाम पर आस्था का महाकुंभ, लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

समिति और प्रशासन ने दस लाख से अधिक श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन और कथा श्रवण करने के किए बेहतर इंतजाम

गुलाब का कांटों के बीच खिलना हमारे जीवन के लिए प्रकृति का संदेश-अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा

सीहोर। इस सृष्टि में हम जिस विपत्ति को कांटों की चुभन की तरह कष्टकारक समझते है, उसका भी हमसे गुलाब के कांटों जैसा ही अनोखा रिश्ता है। गुलाब का कांटों के बीच खिलना हमारे जीवन के लिए प्रकृति का संदेश



है कि जीवन फूलों की सेज नहीं है। जैसे गुलाब में केवल कोमलता ही नहीं होती, उसी तरह जीवन भी सुख-दुख का संगम है। जिसने यह रहस्य समझ लिया, वह हर अभिशाप को भी वरदान बना लेता है। गुलाब का फूल और मनुष्य का शरीर दुखों और कांटों के मध्य रहता है। हमें अपने जीवन को सरल और सहज बनाकर अपने आपको सुखी रखना है। शिव पुराण का यही संदेश है कि भगवान शिव की आराधना करने वाला नहीं रहता दुखी। भगवान भोलेनाथ की भक्ति में बहुत ही शक्ति है। भोलेनाथ पर विश्वास करने वालों की पलट जाती है किस्मत। उक्त विचार जिला मुख्यालय स्थित कुबेरेश्वरधाम पर मंगलवार से आरंभ हुई सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव के पहले दिन लाखों श्रद्धालुओं से कहे। पहले दिन सुबह यहां पर रुद्राक्ष के निर्मित रुद्राक्ष शिव लिंग का पूर्ण विधि-विधान से अभिषेक का क्रम सुबह नौ बजे से आरंभ किया गया और दोपहर में शिव महापुराण का शुभारंभ किया गया।

कुबेरेश्वर धाम में मंगलवार से रुद्राक्ष महोत्सव का आगाज हो गया है। यह महोत्सव 3 मार्च तक चलेगा। इसके लिए विट्ठलेश सेवा समिति और प्रशासन ने इस आयोजन के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की हैं। महोत्सव को लेकर दो दिन पहले से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। रविवार रात तक पंडाल और डोम श्रद्धालुओं से भर गए। मंगलवार को अंतर्राष्टीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने पंडाल की भोजनशाला में हजारों श्रद्धालुओं को नुक्ती, मिक्चर, रोटी, सब्जी और खिचड़ी-चावल का प्रसाद वितरण किया।

# नर्मदा का कंकर कहलाता है सीहोर का शंकर : पं.मोहितरामजी

**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**




**सीहोर।** प्रयाग में गंगा है काशी में गंगा है यह हमारे सिद्धपुर सीहोर का सौभाग्य है सीहोर में माँ नर्मदा विराजमान है इसका कंकड़ कंकड़ शंकर है उक्त उद्गार श्री माधव महाकाल आरोग्य पर चल रहे तीन दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव के दौरान कथा में कथा व्यास परम गौभक्त प्रखर वक्ता पंडित मोहितरामजी पाठक ने व्यक्त किए आगे कथा में वर्णन करते हुए कहा आश्रम में कुबरेश्वर धाम में पधारे श्रद्धालुओं के रूकने एवं भोजन की व्यवस्था की जाएगी यह सब गौ माता की कृपा से हो रहा है जिस दिन हर हिंदू के घर में एक गाय और एक नंदी पाला जाएगा वह दिन शिव युग कहलाएगा भगवान शंकर स्वयं माता पार्वती से विवाह करने गए तो नंदी की सवारी करके गए दुनिया का दूल्हा घोड़े पर सवार होकर जाता है। भगवान शिव ने जगत के पालन करता भगवान नंदीश्वर को अपना बहन बनाया और बारात लेकर हिमालय पर गए संपूर्ण सनातनियों को संदेश दिया कि हर हिंदू के घर में एक गाय और एक बिल अवश्य होना चाहिए तो ही शिव और पार्वती की प्राप्ति हो सकती है। शिव और पार्वती के मिलन में नदी अति आवश्यक है। जिस घर में गोपालन नहीं होता नंदी की सेवा नहीं होती गए और बैलों को नहीं पाला जाता वहां शंकर का वास नहीं होता है अमृत में शिव महापुराण कथा के दौरान भगवान शिव ने गोरी का वरण करा गाय ही गोरी है गाय को भगवान शिव ने स्वीकार कर है। इसलिए भगवान शिव ने संदेश दिया जहां गए पाली जाएगी वहीं शिव और शिव पुराण की महिमा और चमत्कार होंगे भगवान शिव का अभिषेक गाय के दूध से दही से किया जाता है। गाय के घी के बिना भगवान शिव का अभिषेक नहीं हो सकता इसलिए हर सनातनी हिंदू को शिव पुराण सुनाने वाले श्रोताओं को गोपालन करके गाय पालना चाहिए। शिवरात्रि के पावन अवसर पर तृतीय दिवस हजारों की संख्या में गंगाजल के पात्र का वितरण किया जाएगा आयोजन समिति श्री माधव महाकाल आरोग्य आश्रम परिवार सीहोर ने सभी शिव भक्तों से राम भक्तों से कथा में आने का आग्रह किया।

# माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा 25 व 27 फरवरी से संचालित की जावेगी हाई स्कूल एवं हाई सेकेंडरी परीक्षा 162 केंद्र

**मारुति लाल विश्वकर्मा**

छिंदवाड़ा ऑब्लिक 24 फरवरी 2025 माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा2024 25 जिला छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा में मंडल द्वारा निर्धारित 162 परीक्षा केदो पर क्रमशः 25 व 27 फरवरी 2025 से संचालित की जा रही है मंडल परीक्षा 2025 में भाग लेने वाले हाई स्कूल कक्षा दसवीं में 25 958 नियमित एवं 1559 स्वाध्याय परीक्षार्थी इस




प्रकार कुल 27517 परीक्षार्थी तथा हाई सेकेंडरी कक्षा 12वीं में 19060 नियमित एवं 1991 स्वाध्याय परीक्षार्थी इस प्रकार कल 21051 परीक्षार्थी छिंदवाड़ा पब्लिक पांढुरना जिले में मंडल द्वारा स्थापित विकास खंडवार 162 परीक्षा केंद्र में सम्मिलित होंगे जिसमें 01 संवेदनशील व 06 अति संवेदनशील परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं

जिला शिक्षा अधिकारी छिंदवाड़ा श्री जी एस बघेल ने बताया कि परीक्षा केंद्र के सफल संचालन परीक्षा केदो पर अनुच्छेद साधनों की रोकथाम एवं नल की दस प्रवृत्ति की रोकथाम के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा निर्धारित सभी परीक्षा केदो के सफल निरीक्षण के लिए छिंदवाड़ा कलेक्टर शैलेंद्र सिंह द्वारा जिला प्रशासन स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजाति कार्य विभाग के तीन सदस्य जिला स्तरीय 06 एवंविकासखंड स्तरीय 18 दलों तथा पांढुर्णा कलेक्टर श्री अजय देव शर्मा द्वारा पादुना जिले में जिला स्तरीय के दो एवं विकासखंड के दो संगठनों द्वारा गठन किया जाकर संबंधित अधिकारियोंको सभी परीक्षा केदो का सघन निरीक्षण किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है।

# कुंभ यात्रियों की कार ट्रेलर से टकराई, 3 की मौत : 7 घायल; मढ़ी गांव स्थित पूर्वांचल ढाबा के पास हादसा

**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**





रीवा के मनगवां थाना क्षेत्र के मढ़ी गांव स्थित पूर्वांचल ढाबा के पास सोमवार रात 10 बजे एक सड़क हादसा हो गया। सड़क किनारे खड़े ट्रेलर में एक तेज रफ्तार कार जा घुसी, जिससे मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए। जिनमें से 6 गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

जानकारी के अनुसार, भोपाल पासिंग कार में सवार सभी लोग कुंभ मेले से लौट रहे थे। इसी दौरान ड्राइवर को झपकी लग गई, जिससे वह कार से अपना नियंत्रण खो बैठा और कार (स्कक042690) पीछे से खड़े ट्रेलर में जा घुसी। पुलिस के मुताबिक सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले तीन मृतकों में से दो मृतक आपस में चाचा-भतीजे हैं। शनिवार को चंपालाल कुंभ स्नान के लिए अपने भतीजे प्रतीक के साथ घर से निकला था। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। घायलों को इलाज के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर किया गया है। घायल राजकुमार यदुवंशी ने बताया कि गाड़ी में कुल 10 लोग सवार थे। 19 हजार रुपए में सिवनी से गाड़ी बुक की थी। हमने तय किया था कि प्रति व्यक्ति 1900 रुपए देगा। सभी लोग होशंगाबाद के रहने वाले हैं। मनगवां थाना प्रभारी वर्षा सोनकर ने बताया कि हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है। मृतकों के नाम चंपालाल यदुवंशी प्रतीक यदुवंशी ,तुलाराम यदुवंशी घायलों के नाम,अमरदास यदुवंशी ,सियाराम यदुवंशी मानसिंह यदुवंशी ,रमेश लाल यदुवंशी ,जितेंद्र यदुवंशी राजकुमार यदुवंशी ,श्याम सुंदर यदुवंशी

# शिव महापुराण कथा के लिए रामपुर बघेलान में भव्य कलश यात्रा निकाली गई

**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**रामपुर** बघेलान। शिव महापुराण कथा के शुभारंभ के लिए रामपुर बघेलान के बलदाऊ मंदिर से एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें 1000 से अधिक कलशों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यह विशाल शोभायात्रा प्रशासनिक चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।कलश यात्रा में कथा व्यास श्री श्री 1008 श्री बद्री प्रपन्नाचार्य जी महाराज, कार्यक्रम के आयोजक विधायक विक्रम सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी शुभांगी सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन की ओर से एसडीएम आर. एन. खरें, तहसीलदार रायसिंह कुशराम, नगर परिषद सीएमओ शैलेंद्र सिंह एवं थाना प्रभारी



संदीप चतुर्वेदी ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने में सहयोग दिया। भव्य कलश यात्रा में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा, जिसमें नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में भक्तगण सम्मिलित हुए। संकीर्तन व भजनों के साथ निकली इस शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया।

# बागेश्वर धाम में भजन, भोजन और निरोगी जीवन तीनों का आर्शीवाद मिलेगा-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया कैंसर अस्पताल का शिलान्यास

**दमोह ~से राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने मेडिकल साइंस एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट का शिलान्यास करते हुए कहा कि मेरे छोटे भाई धीरेंद्र शास्त्री जी काफी समय से देश में एकता के मंत्र को लेकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। अब उन्होंने समाज और मानवता के हित में एक और संकल्प लिया है और इस कैंसर संस्थान के निर्माण की ठानी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'अब बागेश्वर धाम में भजन, भोजन और निरोगी जीवन..तीनों का आशीर्वाद मिलेगा। हमारे मंदिर, मठ और धाम ये एक ओर पूजन और साधना के केंद्र रहे हैं तो दूसरी ओर विज्ञान और सामाजिक चिंतन, सामाजिक चेतना के केंद्र भी रहे हैं। हमारे ऋषियों ने ही आयुर्वेद का विज्ञान दिया, ऋषियों ने योग का विज्ञान दिया जिसका परचम आज पूरी दुनिया में लहरा रहा है। हमारी तो मान्यता ही है परहित सरस





धर्म नहीं भाई अर्थात् दूसरों की सेवा दूसरों की पीड़ा का निवारण ही धर्म है। इसलिए नर में नारायण, जीव में शिव इस भाव से जीव मात्र की सेवा ही हमारी परंपरा रही है। इस अवसर पर दमोह जिले से जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा का अभिवादन किया एवं उनसे मुलाकात कर क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत भी कराया।

# स्व. रमेश गोहिया जन्म जयंती पर 10 मार्च को होगा काव्य समागम एवं सम्मान समारोह

**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



**सीहोर।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला सीहोर के बैनर तले आगामी 10 मार्च 2025 को वरिष्ठ गीतकार स्वर्गीय रमेश गोहिया जन्म जयंती पर होने वाले काव्य समागम एवं सम्मान समारोह में गीतकार स्व. रमेश गोहिया स्मृति साहित्य साधक सम्मान से एक साहित्यकार को अलंकृत किया जाना है । जिसके लिए तीन सदस्यीय चयन समिति का गठन सर्वसम्मति किया गया है, जो एक साहित्यकार का नाम तय करेगी। चयन समिति में वरिष्ठ साहित्यकार पंडित शैलेष तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. प्रदीप एस. चौहान एवं साहित्य परिषद अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र जायसवाल के नाम शामिल हैं। चयन समिति शीघ्र ही सम्मानित किए जाने वाले साहित्यकार के नाम की घोषणा करेगी ।

# संत गाडगे महाराज जी की 149 वीं जयंती पर निकला चल समारोह

शैलेन्द्र चौहान केसरिया हिन्दुस्तान




**बाड़ी** ,संत समागम गाडगे रजक समाज समिति बाड़ी द्वारा स्वच्छता के जनक , सामाजिक क्रांति के अग्रदूत संत शिरोमणि गाडगे महाराज की 149 वीं जयंती बहुत ही धूमधाम के साथ मनाई गई।बाड़ी नगर में पिछले आठ सालों से बड़े स्तर पर संत गाडगे महाराज जी का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है ।

समिति संयोजक यशवंत सिंह मालवीय (शिक्षक) एवं अध्यक्ष विष्णु मालवीय और पूरी टीम के अथक परिश्रम से यह भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत समागम गाडगे रजक समाज समिति बरेली के ब्लाक अध्यक्ष एवं बरिष्ट समाज सेवी सी एल मालवीय द्वारा की गई । कार्यक्रम में मुख्यातिथि विश्व रजक महासंघ मध्यप्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती भावना मालवीय जी सनावद जिला खरगोन एवं विश्व रजक महासंघ मध्यप्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश नाहार जी भोपाल , अन्य प्रांतों से आये विशेष सम्माननीय अतिथि राजू पवार जी पंजाब, विजय सिसोदिया जी पंजाब , लल्लन आनंदकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय गाडगे संस्थान बोकारो सिटी झारखंड, महासचिव अवधेश कुमार जी, रतन कुमार जी कोषाध्यक्ष तीनों झारखंड से,

सनावद जिला खरगोन से डॉक्टर महेश चौहान जी, भोपाल से बाल हनुमान मंदिर के मंहत परमानंद जी महाराज , नर्मदापुरम संभागीय अध्यक्ष कैलाश बाथरे जी , नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष बहन रजनी बाथरे जी, एडवोकेट राजेश रजक जी , जबलपुर से प्रेमनारायण बाथरे जी , करेली से गोतम रजक जी , बनखेड़ी ने रघुवीर मालवीय जी , उदयपुरा से श्री रामचरित मानस मंडल टीम के वरिष्ठ तुलसीराम रजक पटवारी सहाब, इमझिरी पंचायत सरपंच ओमप्रकाश भारके जी , केकड़ा ग्राम पंचायत सरपंच बाबूलाल रजक जी , राजेश भारके जी , बरेली से संत गाडगे महाराज धर्मशाला निर्माण समिति अध्यक्ष अशोक मालवीय जी, संयोजक शंकर सिंह मालवीय , नव निर्मित संत गाडगे महाराज ,मां नर्मदा सेवा समिति बरहा कला अध्यक्ष फूलचंद मालवीय जी , गैरतगंज से विश्व रजक महासंघ युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष दीपचंद मालवीय जी, बरिष्ट समाज सेवी माखन लाल वर्मा जी , सीहोर जिला अध्यक्ष रघुवीर मालवीय जी (जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मेनेजर) बुधनी , डाक्टर आर एस वर्मा जी, मंडीदीप समिति अध्यक्ष लक्ष्मण मालवीय जी, प्रकाश मालवीय जी, औबेदुल्लागंज से पवन मालवीय जी , खरगोन से गोकुल प्रसाद मालवीय जी , ऊटिया समिति प्रमुख दोलत राम मालवीय जी , ठीकरी से द्वारका प्रसाद मालवीय जी मंचाशीन हुए। मंचाशीन अतिथियों द्वारा संत गाडगे महाराज जी की फोटो के सामने दीप प्रज्ज्वलित किया एवं पुष्पमाला पहनाई गई,इसके बाद एक विशाल जनसमूह के साथ रथ , बैंड बाजे , घोड़े ,डीजे के साथ मन मोहक श्री राधा कृष्ण एवं सखी के स्वरूप में मन मोहक नृत्य करते हुए ,मधुर संगीत एवं राधा कृष्ण के कर्ण प्रिय भजनों पर सभी नाचते हुए चल समारोह निकाला गया । रास्ते भर विभिन्न स्थानों पर लोगों के समूहों ने चल समारोह का स्वागत किया संत गाडगे महाराज के चित्र पर माल्यार्पण किया पुजा की , श्री नगर हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष रामदीन कुशवाह जी , नगर शिल्पी समाज अध्यक्ष श्याम सिंह शिल्पी जी , सोनू रजक जी , अर्पित श्रीवास्तव जी , अहिरवार विकास परिषद अध्यक्ष पोहप सिंह अहिरवार जी बबलू बागड़ी जी कमलेश बागड़ी जी शिक्षक आदि अनेक समाज सेवियों द्वारा रास्ते में स्वागत किया गया जलपान कराया गया । नगर के प्रमुख मार्ग पर विभिन्न समाज सेवियों ,शिक्षा विलो , व्यापारियों द्वारा संत गाडगे महाराज जन्मोत्सव के फ्लेक्स लगवायें गये ।चल समारोह में पुलिस प्रशासन भी उपस्थित रहे जिसकी प्रशंसा एवं सराहना समिति अध्यक्ष विष्णु मालवीय एवं समिति संयोजक यशवंत सिंह मालवीय द्वारा की गई ।। एक विशाल धर्मसभा आयोजित हुई धर्मसभा में , नकुल यादव जी , ग्राम पंचायत गूगलबाडा सरपंच रहीश भाई चोहान जी , मेघराज चौहान पाडिया जी भी सम्मिलित हुए ।

# सरलानगर में अवैध दवाखाने पर स्वास्थ्य विभाग मौन—भय या सांठगांठ ?

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




सरलानगर में संचालित डॉक्टर एम.एस. मंडल का दवाखाना स्वास्थ्य विभाग के लिए एक ऐसा मुद्दा बन गया है, जिस पर क्स्ह और ष्ट।स्ह कार्रवाई करने से कतराते दिख रहे हैं। ऋड्ढ में भले ही इस दवाखाने को अवैध घोषित कर दिया गया हो, लेकिन विभाग की रहस्यमयी चुप्पी और मामले को ठंडे बस्ते में डालने की कोशिशों से सवाल खड़े हो रहे हैं—आखिर डर किस बात का है? या फिर कहीं न कहीं इस खेल में विभाग की भी हिस्सेदारी तो नहीं?

**मैहर में सील, लेकिन सरलानगर में विशेष छूट :** क्अभी हाल ही में, जब अवैध दवाखानों का मामला तूल पकड़ा, तब मैहर में एक दवाखाना सील कर दिया गया, लेकिन सरलानगर में वही नियम लागू होते-होते ठिठक गए। क्या वजह है कि शहरी क्षेत्र में कार्रवाई तुरंत होती है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में जनता को लूटने की खुली छूट दे दी जाती है?

**स्वास्थ्य विभाग जवाब दे—सरलानगर में वैध दवाखाना कौन सा?**

क्जनता ने क्स्ह से सीधा सवाल किया है कि अगर सरलानगर में कोई वैध दवाखाना है, तो सार्वजनिक रूप से उसका नाम और दस्तावेज बताए जाएं। यदि नहीं, तो स्वास्थ्य विभाग खुलकर स्वीकार कर ले कि यहां अवैध दवाखाने की कमाई किसी न किसी के पास पहुंच रही है, इसलिए कार्रवाई को जानबूझकर टाला जा रहा है।

कलेक्टर के हस्ताक्षेप के बिना नहीं होगी कार्रवाई? क्स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक पूरा मामला कलेक्टर के पास दस्तावेजों समेत नहीं पहुंचेगा, तब तक क्स्ह कोई ठोस कदम नहीं उठाएंगे। आखिर स्वास्थ्य अधिकारी कार्रवाई से डर रहे हैं या फिर अवैध दवाखाने की परछाई उनके दफ्तर तक पहुंच चुकी है? अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस मामले में निष्पक्ष जांच करेगा या फिर %अवैध% को %वैध% बनाने का नया तरीका खोज निकालेगा!

# शिव धाम कुंडेश्वर में 55 जोड़ों की हुई शादी: केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने दिया आशीर्वाद

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

जिला ब्यूरो/मनोज सिंह





टीकमगढ़ के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल शिव धाम कुंडेश्वर में मंगलवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 55 जोड़ों ने एक दूसरे का हाथ थामा। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

भाजपा मीडिया प्रभारी प्रफुल्ल द्विवेदी ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में आज कुंडेश्वर में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें कुल 55 जोड़ों ने विवाह के पवित्र बंधन में बंधकर नई जीवन की शुरुआत की। केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। उन्होंने शासन से मिलने वाली राशि के चेक नव विवाह दंपति को सौंपे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अब बेटियां किसी के लिए बोझ नहीं है। भाजपा सरकार ने बेटियों के जन्म से लेकर विवाह तक के लिए कई योजनाएं चलाई हैं।

समारोह में भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत, एसडीएम संजय दुबे, एसपी मनोहर मंडलोई, एडिशनल एसपी सीताराम के साथ विवेक चतुर्वेदी, अनुराग वर्मा, गोपाल चौरसिया, आशुतोष भट्ट, जीतू सेन, अंशुल व्यास और अमित जैन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और सरकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।शिव धाम कुंडेश्वर में 55 जोड़ों की हुई शादी: केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने दिया आशीर्वाद

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत सांची जनपद के ग्राम नरखेड़ा मे 12 मार्च को होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन

**सांची जनपद कार्यालय में 05 मार्च तक जमा कर सकते हैं आवेदन**

**रायसेन।** रायसेन जिले के सांची जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत नरखेड़ा में मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत 12 मार्च 2025 को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए विवाह दिनांक तक वर की आयु 21 वर्ष एवं वधु की आयु 18 वर्ष पूर्ण होना आवश्यक है,इस सम्मेलन में विवाह/निकाह योग्य पात्र जोड़ों के आवेदन पत्र ग्राम पंचायतों के माध्यम से प्राप्त किए जाएंगे। निर्धारित दस्तावेजों में पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र,आयु प्रमाण पत्र,आधार, समग्र आईडी,वधु का बैंक खाता एवं समग्र आधार ईकेवायसी के साथ ग्राम पंचायत में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। जनपद कार्यालय सांची में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 05 मार्च 2025 निर्धारित की गई है।अंतिम तिथि के पश्चात आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी जनपद पंचायत कार्यालय सांची में कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

# टीकमगढ़ के मातृ धाम में महाशिवरात्रि महोत्सव: सूफी बैंड ने दी शानदार प्रस्तुति, आज वैष्णवी शर्मा के होंगे भजन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

जिला ब्यूरो/मनोज सिंह





टीकमगढ़ के मातृ धाम में महाशिवरात्रि महोत्सव: सूफी बैंड ने दी शानदार प्रस्तुति, आज वैष्णवी शर्मा के होंगे भजन टीकमगढ़ के मातृ धाम में महाशिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। संत श्री रवि शंकर महाराज की जन्मस्थली पर चल रहे इस महोत्सव में सोमवार रात जबलपुर से आए सूफी बैंड ने शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में संत रविशंकर महाराज मौजूद रहे। महोत्सव 17 से 26 फरवरी तक आयोजित किया।

जा रहा है। इस दौरान 17 से 23 फरवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हुआ। समारोह के पहले दिन नृत्यांगना वी अनुराधा ने प्रस्तुति दी। 23 फरवरी को कवि सम्मेलन हुआ। रावतपुरा सरकार भक्त मंडल के सदस्य हेमंत नायक ने बताया कि मां शारदा की पहाड़ी पर 51 फीट ऊंची सदाशिव प्रतिमा पिछले साल स्थापित की गई थी। सभी कार्यक्रम इसी प्रतिमा के पास बने मंच पर हो रहे हैं।

25 फरवरी को वैष्णवी शर्मा भजनों की प्रस्तुति देंगी। 26 फरवरी को जितू खरे बादल अपने ग्रुप के साथ कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता सिंह, महेंद्र द्विवेदी और अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# 12 अनुदेशक संविदा शाला शिक्षक श्रेणी-3 बनाए गए

केसरिया हिंदुस्तान

राजगढ - कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के आदेश पर व्?यापम 2008 परीक्षा उत्?तीर्ण औप. अनुदेशक-पर्यवेक्षकों को जिला स्?तरीय छानबीन समिति द्वारा पात्र पाएं जाने पर तीन वर्ष के लिए संविदा शाला शिक्षक श्रेणी-3 के पद पर नियुक्ति दी गई है।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री करण सिंह भिलाला से प्राप्?त जानकारी अनुसार इस संदर्भ जारी आदेशानुसार श्री सिद्धनाथ शर्मा को शासकीय प्राथमिक विद्यालय भाटखेड़ी में, श्री दयाराम मालवीय को शासकीय प्राथमिक विद्यालय गोरधनपुरा, श्री भंवरलाल उमठ को शासकीय प्राथमिक विद्यालय कड़िया चंद्रावत, श्री गौरेलाल यादव को शासकीय प्राथमिक विद्यालय रामपुरिया पाटी, श्री जगदीश प्रसाद शर्मा को शासकीय प्राथमिक विद्यालय बरूखेडी, श्री लाखनसिंह राजपूत को शासकीय प्राथमिक विद्यालय चॉदनी जागीर, श्री सतीश कुमार सक्?सेना को शासकीय प्राथमिक विद्यालय नाईहेड़ी, श्री किशोर कुमार नोगर को शासकीय प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुरा, श्री भगवानसिंह चौहान को शासकीय प्राथमिक विद्यालय खारिया, श्री मदानसिंह चौहान को शासकीय प्राथमिक विद्यालय मेहताबपुरा, श्री उदय सिंह तोमर को शासकीय प्राथमिक विद्यालय नयापुरा एवं श्री रामभरोसे चौरसिया को शासकीय प्राथमिक विद्यालय छावड में तीन साल के लिए संविदा शाला शिक्षक श्रेणी-3 के पद पर नियुक्त किया गया है।

# दो दिवसीय 'मुस्कान' प्रशिक्षण आयोजित

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरीया हिंदुस्तान मो. 9977365001




शिशु मृत्यु दर को कम करने और बच्चों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा ''मुस्कान योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के अंतर्गत 'जन्म से 12 वर्ष तक के बच्चों को विशेष स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान किया जाता है। माननीय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार, ''ज़िला चिकित्सालयों को चाइल्ड-फ्रेंडली बनाने एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने 'के उद्देश्य से दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण जिला चिकित्सालय श्योपुर के सभागार में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का नेतृत्व 'राज्य स्तरीय प्रशिक्षक डॉ. देवेश शर्मा 'द्वारा किया गया, जिसमें 'स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकारद्वारा संचालित 'मुस्कान कार्यक्रम ''के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हेतु एसएनसीयू, एनआरसी, पीडियाट्रिक ओपीडी एवं पीडियाट्रिक वार्ड की चेकलिस्ट के अनुसार कार्य प्रणाली विकसित करने, नवजात एवं बाल चिकित्सा देखभाल की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने, शिशु मृत्युदर में कमी लाने के लिए प्रभावी रणनीतियों पर क्रियान्वयन के लिए चर्चा तथा सुझाव आमंत्रित किये गये। इसके साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण देकर उनकी क्षमता संवर्धन किये जाने पर भी जानकारी प्रदान की गई।

# प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज अजबधाम आयेंगे

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)लखन पटेल ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी का आगमन जिले की पथरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर (अजबधाम) में 26 फरवरी 2025 को अपरान्ह 04 बजे पूज्य जै जै सरकार जी के वार्षिक महोत्सव के पावन अवसर पर होने जा रहा है। उन्होंने आमजन से आग्रह करते हुये कहा महोत्सव में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करें। साथ ही रामचरित मानस का जो पाठ चल रहा है उसका श्रवण करें और धर्म लाभ उठाए।

# संस्कार विद्या निकेतन स्कूल सेमली धाकड़ में मनाया विदाई समारोह

बृजमोहन कारपेंटर केसरिया हिंदुस्तान




राजगढ /पचोर समीपस्थ ग्राम सेमली धाकड़ के निजी स्कूल संस्कार विद्या निकेतन विद्यालय परिसर में कक्षा 7वीं के विद्यार्थियों द्वारा जिज्ञासा व उत्साह से परिपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया यह उत्सव दिवस मित्रों और शिक्षकों के साथ बिताए गए वर्षों के आनंदमय क्षणों को याद करने के लिए समर्पित था कक्षा आठवीं के छात्र-छात्रों ने गुरु शिष्य संबंध के महत्व को बताते हुए कहा कि गुरु हमे सही रहा की और अग्रेषित करते है जिस पर चलना हमें स्वयं पड़ता है 7 इसी के साथ स्कूल प्रधानाचार्य फूलसिंह नागर ने तनाव मुक्त होकर बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए विद्यार्थियों को उत्साहित किया एवं सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि गण साथी स्कूल संचालक पप्पू सिंह राजपूत सुधीर शर्मा समारोह में स्कूल अध्यक्ष महेश नागर स्कूल स्टाफ प्रहलाद मालवीय नीतू राजपूत सुनीता पुष्पद दीपिका नागर मोनिका मालवीय सभी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी 7

## शिवरात्रि पर उपद्रव,अराजकता फैलाने वाले पर होगी कठोर कार्रवाई, विनीत सिंह

गणेश वर्मा - ब्यूरोचीफ कौशाम्बी केसरिया हिंदुस्तान

कौशाम्बी। बुधवार को महा शिवरात्रि है। शिव भक्त भगवान शिव और मां पार्वती जी का विभिन्न माध्यम से आराधना,पूजा करेंगे ।ऐसे में उपद्रव फैलाने वाले और अराजकतत्व प्रवृत्ति के लोग करारी क्षेत्र छोड़ दें या फिर अपनी आदतों में सुधार ला लें ।यदि शिकायत मिली तो उन पर भयानक कार्रवाई होगी ।वो सात जन्मों तक याद रखेंगे। यह बातें करारी थाना प्रभारी विनीत ने कही ।उन्होंने बताया कि शिव रात्रि पर करारी क्षेत्र के सभी शिवालयों में शिव भक्तों की भारी भीड़ रहेगी ।ऐसे में पुलिस के जवान सादे कपड़े में भी मुस्तैद रहेंगे ।इसके अलावा पुलिस मित्र हर शिवालयों पर अपनी निगाहें जमाए रहेंगे ।वो पल पल की खबर पुलिस को देते रहेंगे। यदि कोई भी व्यक्ति अशांति फैलाया,उपद्रव किया, अराजकता किया तो उन पर इसी कार्रवाई होगी तो उनके आने वाले नस्ल भी याद रखेंगे। करारी क्षेत्र के दर्जनों गांवों के शिव मंदिर में बुधवार की सुबह 04 बजे से ही भक्तों भी भारी भीड़ जुटना शुरू हो जाएगी। ऐसे में करारी थाना प्रभारी विनीत सिंह ने पुख्ता तैयारी कर रखा है। भारी संख्या में पुलिस के जवान और चौकीदार भी मोर्चा संभालने की जिम्मेदारी गई गई है।

# महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रशिक्षण शिविर आयोजित

दैनिक केसरीया हिंदुस्तान रोहट चन्द्राराम भाटी की रिपोर्ट

वित्तीय साक्षरता सप्ताह 24 से 28 फरवरी तक मनाया जाएगा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आयोजित वित्तीय साक्षरता सप्ताह 24 से 28 फरवरी तक मनाया जा रहा है। जिसकी थीम वित्तीय समझदारी समृद्ध नारी विषय पर आज राजीविका ऑफिस में राजिविका की महिला सदस्यों के लिए एक विशेष वित्तीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उन्हें आर्थिक नियोजन, बचत, जोखिम



प्रबंधन और विकास के लिए ऋण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। मनी वाइज वित्तीय सहायता केंद्र के फील्ड कोओडिनेटर अरविंद परिहार प्रशिक्षक के रूप में इस शिविर के लिए नियुक्त किया गया था। उन्होंने महिलाओं को वित्तीय मामलों में जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरल और प्रभावी तरीके से व्याख्यान व सांप सीढी खेल के माध्यम से जानकारी प्रदान की। महिलाओं को अपने वित्तीय लक्ष्यों को निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए योजना बनाने के बारे में बताया गया तथा बचत के महत्व और विभिन्न बचत योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही वित्तीय जोखिमों की पहचान करने और उनसे बचने के तरीकों पर चर्चा की गई और महिलाओं को व्यवसाय शुरू करने या बढ़ाने के लिए ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को वित्तीय रूप से साक्षर और सशक्त बनाना है, ताकि वे अपने और अपने परिवारों के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकें। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना सुकन्या योजना आदि की जानकारी दी योजना शिविर में भाग लेने वाली महिलाओं ने इस पहल की सराहना की और इसे उनके लिए बहुत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से उन्हें अपने वित्तीय मामलों को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम मे फील्ड कोओडिनेटर अरविन्द परिहार स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक श्री रामकिशोर जी अनिल परिहार ज्योति मीणा ललित मूलवतब्लॉक परियोजना प्रबंधक सरिता कुमारी,जिला नोडल द्वद्वह्य तेजराज चौहान,ब्लॉक क्क द्वद्वह्य विकास वैष्णव एवं ब्लॉक ष्द्यद्ब का समस्त राजीविका स्टॉफ उपस्थित रहे।

## बीएसए कॉलेज में शिक्षक द्वारा अभद्रता के विरोध में अभाविप ने सौंपा ज्ञापन



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी

मथुरा। बीएसए महाविद्यालय में विधि विभाग के शिक्षक द्वारा छात्रों से अभद्रता एवं गाली गलौज करने के विरोध में मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य को ज्ञापन देकर शिक्षक के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की। जांच के लिए प्राचार्य ने तीन सदस्यीय समिति गठित की है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बीएसए कॉलेज के उपाध्यक्ष देवेश मिश्रा ने बताया कि गत दिवस सोमवार को विधि विभाग के शिक्षक जे.के. सिंह द्वारा छात्रों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली गलौज की थी। जिसके विरोध में आज मंगलवार को अभाविप कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधि मंडल ने प्राचार्य डॉ0 ललित मोहन शर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपी शिक्षक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने छात्रों की बात को सुना एवं मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन कर जल्द से जल्द कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। अभाविप प्रतिनिधि मंडल में विभाग संगठन मंत्री दिव्यांशु पचौरी, प्रांत सह मीडिया संयोजक नयन शर्मा, अमन पांडे, इंद्रा सैनी, कुशपाल सिंह, राज पांडे, तुषार कटारा, अखिल ठाकुर, प्रिय राजपूत, वर्षा चौधरी एवं शिवानी बंसल आदि कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**दलित बारात पर हमले का मामला**

## एसएसपी श्लोक कुमार ने कार्यवाही का दिया आश्वासन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विक्रम बाली

बुलंदशहर में दलित बारात पर हुए हमले का मामला तूल पकड़ता जा रहा है पीड़ित परिवार ने भीम आर्मी के साथ एसएसपी श्लोक कुमार से मुलाकात की। पीड़ितों ने बताया कि ठाकुर समाज के लोगों ने उन्हें धमकी दी थी उन्होंने धमकी में कहा था की बारात में % तीतर उड़ने% का गाना बजा तो वे भी तीतर उड़ा देंगे। धमरावली गांव में बृहस्पतिवार की रात एक दलित युवक की बारात में डीजे बजाने का विरोध ठाकुर समाज के लोगों ने किया। तीतर उड़ने का गाना बजाने के विरोध में ठाकुर समाज ने दलित युवक की बारात में उपद्रव मचाया। हमले में एक दर्जन से अधिक बाराती घायल हो गए। पीड़ितों का आरोप है कि उन्हें मंदिर में प्रवेश से भी रोका गया और मंदिर पर ठाकुर समाज के लोगों द्वारा ताला लगा दिया गया। पुलिस ने मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए 29 नामजद और 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज की है अब तक छह आरोपियों को हिरासत में लिया जा चुका है एसपी श्लोक कुमार ने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 8 टीमें लगाई गई हैं।

**एसपी श्लोक कुमार ने आश्वासन दिया कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा:**

घटना पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी प्रतिक्रिया दी है उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा की प्रभुत्ववादी सोच ही पीड़ा का कारण है उन्होंने कहा कि अब यह पीड़ा बदलाव लाएगी।

## कावड़ ला रही 25 वर्षीय महिला की सड़क हादसे में मौत

केसरिया हिंदुस्तान मोहित यादव लव



एटा जनपद के थाना जलेसर क्षेत्र के आगरा मार्ग पर कावड यात्रा के दौरान एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया सोरों लहराघाट से जल भरकर अपने गांव लौट रही महिला कांवड़ियों को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई घटना के बाद कांवड़ियों में भारी आक्रोश फैल गया घटना जलेसर कस्बे के पास हुई जहां 25 वर्षीय संगीता देवी पत्नी राजवीर निवासी ग्राम नगला सांवला पोस्ट मालखेड़ा जनपद आगरा अपने पति और देवर के साथ कांवड़ लेकर जा रही थी रास्ते में संगीता टॉयलेट के लिए रुकी थी इसी दौरान उसका पति राजवीर सिंह थोड़ा आगे निकल गया जब वह उसे कावड़ लेने के लिए आगे बढ़ी तभी पीछे से तेज रफ्तार ट्रक में टक्कर मार दी और उसके ऊपर से गुजरते हुए चालक वाहन से फरार हो गया घटना के बाद मौके पर मौजूद कांवड़ियों में भारी गुस्सा देखने को मिला प्रशासन द्वारा कावड़ यात्रा के मार्गों पर बड़े वाहनों की आवागवन पर रोक लगाने और दावों की इस घटना ने पोल खोल दी>

## यूपी बोर्ड परीक्षा में शिक्षा माफिया ने छात्रों के भविष्य के साथ किया खिलवाड़

### छात्र बोले- 40 मिनट देरी से शुरू पेपर, दी फटी कॉपी

केसरिया हिंदुस्तान
मोहित यादव लव

जिले के अलीगंज तहसील क्षेत्र के श्री कृष्णा देवी हायर सेकंडरी स्कूल उभई रोड विथरा पर परीक्षा देने गए करीब 40 छात्रों ने एसडीएम अलीगंज से परीक्षा केंद्र पर चल रही अनियमितता को लेकर शिकायत की है। जिसके बाद एसडीएम अलीगंज ने जांच के आदेश दिए हैं।




**समझिए क्या है पूरा मामला:** जनता इंटर कॉलेज कैल्ठा और तेज सिंह इंटर कॉलेज नगला सिमरा से इंटरमीडिएट के छात्रों की द्वितीय पाली में परीक्षा थी। सभी छात्र अपने तय समय पर परीक्षा केंद्र के अन्दर पहुंचे थे। जिसके बाद उनके कमरे बार बार बदलवाए जाते रहे। जिसकी वजह से छात्रों को करीब 40 मिनट देरी से पेपर मिल पाया। छात्रों ने बताया 40 मिनट देरी की वजह से छात्रों का पेपर छूट गया। इस घटना की जानकारी छात्रों ने स्कूल प्रशासन को दी। जिसके बाद में परीक्षा केंद्र पर उपस्थित अधिकारी कर्मचारी छात्रों के साथ अभद्र व्यवहार करने लगे।

**छात्र बोले- अपने स्कूल के बच्चों को बैठाया अलग :** छात्रों का कहना है स्कूल की लड़कियों का सेंटर उसी कॉलेज में था। वहां लड़कियों को अलग बैठाया गया। हम लोगों को 40 मिनट तक इधर उधर घुमाते रहे ।एसडीएम अलीगंज विपिन कुमार ने बताया एस के डी हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चे शिकायत करने आए थे ।उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में सीटिंग प्लान में गड़बड़ी होना पाया गया है और भी तथ्यों की जांच की जा रही है।अन्य कोई शिकायत नहीं है मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

## प्रख्यात लोककलाविज्ञ और भारतीय लोक कला मंडल के पूर्व निदेशक डा. महेंद्र भानावत का निधन

राजीव जोशी, केसरिया हिंदुस्तान

**उदयपुर।** राजस्थान के प्रख्यात लोककलाविज्ञ और उदयपुर के भारतीय लोक कला मंडल के पूर्व निदेशक डॉ. महेन्द्र भानावत का मंगलवार को उदयपुर में निधन हो गया। 87 वर्षीय डा. भानावत पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। मूलतः उदयपुर के कानोड़ कस्बे में 13 नवम्बर 1937 को जन्मे भानावत की अंतिम यात्रा बुधवार को उनके निवास आर्ची आर्केड कॉम्पलेक्स न्यू भूपालपुरा उदयपुर से सुबह 9.30 बजे अशोक नगर स्थित मोक्षधाम के लिए रवाना होगी। भानावत अपने पीछे पुत्र-पुत्रवधु डॉ. तुक्तक भानावत-रंजना भानावत, बेटी डॉ. कविता मेहता एवं डॉ. कहानी भानावत और पौत्र शब्दांक-अर्थांक सहित भरा परिवार छोड़ गए। मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय उदयपुर से एम.ए. (हिन्दी) एवं 1968 में 'राजस्थानी लोकनाट्य परम्परा में मेवाड़ का गवरीनाट्य और उसका साहित्य' विषय पर पीएच.डी. की उपाधि की। गवरी आदिवासी भीलों द्वारा भाद्र मास में खेला जाने वाला विविध खेलों, स्वांगों तथा लीलापरक आख्यानों का मिलाजुला नृत्यानुष्ठान है। यह सबसे खास बात है कि सुखाडिया विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह 1967 में जिन पांच छात्रों को पी.एचडी. उपाधि प्रदान की गई उनमें से डा. भानावत एक थे। उन्होंने मीरा के जीवन को लेकर उनकी पुस्तक निर्भय मीरा में उन तथ्यों को लिया जिसका किसी और का ध्यान नहीं गया। उनके करीब 10 हजार से ज्यादा हिंदी और राजस्थानी में रचनाएं प्रकाशित हुई है। आदिवासी जीवन और संस्कृति पर करीब 12 से ज्यादा पुस्तकें प्रकाशित हुई है।

# बारहमासी किसान प्याऊ का पुनः निर्माण करा किया शुभारंभ

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी

**मथुरा।** महानगर के भरतपुर गेट चौराहा स्थित पुलिस चौकी पर भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी की छोटी बहन स्वर्गीय श्रीमती अनीता चतुर्वेदी की स्मृति में आज बारहमासी किसान प्याऊ का पुनः निर्माण करा कर शुभारंभ सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि राजवीर सिंह शहर कोतवाल देवपाल पुंडीर जी राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मण चौधरी भरतपुर गेट चौकी इंचार्ज प्रदीप मिश्रा द्वारा किया गया।

सूहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि राजवीर सिंह भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मण चौधरी ने कहा किसान नेता पवन चतुर्वेदी की छोटी बहन स्वर्गीय श्रीमती अनीता चतुर्वेदी की स्मृति में इस प्याऊ का पुनः निर्माण कराया गया है वहन स्वर्गीय श्रीमती अनीता चतुर्वेदी सामाजिक कार्यों में रुचि रखती थी कहा मथुरा महानगर में जनता की सुविधा के लिए सभी समाजसेवी व्यापारी राजनेता आगे आकर ऐसे पूर्ण कार्य करें




जिससे जनता को लाभ हो अब गर्मी शुरू होने वाली है। मथुरा महानगर में जगह-जगह पीने के पानी की प्याऊ लगाई जाए। गर्मी से पहले ही अपनी छतों पर पंछियों के लिए जल पात्र रखें। भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी ने कहा कृष्णापुरी चौराहा से लेकर डीग गेट चौराहा तक मथुरा वृंदावन नगर निगम को पानी के प्याऊ की व्यवस्था करनी चाहिए इस रोड से हजारों यात्री रोज निकलता है। मथुरा महानगर में जगह-जगह पीने के पानी की प्याऊ लगने की बहुत ही आवश्यकता है मथुरा महानगर की जनता अपने पैसे से पानी खरीद कर पानी पीने को मजबूर है। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार विजय गोयल भारतीय किसान यूनियन सुनील के महानगर अध्यक्ष मुजाहिद कुरैशी महानगर संयोजक असलम कुरैशी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष चिरागुद्दीन कुरैशी, फैजान कुरैशी राहुल कुरैशी तनवीर कुरेशी प्रेम सिंह कर्दम जितेंद्र प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# शिवरात्रि और होली को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग ने बरसाना और मथुरा में की छापामार कार्रवाई

**बरसाना में संचालित कैलाश डेयरी के लिये नमूने, कोतवाली रोड पर कुट्टू सिंघाड़ा और चावल साबुदाना के लिए नमूने**

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान /नीरज चतुर्वेदी

**मथुरा।** आगामी त्योहार शिवरात्रि एवं होली पर्व के दृष्टिगत जनपद मथुरा में आम जनमानस को स्वच्छ व गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य) धीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा बरसाना पुलिस बल के साथ बरसाना क्षेत्र में स्थित दूध की डेयरियों पर छापामार कार्रवाई की गई। हाथिया गॉव बरसाना में संचालित कैलाश डेयरी पर छापामार कार्यवाही कर पनीर व घी का एक-एक नमूना, रूपनगर स्थित भोला डेयरी से पनीर का एक नमूना, बरसाना स्थित उमेश डेयरी से स्किम्ड मिल्क का एक नमूना संग्रहित किया गया। सचल दल में मोहर सिंह कुशवाह, भरत सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर सहायक आयुक्त (खाद्य) धीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरूण कुमार व दलवीर सिंह द्वारा शहर के होलीगेट, कोतवाली रोड, जवाहरगंज, कलेक्टर गंज बाजार में सघन निरीक्षण कर कुट्टू का आटा, सिंघाड़े का आटा के एक-एक नमूने संग्रहित किये गये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी दलवीर सिंह द्वारा राया से मिश्रित दूध का एक नमूना



तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार द्वारा कोसीकलां मथुरा से कुट्टू का आटा व सिंघाड़ा का आटा का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मोहर सिंह द्वारा मसानी बाईपास रोड से साबुत कुट्टू तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी भरत सिंह द्वारा फरह से कुट्टू के आटे का एक नमूना लिया गया ।उपरोक्त सभी खाद्य नमूनों को जॉंच हेतु राजकीय प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जॉंच रिपोर्ट प्राप्ति के उपरान्त सम्बन्धित खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस से अपील की जाती है कि कुट्टू, सिंघाड़ा का आटा, समां के चावल व साबुदाना की पैकेट आदि पर निर्माण व अवसान तिथि देखकर ही क्रय करें। अवसान तिथि निकल जाने के पश्चात खाद्य पदार्थों का उपभोग न करें। साथ ही समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को निर्देशित किया जाता है कि खुला कुट्टू का आटा का विक्रय न करें। जनपद मथुरा कुट्टू प्रोन क्षेत्र है यहां पर पूर्व में खुले कुट्टू के आटे के सेवन से फूड प्वाइजनिंग की कई घटनायें हो चुकी हैं। जिसके कारण खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा पूर्व में ही खुले कुट्टू के आटे के विक्रय/भंडारण पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादक: अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल
जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# टॉप टेन के अपराधियों पर गिरेगी कार्यवाही की गाज

**सीतापुर ।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में अभियोजन एवं शांति व कानून व्यवस्था कार्यों संबंधी समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने टॉप-10 अपराधियों के विरूद्ध तीव्र एवं विशेष अभियोजन करने के निर्देश देने के साथ-साथ उन्होंने यह भी कहा कि टॉप-10 अपराधियों को सजा कराना शासन की प्राथमिकता है, इसमें किसी भी स्तर से सहयोग नहीं प्रदान किया जाता है तो इसकी तत्काल जानकारी दी जाये। कानून व्यवस्था के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि शिवरात्रि में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जिन-जिन की ड्यूटी लगनी हैं, उनकी ड्यूटी समय से लगा दी जाये। महाशिवरात्रि के अवसर पर सभी शिवालयों पर एवं छोटे-छोटे मंदिरों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था होनी है। जिन-जिन स्थानों पर होलिका रखी जा रही है, उनकी फोटोग्राफ अवश्य ले लिये जाये ताकि ऐसे स्थानों को सुरक्षा के दृष्टिगत पहले से ही चिन्हित किया जा सके तथा जिन स्थानों पर




होलिका दहन होना है, वहां पर उसके ऊपर से बिजली के तार नहीं गुजरने चाहिये तथा किसी भी विवादित स्थलों पर होलिका दहन न किया जाये, ऐसे स्थलों को पहले से ही चिन्हित कर लिया जाये। उन्होंने कहा कि पीस कमेटी की बैठक अवश्य आयोजित की जाये। शिवरात्रि एवं होली के त्योहारों पर बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत ध्वनि प्रदूषण न किया जाये। खोया मण्डियों व खाद्य सामग्री पर सैम्पलिंग का कार्य तीव्र कर दिया जाये ।पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने कहा कि महाशिवरात्रि में बड़े व छोटे मंदिरों पर श्रद्धालुओं की लाइन अवश्य लगवायें। मंदिर में अन्दर उतने ही श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया जाये, जितनी अन्दर जगह हो। 25 फरवरी से जहां-जहां से कावड़िया गुजरते हैं, ऐसे स्थानों को चिन्हित कर वहां बड़े वाहनों का आवागमन बन्द कर दें, ऐसे स्थानों पर बड़े वाहनों का डायवर्जन कर दिया जाये। जहां-जहां से जुलूस निकलता है, वहां पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी जाये। होली के अवसर पर विवादित स्थलों पर उपजिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को पहले से ही निरीक्षण करने के निर्देश दिये। होलिका दहन ऐसी स्थान पर किया जाये, जो परम्परागत हो, किसी नए स्थान पर होलिका दहन न किया जाये ।बैठक के दौरान प्रशिक्षु आई0एस0एस0 नितिन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह सहित सभी उपजिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## डीएम ने किया वेयर हाउस का निरीक्षण

**सीतापुर ।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने आज इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भण्डारण कक्ष एवं वी0वी0 पैट भण्डारण कक्ष (वेयर हाउस का बाह्य) का मासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं एवं आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित को दिये। उन्होंने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भण्डारण कक्ष में लगे सी0सी0टी0वी0 कैमरे की जांच टी0वी0 स्क्रीन पर देखते हुये सी0सी0टी0वी0 को ठीक कराये जाने के निर्देश संबंधित को प्रदान किये। इस दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं निर्वाचन विभाग कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अब चोर बाइक से आते चोरी करने

**सीतापुर ।** पुलिस डाल डाल चलकर चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लगातार प्रयास कर रही है तो वहीं चोर पात पात चलकर हाईटेक तरीके से चोरी करने लगे है। अब शातिर चोर बाइक से चोरी करने आते है। ऐसी ही एक घटना महमूदाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र में घटी। जहां पर शातिर चोर बाइक से आकर ट्रैक्टर ट्राली चोरी कर फरार हो जाते है। पुलिस ने इस घटना के बाद सक्रिय होकर चोरो की हाईटेक चोरी पर बड़ा प्लान तैयार करना शुरू कर दिया है। यह हाईटेक चोरी की घटना आनंद फिलिंग सेंटर पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। चोरों ने सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना कोतवाली महमूदाबाद क्षेत्र के रामपुर-मथुरा-महमूदाबाद मार्ग स्थित शिवाजी नगर के पास की है। मंगलवार सुबह ट्रैक्टर मालिक संदीप कुमार वर्मा निवासी शिवाजी नगर ने कोतवाली में तहरीर दी। बताया कि उनकी ट्राली समेत ट्रैक्टर चोरी हो गई गई। पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर कैद हैं। इसमें दिख रहा है कि बाइक सवार दो युवक पहले पेट्रोल पंप पर आते हैं। यहां बाइक खड़ी करके एक युवक ट्राली समेत ट्रैक्टर लेकर चला जाता है। बाद में दूसरा युवक बाइक लेकर चला जाता है। इस घटना के बाद महमूदाबाद कोतवाली पुलिस एकाएक सक्रिय होकर टीमो का गठन करने के साथ ही सीसीटीवी फुटेज के सहारे चोरो को गिरफ्तार करने के लिये संभावित स्थानों पर छापा मार कार्यवाही करनी शुरू कर दी है।

## गन्ने की फसल जलकर हुई राख

**लहरपुर**-सीतापुर। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानपुर हरि प्रसाद गांव में सोमवार को गन्ने की फसल में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। किसानों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। इस दौरान करीब तीन बीघा गन्ना जल कर नष्ट हो गया ।गांव निवासी पंडित बृजेश मिश्रा के गन्ने के खेत में दोपहर करीब 1 बजे अचानक आग लग गई। गन्ने की फसल जलती देख मौके पर खेतों में काम कर रहे किसानों ने बृजेश मिश्रा को सूचना दी। वहीं, एकजुट होकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। आग इतनी तेज थी कि उस पर काबू नहीं पा रहे थे। सूचना पर पहुंचे खेत मालिक बृजेश मिश्रा व उनके परिजनों ने ट्रैक्टर से खेत जोत कर ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया।

## प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने की आत्महत्या

**सीतापुर।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में मानसिक व शारिक प्रताड़ना से तंग आकर एक युवती ने फांसी के फंदे से लटकर अपनी जान दे दी। मृतका के पिता ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार जिला लखीमपुर के थाना खीरी गांव बैरागर निवासी राजेश कुमार ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री संध्या (26) की शादी फरवरी 2017 में देना गांव निवासी देवेंद्र से की थी। रविवार रात संध्या का शव घर के अंदर कमरे में फंदे से लटकता हुआ पाया गया। मृतका के कोई संतान नहीं थी, इसलिए देवेंद्र और उसके परिजन आए दिन संध्या को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहते थे। इस बात की जानकारी बेटी ने उन्हें कई बार दी थी। कई बार विवाद भी हुआ, लेकिन समझौते के बाद उन्होंने पुत्री को ससुराल में वापस भेज दिया था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर अपराध राजबहादुर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## छात्रा पर मधुमक्खियों का हमला

**मिश्रिख (सीतापुर)।** मिश्रिख कस्बे के नहर चैराहे के पास परीक्षा देकर लौट रही छात्रा पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गई। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त कोतवाली थानान्तग्राम ग्राम संजराबाद निवासी नेहा यादव (16) हाईस्कूल का पेपर देकर वापस घर जा रही थी। मिश्रिख नहर चैराहे के आगे हरदोई मार्ग पर महर्षि मिशन अस्पताल के पास पहुंचते ही मधुमक्खियों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है।

## बलात्कारी गिरफ्तार

**सीतापुरन।** जनपद के खैराबाद थाने की पुलिस ने छापामार कार्यवाही के दौरान एक बलात्कारी को बंदी बनाकर जेल भेजने की कार्यवाही की है। पुलिस प्रवक्ता से मिली जानकारी के अनुसार थाना खैराबाद पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 6425 धारा 69,351(2),352 बीएनएस में वांछित अभियुक्त मो0 लईक खां पुत्र सईद खां निवासी ग्राम रहीमाबाद थाना खैराबाद जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त द्वारा वादिनी को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना कारित करने संबंध मे वादिनी द्वारा अभियोग पंजीकृत कराया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान मा.न्यायालय किया गया।

# पी.एम. किसान सम्मान निधि की 19 वीं किश्त किसानों के खाते में भेजी गयी

**सीतापुर ।** कृषि भवन खैराबाद के परिसर में दिनांक 24.02.2025 को किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के सभी विकास खण्डों के किसानों द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा विभिन्न विभागों तथा जनपद के एफ0पी0ओ0 द्वारा लगाए गए स्टालों के माध्यम से विभागीय योजनाओं तथा कृषि तकनीकी के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 24.02.2025 को भागलपुर (बिहार) द्वारा पी0एम0 किसान सम्मान निधि जारी किए जाने हेतु आयोजित कार्यक्रम के सजीव प्रसारण कराया गया ।उप कृषि निदेशक द्वारा बताया गया कि पी0एम0 किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जनपद के कुल 702815 किसानों को 140.56 करोड़ रु0 से अधिक की धनराशि



प्राप्त हुई है। योजना कि यह किश्त उन किसानों को भी मिलेगी जिन्होंने फार्मर रजिस्ट्री नहीं करायी है किन्तु योजना कि 20 वीं किश्त उन्हीं किसानों को भेजी जाएगी, जिनके द्वारा फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण करा लिया जाएगा। सभी किसान भाइयों से अपील है कि अपने नजदीकी जन सुविधा केंद्र पर आधार कार्ड,खतौनी और मोबाईल नंबर के साथ जाकर फार्मर रजिस्ट्री जरूर करा लें जिससे योजना का लाभ प्राप्त करने में कोई समस्या उत्पन्न न हो कार्यक्रम में उपस्थित नगर विकास राज्यमंत्री के प्रतिनिधि ऋषभ राठौर तथा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद के प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी किसानों तथा कृषि क्षेत्र में विशिष्ट योगदान करने वाले किसानों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# किसान सम्मान निधि से किसानों का जीवन हो रहा खुशहाल- राजेश शुक्ला

**सीतापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसान सम्मान निधि की 19 किस्त डिजिटल माध्यम से जारी की गई। इस अवसर पर जिले की विकासखंड बिसवां के कृषि विज्ञान केंद्र कटिया में किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय किसानों व उपस्थित पार्टी पदाधिकारीयों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का सजीव प्रशासन सुना । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि किसान सम्मान निधि से किसानों का जीवन खुशहाल हो रहा है इससे किसान की रोजमर्रा की जरूरत पूरी हो रही है। और किसान रोजमर्रा की जरूरतों की पूर्ति के लिए कर्ज से मुक्त हो रहा है




जिससे किसान अपनी उपज पर विशेष ध्यान दे पा रहा है। आज प्रधानमंत्री जी द्वारा 19वीं किस्त जारी की गई है जो कि किसानों के खाते में पहुंच गई है इससे किसान सीधे लाभान्वित हो रहा है और विकसित भारत की तरफ बढ़ रहे विजन में अपनी भूमिका निभा रहा है! जिला उपाध्यक्ष गन्ना चेयरमैन बिसवां सुधाकर शुक्ला ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत किसानों को हो रहे लाभ के विषय में विस्तार से बताया तथा कार्यक्रमआए हुए क्षेत्रीय किसानों का आभार जातया। इस अवसर पर महिला मोर्चा की अध्यक्ष कंचन प्रभाव पांडे कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉक्टर दयाशंकर श्रीवास्तव व अन्य कर्मचारी पदाधिकारी व किसान भाई उपस्थित रहे।

# डीएम के निर्देश स्कूलों में लगेगे झूले और होगे कम्प्यूटर

**सीतापुर ।** प्राथमिक विद्यालय अड़वेनिया ग्रंट वि0क्षे0 ऐलिया में शिक्षक, अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त गोष्ठी को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह द्वारा सम्बोधित किया गया। जिला अधिकारी द्वारा अभिभावकों से बच्चों की उपस्थिति, नामांकन, ठहराव, शैक्षिक गुणवत्ता, शैक्षिक नवाचार आदि बिन्दुओं पर वार्तालाप किया। जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में उपस्थिति बढ़ाने हेतु विभिन्न उपागमों पर चर्चा की गयी एवं विद्यालय में शैक्षिक नवाचार की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए अभिभावकों की भूमिका पर भी बल दिया ।निपुण बच्चों ने पढ़कर अपना प्रदर्शन जिलाधिकारी के समक्ष रखा। कुछ बच्चों ने निबंध वही कुछ बच्चों ने पहाड़ा सुनाया। निपुण बच्चों ने कहानी पढ़कर सुनाया। अभिभावकों से अनुरोध करते हुए प्रेरित किया




गया कि बच्चों को नियमित विद्यालय भेजे, जिससे बच्चे निपुण हो सके। जिलाधिकारी ने अभिभावकों से वार्ता कर उनके सुझाव भी मांगे। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण हेतु जो भी सुझाव हो, अवगत कराएं। जो भी समस्याएं हों हमें बताये, जिससे हम और भी बेहतर कर सके। जिलाधिकारी ने अभिभावकों की मांग पर स्कूल में झूले लगाने का निर्देश संबंधित को दिया। लाइब्रेरी में एक कंप्यूटर रखने के निर्देश प्रदान किया। बच्चों की उपस्थिति को बढ़ाना है। समय से भेजना है, जिससे बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो सके। जिलाधिकारी महोदय ने सभी के सुझावों से अवगत होकर आंगनबाड़ी केंद्र, किचन गार्डन, स्मार्ट लाइब्रेरी का भी निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी लिया। आंगनबाड़ी बच्चों के अध्ययन प्रगति एवं प्रदर्शन का अवलोकन किया ।जिलाधिकारीएवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरुप पुरस्कृत किया गया-राज, माही, शिवशंकर, सुभी, अल्तमश आदि तथा उन्मुक्त कंठ से बच्चों एवं स्टॉफ की प्रशंसा की तथा बेहतर भविष्य की शुभकामनाएँ दी। कुल 158 पंजीकृत छात्र-छात्राओं में से 107 बच्चे उपस्थित रहे एवं कुल 70 अभिभावक भी उपस्थित रहे ।इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, विद्यालय के प्रधानाध्यापक अतुल शर्मा, स0अ0 मधुरेन्द्र कुमार राय, अनीता देवी वर्मा, लौंग श्री देवी आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन अविनाश पाण्डेय ने किया। विकास खण्ड ऐलिया से ए0आर0पी0 बृजेश चतुर्वेदी, रईस अहमद निपुण प्रकोष्ठ से कृतज्ञता, शिवम, रजित आदि ने भी बैठक में सहभाग किया।

# 40 मोतियाबिंद के मरीजो का होगा मुफ्त आपरेशन



**गोंदलामऊ-सीतापुर।** गोंदलामऊ ब्लॉक के ग्राम पंचायत तेरवा में निरूशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन हुआ। पूर्व प्रधान भानु प्रताप सिंह की पहल पर लगे इस शिविर में सीतापुर आंख अस्पताल की टीम ने 120 मरीजों की जांच की ।जांच में 40 लोगों में मोतियाबिंद की समस्या मिली। इन सभी मरीजों को निरूशुल्क ऑपरेशन के लिए सीतापुर आंख अस्पताल भेजा गया है। मरीजों का ऑपरेशन बुधवार को डॉक्टर कर्नल मधु भदौरिया और कर्नल रणवीर भदौरिया करेंगे ।डॉ. आशा मेहता के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने शिविर में सेवाएं दीं। कैंप इंचार्ज विजेंद्र सिंह के साथ सादवी, सहजल, मुकेश यादव और सहनवाज ऋषि सिंह ने मरीजों की जांच की। टीम ने जरूरतमंद मरीजों को निरूशुल्क चश्मे भी दिए।

# मंडल स्तरीय दौड़ में नरोतम प्रथम स्थान पर

सीतापुर। राजधानी में आयोजित मंडल स्तरीय दौड़ में अटरिया के नरोत्तम ने प्रथम स्थान लाकर गांव सहित जिले का नाम रोशन किया है। बताते चलें कि क्षेत्र के हमीरपुर निवासी नरोत्तम कश्यप पुत्र रामू ने अपनी इंटरमीडिएट तक शिक्षा एसआरके पब्लिक इंटर ालेज से किया उसके बाद नरोत्तम लखनऊ एकेडमी में रुककर विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया राजधानी के बाबू बनारसी दास यूनिवर्सिटी में आयोजित लखनऊ मंडल स्तरीय चार सौ मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में लखनऊ यूनिवर्सिटी बीएचयू सहित राजधानी की कई यूनिवर्सिटी के सैकड़ों छात्रों के साथ हिस्सा लिया जिसमें अटरिया के नरोत्तम कश्यप ने लखनऊ मंडल में प्रथम स्थान लाकर गांव इलाका सहित जिले का नाम राजधानी में रोशन किया है और द्वितीय स्थान सोनू सिंह तृतीय स्थान मोहम्मद वारिस ने स्थान प्राप्त किया। बीबीडी यूनिवर्सिटी के प्रबंधक विरास सागर दास ने नरोत्तम कश्यप को नगद पुरस्कार सार्टीफिकेट मेडल ट्राफी देकर सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य कि कामना किया। मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर भूपेंद्र सिंह विमल तिवारी राघवेन्द्र सिंह श्यामू कश्यप उत्तम कश्यप नतिन मिश्रा वायुनायक कश्यप मयंक सिंह चैहान विकास मिश्रा निशांत मिश्र शैलेन्द्र यादव विनीत सिंह अप्पू अभय बाजपेई नरेंद्र सागर संदीप सिंह महेश कुमार श्याम कश्यप प्रवीन बाजपेई सत्येन्द्र कुमार दयाशंकर सहित गांव व इलाकाई लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# घरवाले नही जमा कर पाये फीस स्कूल ने नही दिया प्रवेश पत्र तो छात्र ने दे दी जान

महोली (सीतापुर)। महोली कोतवाली इलाके में फीस जमा न करने पर विद्यालय द्वारा प्रवेश पत्र नही दिया गया जिससे परेशान छात्र ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार पिसावां थाना क्षेत्र के रतौसिया गांव निवासी सचिन (18) बीते दो सालों से महोली के परसेहरा गांव में स्थित अपने ननिहाल में रहकर इंटरमीडिएट की पढ़ाई कर रहा था। सोमवार सुबह उसका शव कमरे में फंदे से लटकता मिला। छात्र के नाना मूलचंद ने पुलिस से शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। उन्होंने कोई आरोप नहीं लगाया है। वहीं, सचिन के चचेरे मामा पवन ने बताया कि सचिन कोतवाली क्षेत्र के पाल्हापुर गांव में स्थित कॉलेज में इंटरमीडिएट की पढ़ाई कर रहा था। सोमवार को दूसरी पाली में उसका पेपर था। रविवार को वह प्रवेश पत्र लेने विद्यालय गया था, लेकिन फीस न जमा होने का हवाला देकर उसे प्रवेश पत्र नहीं दिया। इस बात से वह काफी आहत था। इंस्पेक्टर विनोद मिश्र ने बताया कि परिजनों ने कोई लिखित तहरीर नहीं दी है। मौके पर फोरेंसिक टीम ने भी जांच कर साक्ष्य जुटाए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### क्या बोले कालेज के जिम्मेदार

पाल्हापुर विद्यालय के प्रबंधक के पुत्र शिक्षक कौशल वर्मा ने बताया कि उनका विद्यालय सिर्फ हाईस्कूल तक है। सचिन ने हाईस्कूल तक ही उनके यहां पढ़ाई की है। वह इंटरमीडिएट कहां से कर रहा था, इसकी जानकारी उनको नहीं है। हालांकि, स्थानीय सूत्र बताते हैं कि वह छात्रों को इंटरमीडिएट तक पास कराने का दावा करते हुए किसी दूसरे विद्यालय में दाखिला कराते हैं। परीक्षा भी दूसरे विद्यालय से होती है, लेकिन फीस विद्यालय में ही जमा करनी होती है।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न हुई प्रथम व द्वितीय पाली की परीक्षा

सीतापुर । 24.फरवरी को प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली में निर्धारित समस्त 146 परीक्षा केन्द्रों पर हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा सकुशल एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न हुई। यह जानकारी देते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह ने बताया कि जनपद में गठित 06 सचल दल द्वारा आवंटित रूट चार्ट के अनुसार परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षणध्भ्रमण किया गया। साथ ही जनपद सीतापुर हेतु शासन द्वारा नामित पर्यवेक्षक सुश्री नीलम, उप निदेशक, मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा भी प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली में परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। जनपद सीतापुर में प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली की परीक्षा में कोई भी नकलची नहीं पकड़ा गया। दिनांक 24.02.2025 को हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा-2025 में विषयवार परीक्षार्थियों की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति का विवरण के अनुसार प्रथम पाली में हिन्दी-801 (हाईस्कूल) में कुल पंजीकृत 47311 अभ्यर्थियों में से 44393 उपस्थित रहे एवं 2918 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में हिन्दी-301 (इण्टरमीडिएट) में कुल पंजीकृत 18054 अभ्यर्थियों में से 17130 उपस्थित रहे एवं 924 अनुपस्थित रहे। सामान्य हिन्दी-302 (इण्टरमीडिएट) में कुल पंजीकृत 23678 अभ्यर्थियों में से 22765 उपस्थित रहे एवं 913 अनुपस्थित रहे।

# ट्रांसफार्मर का तेल व अन्य सामान चोरी

सीतापुर । कमलापुर थाना क्षेत्र में निजी नलकूप से बेखौफ चोर ट्रांसफार्मर का तेल व अन्य सामान लेकर हुए फरार पीड़ित ने घटना की पुलिस को दी सूचना। सूचना पाकर पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी। कमलापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरांय मजरा रेवरी निवासी श्रीपति मिश्र पुत्र सुशील मिश्र ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि वह तीन दिन से एक धार्मिक कार्यक्रम में व्यस्त थे जब वह आज अपने खेत पर सुबह पहुंचे तो देखा कि ट्रांसफार्मर जमीन पर खुला हुआ पड़ा है और उसके अंदर का तेल व अन्य सामान गायब है। प्रार्थी घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी है। सूचना पाकर पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भ्रष्टाचार का खेल, मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों में रेफर करने का आरोप

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**जलालपुर तहसील संतोष कुमार**

**अम्बेडकर** नगर ।जिले के नगपुर जलालपुर तहसील क्षेत्र स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एक बार फिर सुर्खियों में है। सूत्रों के अनुसार मामला स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक जयप्रकाश और कर्मचारियों की कथित मिलीभगत से जुड़ा है, जिसमें मरीजों को सरकारी सुविधाओं से वंचित कर प्राइवेट अस्पतालों में रेफर करने का गंभीर आरोप लगा है। इस पूरे खेल में मोटी कमाई का रैकेट चलने की बात सामने आई है, जिसने स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल दी है। एक वायरल वीडियो ने इस मामले को और हवा दी है, जिसमें कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं।



***वायरल वीडियो ने खोली पोल :** हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में जलालपुर कस्बे के फरीदपुर के पास एक सरकारी एंबुलेंस को रुकते हुए देखा गया। वीडियो के अनुसार, इस एंबुलेंस से एक गर्भवती महिला को उतारकर प्राइवेट क्लीनिक में भर्ती कराया गया। सूत्रों का दावा है कि इस पूरे मामले में एंबुलेंस ड्राइवर से लेकर स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी तक शामिल हैं, जो प्राइवेट अस्पतालों के साथ साठगांठ कर मरीजों को वहां भेजते हैं और मोटी रकम कमाते हैं।

**अधीक्षक जयप्रकाश और फार्मासिस्ट मनोज यादव पर सवाल:** यह कोई पहला मामला नहीं है जब नगपुर जलालपुर स्वास्थ्य केंद्र विवादों में आया हो। एक हफ्ते पहले भी अधीक्षक जयप्रकाश की मनमानी चर्चा में थी। एक अन्य वायरल वीडियो में जयप्रकाश को यह कहते सुना गया कि दवा सुबह महिला अस्पताल से लिखवा लेना,जबकि फार्मासिस्ट मनोज यादव ने कहा, रात में हम किसी भी मरीज को दवा नहीं देते, केवल इमरजेंसी के मरीजों को ही दवा दी जाती है। जानकारी के मुताबिक, एक प्रसव पीड़िता दर्द से कराह रही थी और उसके परिजन ड्यूटी पर तैनात अधीक्षक और फार्मासिस्ट से दवा की गुहार लगाते रहे, लेकिन दोनों ने दवा देने से इनकार कर दिया। मजबूरन परिजनों को बाहर के मेडिकल स्टोर से दवा खरीदनी पड़ी। मरीज को थोड़ा आराम मिलते ही परिजन उसे लेकर प्राइवेट अस्पताल चले गए, क्योंकि सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में कोई सहायता नहीं मिली।

**गेट बंद करने का अजीब तर्क :** स्वास्थ्य केंद्र की लापरवाही यहीं खत्म नहीं होती। पिछले तीन महीनों से अस्पताल का एक गेट स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। इसका कारण बताया गया कि 卐मोटरसाइकिल से पेट्रोल की चोरी हो जाती है।卐 हैरानी की बात यह है कि इस चोरी की न तो कोई रिपोर्ट दर्ज की गई, न ही स्थानीय थाने में कोई सूचना दी गई। इससे कर्मचारियों की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।

**गरीब मरीजों का शोषण :** यह खबर स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। जहां गरीब मरीज मुफ्त इलाज की उम्मीद लेकर सरकारी अस्पतालों का रुख करते हैं, वहीं ऐसी मिलीभगत और लापरवाही उन्हें प्राइवेट अस्पतालों की ओर धकेल रही है। सूत्रों के अनुसार, यह रैकेट लंबे समय से चल रहा है, जिसमें मरीजों को जानबूझकर प्राइवेट सुविधाओं की ओर भेजा जाता है ताकि संबंधित कर्मचारी और अधिकारी अपनी जेबें भर सकें।

**जनता में आक्रोश :** स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर भारी नाराजगी है। एक स्थानीय निवासी ने कहा, 卐हम सरकार पर भरोसा करते हैं, लेकिन यहां तो गरीबों का शोषण हो रहा है। स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाएं नहीं मिलतीं, और मजबूरी में हमें प्राइवेट अस्पतालों में मोटी रकम देनी पड़ती है। इस मामले ने न सिर्फ स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं, बल्कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की मांग को भी तेज कर दिया है।

**क्या होगी कार्रवाई?**

अभी तक इस मामले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। हालांकि, वायरल वीडियो और जनता के दबाव के बाद उम्मीद की जा रही है कि जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ जांच शुरू होगी। यह देखना बाकी है कि क्या इस भ्रष्टाचार के खेल का पर्दाफाश होगा और दोषियों को सजा मिलेगी, या यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

# मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री की जमीन का तीन और लोगों को भी किया गया था बैनामा

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर** नगर। पूर्व मुख्यमंत्री की जमीन खरीदने वाले सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी व उनके भाई ने कई और लोगों से भी जमीन का बैनामा किया था। इस पूरे प्रकरण में जांच शुरू होने के बाद कई और खरीदार भी सामने आने लगे हैं। माना जा रहा है कि एक ही जमीन को कई बार बेचा जा चुका है। फिलहाल तहसील प्रशासन बैनामा के समय के दस्तावेज मंगाने में जुटा है।मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के नाम तहसील आलापुर क्षेत्र के ग्राम रामनगर महुवर में गाटा संख्या 1235 क क्षेत्रफल 0.152 हेक्टेअर जमीन है। पूर्व में यह जमीन इनकी मां अपर्णा कुमारी के नाम दर्ज थी, जिनका निधन वर्ष 1986 में हो गया था। हंसवर के ग्राम क्टेटला निवासी रामहरक चौहान ने वर्ष 1989 में मुख्तार ए आम दिग्विजय सिंह उर्फ दुर्गविजय सिंह निवासी मगहर बनकर इस जमीन को जालसाजी कर जियालाल, राजबहादुर पुत्रगण शिव प्रसाद व मंगली पुत्र मद्धू निवासी रामनगर महुवर के नाम बैनामा कर दिया था। प्रकरण की जांच होना शुरू हुई तो कई और खुलासे भी होने लगे हैं। सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी जियालाल और उनके भाई ने वर्ष 1992 में अपने हिस्से की जमीन को राजराम पुत्र बदलू, अर्जुन व रामराज पुत्रगण सुमिरन निवासी रामनगर महुवर को बैनामा कर दी थी।केयरटेकर अनिल यादव की शिकायत के बाद जांच में कई और खरीदार भी सामने आ रहे हैं। हालांकि किसी के भी नाम दाखिल खारिज अब तक नहीं हो पाया है। उधर, दूसरी ओर तहसील प्रशासन ने 1989 में हुई बैनामा के समय रामहरक की ओर से प्रस्तुत किए गए मुख्तारे आम का कागज निकलवाने के लिए रजिस्ट्रार टांडा को पत्र लिखा है। सोमवार को जिला लाल व उसके परिजनों की ओर साक्ष्य प्रस्तुत किए जाने थे, लेकिन उसमें भी प्रगति शून्य है।जमीन से संबंधित तमाम दस्तावेजों की पड़ताल की जा रही है। मुख्तारे खास का दस्तावेज निकलवा जा रहा है। सभी दस्तावेज सामने आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। – सुभाष सिंह, एसडीएम आलापुर

# स्वदेश मिल्क कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर ने नई एम.सी.सी का किया शुभारंभ

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**



**अम्बेडकर नगर।** स्वदेश मिल्क कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर ने नई एम.सी.सी का किया शुभारंभ। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर पीयूष उपाध्याय के कर-कमलों द्वारा नई एम.सी.सी का भव्य उद्घाटन किया गया, जिसमें किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर कंपनी के डायरेक्टर देव बिक्रम उपाध्याय एवं मिल्क प्रोक्योरमेंट हेड पवनवीर सिंह ने किसानों को कंपनी की नीतियों से अवगत कराया।

इस दौरान पवनवीर सिह ने कहा कि स्वदेश मिल्क कंपनी वर्तमान में लगभग 1300 गांवों में किसानों के साथ मिलकर कार्य कर रही है और प्रतिदिन डेढ़ लाख लीटर दूध एकत्रित कर रही है। इसके साथ ही, कंपनी किसानों को पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान, आवश्यक दवाएं एवं समय-समय पर पशु चिकित्सकों की सुविधाएं भी उपलब्ध कराएगी। साथ ही, उच्च गुणवत्ता वाला पशु आहार प्रदान कर किसानों की आय एवं पशुपालन को सशक्त बनाएगी।

स्वदेश मिल्क कंपनी पूर्वांचल में अत्यंत तीव्र गति से प्रगति कर रही है और भविष्य में भी किसानों के साथ मिलकर दुग्ध उत्पादन और पशुपालन क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# ग्राम प्रधान ने भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए दरारों में भरा मरहम दोबारा कराई पुताई, सच्चाई छुपाने की कोशिश

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**




**(खबर का असर)**

**अम्बेडकर नगर।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में कोई कहे अगर भ्रष्टाचार नहीं हो रहा है तो यह बात मानना बहुत ही गलत होगा। सरकारी धन का जमकर बंदरबन किया जाना आम बात हो गई है। ग्राम प्रधान के द्वारा लाखों रुपए कुआं मरम्मत कार्य दिखाकर निकाल लिया गया है। ग्रामीण ने जब इसका खुलासा किया तो मीडिया के सुर्खियों में कुएं का फर्जी मरम्मत कार्य का भुगतान छा गया। ग्रामीणों भी खबर सुनकर हैरान हो गए की ग्राम प्रधान के द्वारा बिना कुएं का मरम्मत कार्य कराए ही लाखों का भुगतान कर लिया गया है। उनके पैरों के नीचे की जमीन खिसक गई।

*(एनसेंट में रहेगा)*

ग्राम प्रधान ने भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने का किया कोशिश, अधिकारियों को भी गुमराह करने का कर रहा प्रयास

ग्राम प्रधान के द्वारा किए गए इतने बड़े भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने की कोशिश किया जा रहा है साथ ही अधिकारियों को भी गुमराह करने की बात निकाल कर सामने आ रही है क्योंकि जब इस संबंध में खंड विकास अधिकारी बसखारी से बात किया गया था तो उनके द्वारा बताया गया था अंबेडकरनगर महोत्सव खत्म होने के बाद ही गांव पहुंचकर जांच किया जाएगा इसकी भनक जैसे ही ग्राम प्रधान को लगी ग्राम प्रधान ने आनन फानन में तत्काल कुआ की दोबारा डेंटिंग पेंटिंग करते हुए पीओपी से कुएं में पुराने दरार को भरकर मरहम लगाने का कार्य किया जा रहा है। ताकि साक्ष्य सामने न निकल कर आए लेकिन इसके पूर्व में ग्रामीण के द्वारा दिए गए बयान व कुएं के पुराने वीडियो से स्पष्ट होता है कि किस तरीके से ग्राम प्रधान के द्वारा भ्रष्टाचार कर सरकारी धन का दुरुपयोग करते हुए अपनी जेब गर्म कर ली गई है। आखिर अगर ग्राम प्रधान के द्वारा सही कार्य करा कर पैसा निकाला गया था तो अब उसे क्यों दोबारा रंगाई पुताई के साथ भ्रष्टाचार पर मरहम भरने की जरूरत थी।

अब देखना यह होगा कि आखिर जांच अधिकारी गुमराह हो जाते हैं या फिर ग्राम प्रधान से सरकारी धन का रिकवरी कराते हैं जबकि ग्रामसभा में कई अन्य कुएं का भी मरम्मत कार्य ग्राम प्रधान के द्वारा कराया गया है अगर सही से इन सभी कुएं की जांच हुई तो बड़ा भ्रष्टाचार निकलकर सामने आएगा। शायद कुआं मरम्मत कार्य में इतना बड़ा भ्रष्टाचार किसी दूसरी ग्राम सभा में किया गया हो फिर हाल यह जांच का विषय बना हुआ है जबकि ऐसे मामलों की जांच अन्य विभाग के जेई से कराया जाना चाहिए। ताकि सच्चाई निकल कर सामने आ सके।

**क्या है पूरा मामला :** पूरा मामला विकासखंड बसखारी अंतर्गत टड़वा मिश्र गांव का है। जहां पर बिना कुआं की मरम्मत कराए ही रंगाई पुताई कराके ग्राम प्रधान द्वारा मरम्मत दिखा कर विकास के पैसे को निकाल कर अपनी जेब गर्म कर ली गई है। इसका खुलासा तब हुआ जब गांव के एक व्यक्ति के घर के सामने बने कूएँ की मरम्मत कार्य दिखाकर ग्राम प्रधान के द्वारा लाखों रुपए निकाल लिया गया। ग्रामीण अशोक मिश्रा ने जब इस मामले के बारे में मेरी पंचायत ऐप से जानकारी हासिल की तो पता चला कि ग्राम प्रधान के द्वारा उनके घर के पास बने पुराने कुआ का नाम %रवि एवं ओमकार के घर के पास कुआ मरम्मत कार्य दिखाकर लाखों रुपए का भुगतान कुएं का मरम्मत कार्य दिखाकर निकाल लिया गया है। जबकि ग्रामीण का कहना है कि इस कुएं का मरम्मत कार्य करीब 20 वर्ष पूर्व हुआ था ग्राम प्रधान के द्वारा केवल रंगाई पुताई कराकर लाखों रुपए का भुगतान कर भ्रष्टाचार किया गया है। मीडिया के स्थलीय निरीक्षण में भी देखने पर कुएं का मरम्मत कार्य काफी पुराना लग रहा है तथा उसमें पडी दरार से भी कोई अंधा व्यक्ति भी बता सकता है कि इस कुएं का मरम्मत कार्य हुआ है या नहीं, लेकिन भ्रष्टाचार इस कदर बढ़ गया है कि अधिकारियों के आंखों पर भ्रष्टाचार की पट्टी बध चुकी है उन्हें सच्चाई हकीकत से कोई मतलब नहीं केवल अपनी जेब गर्म करने पर लगे हैं। ग्राम सभा में बहुत सारे कोई का मरम्मत कार्य दिखाकर ग्राम प्रधान के द्वारा निकाला गया है। वही बड़ी बात यह भी है कि ग्राम प्रधान के द्वारा जिन कुएं का भुगतान निकाला गया उस पर केवल मात्र एक ही कुएं का बार-बार फोटो अपलोड किया गया है इसकी जानकारी मेरी पंचायत ऐप पर अपलोड फोटो से इसकी सच्चाई सामने आई है।

# होलिका दहन स्थल पर व्याप्त गंदगी को लेकर पूर्व नगर अध्यक्ष ने साफ सफाई कराए जाने की मांग की

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**

**जलालपुर तहसील संतोष कुमार**

**अम्बेडकर नगर ।** नगर पालिका जलालपुर के वाजिदपुर इलाके में होलिका दहन स्थल पर व्याप्त गंदगी को लेकर पूर्व नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र के नेतृत्व में स्थानीय निवासियों ने एसडीएम जलालपुर से साफ सफाई कराए जाने की मांग की है।प्रार्थना पत्र में होलिका दहन स्थल के आस पास डाले जा रहे कूड़ा करकट और जल निकासी की व्यवस्था न होने के चलते हुए गंदे पानी के जलभराव तथा चारागाह की जमीन पर अवैध कब्जे की तरफ ध्यान आकृष्ट कराते हुए समस्या के स्थाई निदान की मांग की गई है। वही साफ सफाई को लेकर आगे आए व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल,पूर्व नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र,नगर महामंत्री विकाश निषाद,सुनील कुमार,मिंटू कुमार,सुशील अग्रवाल समेत दर्जनों लोगों ने सफाई की मांग किया। इस दौरान नगर मंत्री मनोज पांडे, बूथ अध्यक्ष देवेंद्र मिश्र, जयप्रकाश यादव,रामलाल चौहान, भीम निषाद, रामसूरत, पतिराम, शुभम,टेनी,अनिल कुमार,रामकेश,रामचंद ,संतोष कुमार,मनोज ,सेवाराम,श्रीनाथ आदि मौजूद रहे। वहीं स्थानीय अन्य लोगों का कहना है कि नाली की सुविधा न होने की वजह से रोड पर पानी बहा रहा है। नाली बनना आवश्यक है।साफ सफाई करवाते हुए होलिका दहन स्थल पर चूने का छिड़काव करवा दिया गया।देवेश मिश्र ने लोगों से आसपास गंदगी न फैलाने की अपील की है।

# असिस्टेंट प्रोफेसर विधि के पद पर चयन

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान जलालपुर तहसील संतोष कुमार**



**अम्बेदकर नगर।** के तहसील जलालपुर के ग्राम महमदपुर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता रामचन्द्र दुबे के बड़े पुत्र डा. दीपक दूबे ने हरीसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय , सागर ,मध्य प्रदेश में असिस्टेण्ट प्रोफेसर,विधि के पद पर चयनित होकर जनपद का मान बढाया है।उन्होंने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। डा. दीपक दुबे इसी विश्वविद्यालय से एल0एल0एम0(गोल्ड मेडलिस्ट), इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पी-एच0डी0 वा बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से स्न्ब(प्रतिष्ठा) उत्तीर्ण की हैं।उनके चयन व नियुक्ति से उनके परिजन,ईष्ट-मित्रों में खुशी का माहौल है। डॉ दीपक दुबे ने अपनी सफलता का श्रेय भगवान महाकाल की कृपा, अपने सभी गुरुवो के मार्गदर्शन, अपनी माता जी के त्याग व पिता के संघर्ष, अपनी धर्मपत्नी के सहयोग वा इष्ट मित्रो के सहयोग को दिया है। समाजसेवी अतेंद्र त्रिपाठी,विकाश निषाद समेत ने उनको बधाई दी। लगातार बधाइयों का क्रम जारी है।

# विशेष वाहन हटाए जाएंगे मंदिरों के निर्माल्य

**-शिवरात्रि पर नगरीय क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पर फोकस**

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अयोध्या।** शिवरात्रि पर मंदिरों से निकलने वाले निमार्लय ( चढ़ाए गए पत्र-पुष्प) के समुचित निस्तारण के लिए नगर निगम विशेष वाहन का प्रबंध करेगा। इसके लिए पांच वाहन की व्यवस्था की गई है, जिस पर शिवजी को चढ़ाए गए पत्र-पुष्प आदि ही रखे जाएंगे और उन्हें सम्मान पूर्वक निस्तारित किया जाएगा। नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी के निर्देश पर यह निर्णय किया गया है।

उन्होंने बताया कि अयोध्या धाम में एक-एक वाहन नागेश्वरनाथ एवं छीरेश्वर नाथ पर खड़े होंगे, जबकि तीन अन्य वाहन पूरे नगर निगम क्षेत्र में लगाए जाएंगे। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र में स्थित शिवालयों पर सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था के विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। कुंभ के चलते यहां आ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ एवं शिवरात्रि पर पारंपरिक ढंग से आने वाले श्रद्धालुओं के कारण इस बार संख्या अधिक होने का अनुमान है। ऐसे में सफाई, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता पर रखने की व्यवस्था की गई है।

नगर आयुक्त ने मुख्य अभियंता सिविल, महाप्रबंधक जल, अधिशासी अभियंता (विद्युत एवं यांतरिक), मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को अयोध्याधाम के 52 मंदिर समेत कुल 252 मंदिरों के पास सफाई कराने के साथ ही चूने का छिड़काव करने, प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। नागेश्वर नाथ मंदिर पर श्रद्धालुओं को फैसले से फिसलन से बचाने के लिए रबर शीट बिछाई जाएगी। नागेश्वर नाथ झारखंडी रतिया समेत शहर में विभिन्न स्थानों से निकलने वाली शिव बारात के रास्ते पर सफाई के साथ ही अन्य तरह की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि शिव बारात में महापौर भी शामिल होंगे।

सफाई व्यवस्था की निगरानी करेंगे 66 पर्यवेक्षक: सफाई व्यवस्था की निगरानी के लिए 66 पर्यवेक्षक को लगाया गया है। पांच मैकेनिक रोड स्वीपिंग मशीन, चार लीटर पीकर तथा घाटों की बेहतर साफ सफाई के लिए प्रेशर वाशर एवं स्क्रबर प्रेशर वाशर की व्यवस्था की गई है। संपूर्ण मेला क्षेत्र में कूड़ा प्रबंधन के लिए 86 वाहन लगाए गए हैं। इसके साथ ही प्रसाधन के लिए सामुदायिक शौचालय के अतिरिक्त प्रमुख स्थलों पर केयरटेकर सहित 30 मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था की गई है।

**श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की व्यवस्था :** -नगर में 243 स्थलों पर 1189 पानी की टोटियां लगाई गई हैं। इसमें पेयजल की 132 स्थाई व्यवस्था है। 111 अस्थाई इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 955 हैंडपंप एवं 332 स्टैंड पोस्ट क्रियाशील हैं। इसके अलावा 30 वाटर टैंकर से जलापूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

छह स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था: नगर क्षेत्र में हनुमान गुफा, फटिकशिला, गढ़ैया, साकेत पेट्रोलपंप, सूर्या होटल तथा बालूघाट तिराहा के पास पार्किंग की व्यवस्था की गई है। यहां मूलभूत सुविधाओं के साथ प्रकाश की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। निगम ने गोंडा मार्ग पर पुराने पुल से लेकर कटरा स्टेशन के मध्य पार्किंग स्थलों पर भी प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित कराई है।

आवारा पशु होंगे नगर से बाहर: नगर आयुक्त ने आवारा पशुओं के संबंध में भी प्रभावी कार्रवाई कर उन्हें नगर से बाहर करने का आदेश दिया है, ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में असुविधा न हो।

# पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा के लिए ऑन-लाइन फार्म परीक्षा हेतु करें आवेदन

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**

**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर। पॉलिटेक्निक चलो अभियान 2025 के दृष्टिगत जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने अवगत कराया की वर्ष 2025-26 को पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग करने के लिए ऑन-लाइन फार्म पात्र युवाओं के लिए पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा के लिए ऑन-लाइन फार्म http://jeecup.admissions.nic.in पर दिनाक-15/01/2025 से प्रचलित है। फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 30/04/2025 है।

अभ्यर्थीwww.jeecup.admissions.nic.in पर ऑनलाइन आवेदन करें । आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें तथा पंजीकरण विवरण की पुष्टि करें। पंजीकरण शुल्क का भुगतान करके पंजीकरण पूरा करें।सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु 300/- अनुसूचित जाति/जनजाति हेतु - 200/-रुपए निर्धारित है।

**प्रवेश हेतु शैक्षिक अर्हता :** ग्रुप॰. ग्रुप क्र एवं ग्रुप हेतु हाईस्कूल तथा अन्य विभिन्न पाठ्यक्रमों हेतु इंटरमीडिएट अथवा स्नातक है जो अभ्यर्थी इस वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं, वे ग्रुप॰. ग्रुप 8 व ग्रुप की परीक्षा हेतु आवेदन कर सकते हैं।

दो वर्षीय डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम (लेटरल इंट्री) में प्रवेश हेतु इंटरमीडिएट विज्ञान अथवा इण्टरमीडिएट विज्ञान व्यावसायिक प्राविधिक विषयों के साथ उत्तीर्ण अथवा 10वी उत्तीर्ण के साथ दो वर्षीय आई.टी.आई उपयुक्त विशेषज्ञता के साथ उत्तीर्ण, ये छात्र जो कि इंटरमीडिएट अथवा आई टी आई के अंतिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हे ग्रुप च1 ह्लश चक्क की परीक्षा हेतु आवेदन कर सकते है।

एक वर्षीय पी.जी. डिप्लोमा पाठ्यक्रमों हेतु अर्हता स्नातक है, जो अभ्यर्थी इस वर्ष स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं, वे ग्रुप की परीक्षा हेतु आवेदन कर सकते हैं।

*ग्रुप रु हेतु योग्यता*

(1) इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के साथ 02 वर्ष का अनुभव /

(2) क्क्रस्स् में भौतिक विज्ञान अथवा रसायन विज्ञान के साथ 02 वर्ष का अनुभव /

(3) इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में BE B.Tech अथवा समकक्ष के साथ 02 वर्ष का अनुभव

अन्य राज्य के अभ्यर्थी प्रदेश में संचालित विभिन्न डिप्लोमा पाठ्?यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं।

# पीस कमेटी की आयोजित बैठक में आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित को किया निर्देशित

## त्योहारों को आपसी मेलजोल के साथ मनाये किसी की भावना को ठेस न पहुंचाएं

**विपिन मित्तल दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

**औरैया।** जिलाधिकारी डॉ 0 इंद्रमणि त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में आगामी त्योहारों महाशिवरात्रि, होली व रमजान को दृष्टिगत रखते हुए व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए जनपद स्तरीय पीस कमेटी की बैठक में सभी संबंधितों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने क्षेत्र में सतर्कता बनाए रखते हुए भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाएं देखें और यदि कोई अव्यवस्था नजर आती है तो आपसी समन्वय के साथ उसका निदान भी कराये। उन्होंने आमजन से अपेक्षा की कि वह एक दूसरे के त्योहारों को मिलजुल कर खुशी के माहौल में शरीक होकर मनाएं और यह भी ध्यान रखें की कोई किसी के साथ ऐसा व्यवहार न करें कि किसी की भावना को ठेस पहुंचे जिससे व्यैयमानसिकता बढ़े और शांति भंग की स्थिति उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि त्योहारों का अप्रिय आपसी मेलजोल बढ़ाना और एक दूसरे से अच्छे संपर्क बनाना रहता है। उन्होंने यह भी कहा कि कार्य किसी के द्वारा पूर्ण परंपरागत को दरकिनार कर नई परंपरागत से न किया जाए यदि ऐसी स्थिति होती है तो उसके लिए शासन प्रशासन नियमानुसार कार्रवाई करेगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी 14 मार्च को जुम्मे की नमाज व रंग उत्सव एक ही दिन होना है जिसके तहत विशेष सतर्कता बरती जाए और प्रशासन के लोग सभी वर्ग और समुदाय के साथ पुनः वार्ता कर आपसी मेलजोल से एक दूसरे से जुड़ने को कहें जिससे किसी प्रकार की कोई शांति भंग की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए भी आमजन से वार्ता कर ले कि कोई किसी के ऊपर बिना स्वेच्छा से रंग न खेलें जिससे उसकी भावना को ठेस पहुंचे। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि अपने अपने क्षेत्र के जुलूस मार्गों को चिन्हित करने के साथ-साथ होलिका दहन स्थल की सूची बनाकर उसके फोटोग्राफ भी साक्ष्य के रूप में संरक्षित कर लें जिससे नए स्थल पर होलिका दहन न किया जाए। उन्होंने कहा कि नवरात्रि पर मंदिरों में विशेष




सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने प्रकाश व्यवस्था के लिए संबंधित अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/ नगर पंचायत आवश्यक कार्य करें। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारी व संबंधित थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि बाजारों में अवैध रूप से फैले अतिक्रमण की चिन्हित कर हटाएं और पुनः यदि किसी के द्वारा अतिक्रमण किया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करें। उन्होंने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को निर्देश दिए कि फफूंद स्थित जो सड़क धस गई है उसको समय से ठीक कराये। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अछल्दा को निर्देश दिए कि पेड़ की टहनियों के कारण स्ट्रीट लाइट का प्रकाश सड़क पर नहीं आता है ऐसी टहनियों को चिन्हित कर शीघ्र कटवाया जाए जिससे रात्रि में आवागमन भी सुचारू हो सके। उन्होंने सभी संबंधित को निर्देशित किया कि इबादत गांव व पूजा स्थलों के क्षेत्र में साफ सफाई सुनिश्चित कराये, इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहां कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाज को मानक के अनुरूप निर्धारित कराया जाए जिससे किसी प्रकार की परीक्षार्थियों को समस्या न हो। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य ऐसा न हो जिससे आमजन को किसी प्रकार की कोई समस्या /यातायात बाधित होने जैसी स्थिति उत्पन्न हो। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि वह इन अवसरों पर स्वास्थ्य सेवाएं संचालित करने के लिए सभी संबंधितों की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए उपस्थित रहने हेतु निर्देशित करें।

पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर सभी को शांति कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आगाह कर दें और कोई अराजकतत्व हो तो उन्हें पहले ही नामित कर लिया जाए जिससे किसी प्रकार की कोई शांति भंग का प्रयास न कर सके। उन्होंने कहा कि त्योहारों को सभी लोग अच्छे खुशनुमा माहौल में मनाये इसके लिए पुलिस प्रशासन की भूमिका रहती है। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) महेंद्र पाल सिंह, उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार, उप जिलाधिकारी बिधूना गरिमा सोनाकिया, उप जिलाधिकारी अजीतमल हरिश्चंद्र, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त थानाध्यक्ष सहित संबंधित अधिकारी व गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित रहे।

# आरोग्यम शिविर का उद्देश्य ग्रामीण जनों को शासन द्वारा संचालित योजना का लाभ देने तथा समस्याओं का एक ही स्थान पर हो निराकरण: जिलाधिकारी डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी

**विपिन मित्तल दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

**औरैया ।** जिलाधिकारी डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने जनपद में न्याय पंचायतवार आयोजित होने वाले आरोग्यम शिविर के प्रथम दिवस पर विकास खंड भाग्यनगर की ग्राम/ न्याय पंचायत कोठीपुर में आयोजित शिविर में पहुंचकर उद्घाटन करते हुए संचालित कार्यों को देखा और संबंधितों को निर्देशित किया कि वह केवल उपस्थिति का दिखावा न करें बल्कि विभाग से संबंधित कार्यों /योजनाओं से आमजन को अवगत कराये और आने वाले जरूरतमंदों की समस्याओं को सुनकर उनके नियमानुसार स्तर दर स्तर कार्य



करते हुए /कराते हुए निस्तारण करें जिससे उनको अपनी समस्या के लिए तहसील/ जनपद स्तर पर न दौड़ना पड़े और शिविर का उद्देश्य भी पूर्ण हो।

जिलाधिकारी ने आयोजित शिविर में उपस्थित आंगनवाड़ी सुपरवाइजर को निर्देश दिए कि वह किशोरी मंच का गठन करते हुए किशोरियों को उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दें और उन्हें यह भी प्रेरित करें कि वह अन्य लोगों को भी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दें जिससे जीवन में होने वाले बदलाव को वह समझ सकें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम को निर्देश दिए कि वह आने वालों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यकतानुसार दवा आदि उपलब्ध करायें जिससे वह स्वस्थ हो सकें। उन्होंने जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड आदि से वंचितों के प्रपत्र पूर्ण कराते हुए पंचायत सचिव सहित संबंधितों को निर्देश दिए कि वह आवेदन को ऑनलाइन पंजीकरण आदि का कार्य करते हुए उनके आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड आदि को नियमानुसार बनवाना सुनिश्चित करें। आरोग्यम शिविर में पूर्ति विभाग के संबंधित खाद्य निरीक्षक के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित को निर्देशित किया कि सतत आयोजित होने वाले आरोग्यम शिविर में समय से उपस्थित होकर आने वाले जरूरतमंदों की समस्याओं को सुने और नियमानुसार उनका निस्तारण भी करें अन्यथा की स्थिति में संबंधित की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 शिशिरपुरी, ग्राम प्रधान सहित संबंधित अधिकारी एवं ग्रामीणजन आदि उपस्थित रहें।

# खाद्य तेलों की बढ़ती मांग और आयात कम होने के कारण सभी तेल-तिलहन के दाम मजबूत

**उदय सुरेश भाई ठक्कर**

कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के श्री उदय सुरेश भाई ठक्कर ने कहा खाद्य तेल त्योहारी मांग जारी रहने के बीच देश के तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को सभी तेल-तिलहन कीमतों के दाम मजबूत बंद हुए। कैट उपाध्यक्ष एवं महासंघ के अध्यक्ष श्री सुरेश भाई ठक्कर ने कहा ने कहा कि आगामी त्योहारों के मद्देनजर खाद्यतेलों की बढ़ती मांग और खाद्यतेलों का आयात कम होने के कारण सरकार को इस बात की ओर अभी से ध्यान देना होगा कि आयात की कमी को कैसे पूरा किया जाए। सरसों तेल इस कमी को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। दूसरी ओर बिनौले की भी कम उपलब्धता है और लगभग 20 प्रतिशत बिनौला सीड ही किसानों के पास रह गये हैं। उन्होंने कहा कि पामोलीन का दाम आसमान छू रहा है, इसलिए इसका आयात भी कम हो रहा है। सरसों का रूस्क्क 5,650 रुपये क्विंटल है उन्होंने कहा कि सरसों का मौजूदा न्यूनतम समर्थन मूल्य (रूस्क्क) 5,650 रुपये क्विंटल है और 28 मार्च से सरसों की नई एमएसपी 5,950 रुपये क्विंटल पर




खरीद शुरु होगी। इसलिए जो भी माल है, उसे किसान रोक रहे हैं ताकि नये एमएसपी का लाभ उन्हें मिल सके। सूत्रों ने कहा कि पश्चिमी भारत में कुछ जगहों पर मिलावटी बिनौला खल की शिकायतों के बाद सरकार के द्वारा छापेमारी की गई है। सरकार को इस ओर एक सतत प्रयास करते रहने की आवश्यकता है ताकि तेल-तिलहन बाजार की कारोबारी धारणा न प्रभावित हो। बाजार में अब कपास की आवक काफी कम रह गई है और अगली फसल अक्टूबर में आयेगी। सरकार को देना चाहिए इस और ध्यान श्री ठक्कर ने आगे कहा कि सरकार को देश में तेल-तिलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए इस बात का विशेष प्रयास करना होगा कि विगत वर्षों में किसानों ने जो तिलहन उत्पादन बढ़ाया है, उसका देश में बाजार हो। इसके लिए सरकार को अपनी एक स्पष्ट नीति, कराधान का तरीका विकसित करना होगा। मौजूदा समय में हाजिर बाजार में सोयाबीन, मूंगफली, सूरजमुखी एमएसपी से नीचे बिक रहे हैं, जिससे किसानों को लागत भी नहीं मिल रही है।

# बरखेड़ा कस्बे में एक ही परिवार के एक दर्जन लोग फूड प्वाजनिंग का शिकार होने से हड़कंप मच गया

**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत**

**पीलीभीत**- बरखेड़ा। कस्बे मे उस समय हड़कंप मच गया जब एक साथ दो 108 एम्बुलेंस वार्ड नंबर 10 के मोहल्ले मे जा पहुंची देखते ही देखते हुजूम उमड पडा वही परिवार का एक युवक शादी मे बाहर गया उसने ही घर पर बना खाना नही खाया था। बाकी के एक दर्जन परिवार के लोगो ने घर का बना हुआ खाना खाया था। वही जब परिवार का युवक उठा उसने परिवार के लोगो को आवाज लगायी जब कोई नही उठा जब



पास जा के उठाया तो देखा की बच्चे सहित बड़े सभी लोग बेहोशी की हालत मे बिस्तर पर सो रहे है।आनन फानन मे मोहल्ले बालो को जानकारी दी। मोहल्ले वालो की मदद से सभी बेसुध लोगो को 108 एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया गया। जहा सभी का इलाज चल रहा है। वही जिसे जिसे होश आता गया। वही यही कहेता है। की शाम को दाल खायी थी। उसी से कुछ हो गया है। वही फूड प्वाजनिक का शिकार हुए मोहम्मद अली, रिफा, फरहानाज, तबस्सुम, सगीर, सिमरन, अफसा, आलिया, अरहान, जाहरा, फरहाना, अन्नू लोग फूड प्वाजनिंग का शिकार हो गये। सभी को बेहीशी की हालत मे सीएचसी पहुंचाया गया जहा डाक्टर उपचार करने मे लगे हुए दिखाई दिए सबसे बड़ी बात यह है। की जब दाल इक्ट्ठा लाकर रखी थी। और उस दाल को परिवार के लोग पहले से ही इस्तेमाल कर रहे थे। तब तो कुछ क्यो नही हुआ था। अचानक दाल प्वाजनिंग कैसे वन गयी। लोगो के द्वारा कयास लगाये जा रहे थे। की कही ना कही पूरी दाल की काली थी। फिलहाल परिवार के लोग फूड प्वाजनिंग के शिकार होने की बात कर है। सूत्रो को माने की मामला कुछ और है। परिवार के लोग छुपा रहे है। फिलहाल ममला कुछ भी रहा हो लेकिन जरा सी देरी मासूम बच्चो पर भारी पड सकती थी। समय पर इलाज मिलने से मासूम बच्चो को डाक्टरो ने कंट्रोल कर लिया अन्यथा मासूम बच्चो के साथ कोई बड़ी अनहोनी घट सकती थी।

# अधिक बुआई और आयात के कारण चना की कीमतों में गिरावट आने की संभावना

**श्री सुरेश भाई ठक्कर**

(उदय ठक्कर मुंबई) कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) उपाध्यक्ष एवं ठाणे जिला होलसेल व्यापारी वेलफेयर महासंघ अध्यक्ष श्री सुरेश भाई ठक्कर ने कहा चने की कीमतों में गिरावट आने की उम्मीद है क्योंकि अनुकूल मौसम की स्थिति और राजस्थान, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश जैसे प्रमुख राज्यों में बुआई में वृद्धि से उत्पादन में वृद्धि हुई है। मार्च के मध्य से अप्रैल की शुरुआत तक चने की अधिकतम आवक की उम्मीद है, जिससे कीमतों पर और दबाव बढ़ेगा। इसके अतिरिक्त, भारत ने 2024 में रिकॉर्ड 6.7 मिलियन टन दालों का आयात किया, जिसमें पीली मटर का हिस्सा लगभग 2.9 मिलियन टन था, जो कि ज्यादातर एमएसपी दरों से कम है। सरकार ने घरेलू किसानों की सुरक्षा के उद्देश्य से 28 फरवरी से आगे शुल्क मुक्त पीली मटर के आयात को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। इस बीच, नेफेड और एनसीसीएफ ने दालों की सुनिश्चित खरीद के लिए 2.1 मिलियन किसानों को पहले से पंजीकृत किया है।

## मुख्य बातें

अनुकूल मौसम के कारण चने का उत्पादन सामान्य रहने की उम्मीद है। राजस्थान में मार्च के मध्य से अप्रैल की शुरुआत तक चने की अधिकतम आवक की उम्मीद है। भारत ने 2024 में रिकॉर्ड 6.7 मिलियन टन दालों का आयात किया सरकार ने किसानों की सुरक्षा के लिए शुल्क मुक्त पीली मटर के आयात को समाप्त कर दिया।



ॻ नैफेड और एनसीसीएफ ने दालों की सुनिश्चित खरीद के लिए 2.1 मिलियन किसानों को पहले से पंजीकृत किया है।

आने वाले हफ्तों में चने की कीमतों में गिरावट का रुख रहने की संभावना है, क्योंकि प्रमुख उत्पादक राज्यों में बुवाई में वृद्धि और अनुकूल मौसम की स्थिति है। बाजार में मार्च के बाद से अधिकतम आवक की उम्मीद है, जिसमें राजस्थान में मार्च के मध्य से अप्रैल की शुरुआत तक सबसे अधिक आवक होगी। इस अधिशेष आपूर्ति से कीमतों पर दबाव पड़ने की उम्मीद है, जो दिल्ली में ?6,000-?5,850 प्रति क्विंटल के आसपास कारोबार कर सकती है।

इस प्रवृत्ति को जोड़ते हुए, 2024 में भारत का दाल आयात छह साल के उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो 6.7 मिलियन टन तक पहुंच गया, जिसमें अकेले पीली मटर का योगदान 2.9 मिलियन टन था। इनमें से अधिकांश आयात न्यूनतम समर्थन मूल्य (रूस्क्क) से कम कीमत पर किए गए थे, जिससे घरेलू किसान प्रभावित हुए। इसका मुकाबला करने के लिए, सरकार ने 28 फरवरी से आगे पीली मटर के शुल्क-मुक्त आयात को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया है, क्योंकि अत्यधिक आयात स्थानीय उत्पादकों को नुकसान पहुंचा सकता है।

इस बीच, सरकार घरेलू दाल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय कदम उठा रही है। नेफेड और एनसीसीएफ ने मूल्य समर्थन योजना के तहत तुअर, उड़द और मसूर की सुनिश्चित खरीद के लिए किसानों का पूर्व-पंजीकरण शुरू कर दिया है। स्थिर कीमतों पर खरीद सुनिश्चित करने के लिए अब तक महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान और मध्य प्रदेश जैसे प्रमुख राज्यों में 2.1 मिलियन किसानों को बुवाई के मौसम से पहले पंजीकृत किया गया है।

इसके अलावा, भारत को तुअर दाल का एक प्रमुख निर्यातक तंजानिया, हरी चने के आयात के लिए व्यापार छूट और मौजूदा शुल्क-मुक्त समझौते के विस्तार की मांग कर रहा है। यह तब हो रहा है जब आयातित पीली मटर की लागत काफी कम है, जो ?32/किग्रा पर कारोबार कर रही है, जबकि खुदरा बाजारों में अन्य दालों की कीमत ?90 से 160/किग्रा तक है।

**अंत में :** मजबूत घरेलू उत्पादन और रिकॉर्ड-उच्च आयात के साथ, आने वाले हफ्तों में चना की कीमतों में गिरावट आने संभावना है। सरकारी हस्तक्षेप का उद्देश्य किसानों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए बाजार को स्थिर करना है।

# धोबी समाज के जिला उपाध्यक्ष अश्विनी रजक हुए जनपद सदस्य निर्वाचित

**कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**बलौदाबाजार।** जनपद पंचायत पलारी क्षेत्र क्रमांक 20 में जनपद सदस्य पद के लिए 6 प्रत्याशी चुनावी मैदान में खड़े होकर अपने भाग्य आजमा रहे थे। जनपद सदस्य पद के लिए हुए चुनाव में ग्राम कोनारी निवासी एवं धोबी समाज के बलौदाबाजार जिला उपाध्यक्ष अश्वनी रजक ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी पूर्व जनपद सदस्य दीपक साहू को 522 मतों से पराजित कर क्षेत्र क्रमांक 20 से जनपद सदस्य के लिए निर्वाचित हुए। नव निर्वाचित जनपद सदस्य अश्वनी रजक को ग्राम कोनारी से 1226 सिरसाही से 154 तिल्दा से 114 मल्लीन से 102 एवं मोहतरा से 76 मत सहित कुल 1668 वोट प्राप्त हुए इसी तरह दूसरे नंबर पर है उनके निकटतम प्रतिद्वंदी पूर्व जनपद सदस्य दीपक साहू को कोनारी से 218 सिरसाही से 12



तिल्दा से 341 मल्लीन से 439 एवं मोहतरा से 136 मत सहित कुल 1146 वोट प्राप्त किया इस तरह अश्वनी रजक ने दीपक साहू को 522 मतों से पराजित किया। नव निर्वाचित जनपद सदस्य अश्वनी रजक के जीत की खबर मिलते ही मतदाताओं ने पटाखे फोड़ कर खुशी मनाई। चुनाव के नतीजे के बाद अश्वनी रजक ने जनपद क्षेत्र के समस्त मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत जनता जनार्दन की जीत है। जनता जनार्दन ने मुझे जो विश्वास और अपार्ट समर्थन दिया उसके लिए मैं उनका हृदय से आभारी हूं। मैं इस जीत को क्षेत्र के समग्र विकास और जनता की बेहतरी के लिए समर्पित करता हूं। नवनिर्वाचित जनपद सदस्य अश्वनी रजक को रजक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष लोकेश कनौजे प्रदेश संरक्षक झड़ीराम कन्नौजे बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीराम रजक प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष कमलेश रजक महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष निर्मला रजक केंद्रीय अध्यक्ष पन्नालाल रजक सहित पदाधिकारियो ने बधाई दी है।

# अलग-अलग सड़क हादसो में 6 छात्रो सहित 11 लोग घायल




**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत**

**पीलीभीत -पूरनपुर।** अलग-अलग सड़क हादसों में 6 छात्रों सहित 11 लोग घायल समुदाय स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। स्वास्थ्य में सुधार न होने पर जिला अस्पताल रेफर किया पूरनपुर मोहल्ला बमनपुरी निवासी महफूज उम्र 22 वर्ष,नवाजिश अली व अमरैया खाता निवासी अरुण कुमार उम्र 17 वर्ष,राजवीर यादव,मुकेश यादव और सबलपुर निवासी सुमित कुमार दसवीं की परीक्षा देने के लिए बाइकों से जा रहे थे। तभी बाइकों की भिड़ंत होने से सभी छात्र घायल हो गए। वही दुर्जनपुर निवासी सुरजीत कुमार,बहादुरपुर निवासी प्रेम गौतम व राजेश बिलहरी निवासी नरेंद्र और बंडा थाना क्षेत्र के गांव खकरा बुर्जग निवासी मजदूर प्रदीप को कढैर चौरा के पास ट्रक ने टक्कर मार दी जिसमें सभी घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। डॉक्टर ने उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही एक्सीडेंट की खबर सुनकर छात्रों के घर में हड़कंप मच गया।

# वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन के जिम्मेदारों के पास नही है शॉर्टेज और गेन के गणना पत्रक

**जांच में सामने आई बात, गड़बड़ी पकड़ में आई तो रिकॉर्ड में दर्शा दिया शार्टेज**

**वर्ष 2022 में गड़बड़ी पकड़े जाने के बाद भी कुछ नही हुआ तो 2024 में पुनः कर दी गडबड़ी**

**दो साल में एक बार शॉर्टेज बताने का नही है कोई प्रावधान**

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से
मुस्तफा अली



**सुसनेर।** वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन के स्थानीय गोदाम से 274 क्वींटल चावल शॉर्टेज होने की जांच में खुलासा हुआ है कि स्थानीय गोदाम प्रभारी के पास गोदाम में जमा राशन गेहूँ चावल शक्कर की प्रतिमाह होने वाली शॉर्टेज ओर गेन का मासिक पत्रक नही है। साथ ही गोदाम के जिम्मेदारो ने वेयर हाउस में जब भी चावल जमा हुआ उनका अलग से स्टैग नही लगवाया। एक ही स्टैग में से माल देते और उसमें जमा करते रहे। ताकि उनकी गड़बड़ी पकड़ में न आए और गड़बड़ी पकड़ में आ गई तब जाकर चावल की शॉर्टेज रिकॉर्ड में जमा करके मामले को रफा दफा करने का प्रयास किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार शॉर्टेज और गेन पत्रक हर माह या तीन माह में तैयार किया जाना चाहिये साथ तीन माह में एक बार वरिष्ठ अधिकारियों को गोदाम का निरीक्षण कर अपनी टीम अंकित की जाना चाहिए। नियम नहीं होने के बावजूद भी अधिकारी दो साल में एक बार कागजो में शॉर्टेज दर्ज करके अपनी करतूतों को छिपाने का प्रयास कर रहे है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में भी करीब 140 क्विंटल चावल की शॉर्टेज रिकॉर्ड में दर्ज था किंतु उनमें जिम्मेदारो पर कोई कार्रवाई नही हुई जिससे गड़बड़ी करने वालो का हौसला बढ़ गया और 2024 में फिर से 274 क्विंटल चावल की हेराफेरी कर डाली। शिकायत के बाद जब मामला उजागर हुआ तो करीब एक सप्ताह तक जांच टीम को जवाब देने में अनाकानी की। मंगलवार को जिम्मेदारो ने अपना जवाब जांच अधिकारियों को पेश किया लेकिन सूत्रों का दावा है कि माल की शॉर्टेज ओर गेन का मासिक या त्रैमासिक पत्रक पेश नहीं कर पाए। जिसके चलते इस मामले में बड़ी गड़बड़ियों की आशंका पैदा हो गई है। खाद्य विभाग के जिम्मेदार भले ही इस मामले की जांच कर रहे हो लेकिन वे अधिकारी नागरिक आपूर्ति निगम और वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन के नियमों और कानून कायदो को कितना जानते और समझते होगें इसको लेकर सवाल खड़े हो रहे है। प्रशासन अगर मामले की तह तक जाना चाहता है तो प्राथमिक जांच में सामने आई गड़बड़ियों के आधार पर वर्तमान नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी और वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन के गोदाम प्रभारी को निलंबित करके मामले की जांच विभागीय तौर पर कराए।

**इनका कहना**

वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन के गोदाम प्रभारी ने आज मंगलवार को अपना जवाब दिया है। अभी मामले की जॉच जारी है। शीघ्र ही जाँच प्रतिवेदन अनुविभागीय अधिकारी महोदय के सम्मुख प्रस्तुत कर दिया जाएगा।



# प्रयागराज संगम के जल से होगा महादेव का अभिषेक, आज दुल्हा बन मनकामनेश्वर में पार्वतीजी को ब्याहने पहुंचेंगे

**महाशिवरात्रि पर मनकामनेश्वर मंदिर में होंगे धार्मिक आयोजन**

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से
मुस्तफा अली

**सुसनेर।** आज कई प्रकार के अद्भुत संयोग के बीच आ रही महाशिवरात्रि के पर्व को मनाने के लिए भोले के भक्तों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। इस पर्व को ऐतिहासिक मनाने के लिए आज शहर समेंत ग्रामीण अंचल में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। आज रात्रि 8 बजे स्थानीय विश्राम गृह से सिंचाई विभाग स्थित श्री मनकामनेश्वर महादेव मंदिर तक शिव बारात निकाली जाकर शिव-पार्वती विवाह सम्पन्न कराया जाएगा। मंदिर को फूलो व दुधिया रोशनी से सजाया जाएगा। इस बार बग्गी में सवार होकर भगवान शिव पार्वती जी को ब्याहने के लिए भूतो की बारात संग मनकामनेश्वर मंदिर पहुंचेगे। सुबह से शाम तक मंदिर परिसर में धार्मिक आयोजन का दौर चलता रहेगा। अलसुबह प्रयागराज संगम के जल से महादेव का महरूद्राभिषेक किया जाएगा। उसके पश्चात दोपहर में महिला मंडल के द्वारा भजन कीर्तन किये जाएंगे। उसके पश्चात रात्रि में शिव बारात निकाली जाएगी। इस दोरान महादेव का दुल्हे के रूप तो माता पार्वती का दुल्हन के रूप में आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। इस दोरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी धार्मिक भजनो पर प्रस्तुत किये जाएंगे। स्थानीय मधुर भजन गायक लखन भावसार, सत्यनारायण सोनी, प्रदीप बजाज और अभिषेक गहलोत के द्वारा एक से बढकर एक भजनो की प्रस्तुति भी दी जाएगी।

**इन मंदिरो में भी होंगे धार्मिक आयोजन :** नगर से 10 किलोमीटर दूर विध्याचंल पर्वत श्रृंखला पर स्थित पंचदेहरीया महादेव मंदिर पर भी प्रतिवर्षानुसार इस बार भी एक दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा। इसी के साथ नदीयों के संगम तट पर स्थित तारकेश्वर महादेव मंदिर, मोरूखेडी स्थित शिव मंदिर, शिव के बाग में स्थित ओंकारेश्वर, नीलकण्ठेश्वर, जयेश्वर महादेव मंदिर, स्टेट बैंक चोराहा स्थित श्री राम जानक मंदिर व सत्यनारायण गली स्थित मनकामनेश्वर महादेव मंदिर में भी कई धार्मिक आयोजन होंगे इस दिन भगवान शिव के दर्शन के लिए शिवालयों में भक्तों की भीड उमडी रहेगी।

# कृष्ण नगरी मथुरा में नेशनल सेमिनार मेरा भारत महान का सफल आयोजन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
फैसल कुरैशी



**मथुरा।** महानगर में एक नेशनल सेमिनार मेरा भारत महान गंगा जमुनी तहजीब का निशान卐 विषय पर ए. एच. एम. स्कूल की हसन होम लाइब्रेरी के पुस्तकालय कक्ष में आयोजित की गई। इस आयोजन में दिल्ली, आगरा,सहारनपुर देवबंद, अलीगढ़ एवं झांसी विश्वविद्यालय के विद्वत जनों ने शिरकत की।

प्रोग्राम का प्रारंभ स्कूल के बच्चों ने विश्व प्रसिद्ध उर्दू कवि अहमद अली बरकी आजमी के लिखित स्कूल तराने से किया। प्रसिद्ध लेखक एवं साहित्यकार प्रो. डॉ. जहीर हसन की पुस्तक मिर्जा गालिब और जॉन कीट्स का विमोचन आगरा से आए असिस्टेंट कमिश्नर जनाब अलीन कौसर साहब ने किया। लेखक ने अपनी पुस्तक का परिचय करते हुए कहा कि विभिन्न भाषाओं के साहित्यकारों की कृतियों का तुलनात्मक अध्ययन एक ऐसा रुचिकर विषय है, जिसका आनंद न केवल लेखन बल्कि पाठकों को भी पूर्ण आनंद प्राप्त होगा।

कमिश्नर ने कहा की डॉ. जहीर हसन की यह कृति उर्दू साहित्य के इतिहास में तो अमर हो चुकी है, विश्व साहित्य में भी यह स्थान प्राप्त करेगी।

सबसे पहले दिल्ली से पधारी चश्मा फारूकी ने भारत देश की सभ्यता और संस्कृति में प्रेम और सद्भाव के महत्व को उजागर किया। बुंदेल विश्वविद्यालय से आए डॉ. मोहम्मद अयूब अंसारी ने अपनी शोध पत्र में भारत की गंगा जमुनी धरोहर की भूरी-भूरी प्रशंसा की। दिल्ली से पधारे डॉ. शफी अयूब, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ से पधारे डॉ आसिफ अली, मेरठ से ही पधारे डॉक्टर इरशाद ने महाकवि गालिब को अपना विषय केंद्र बनाकर गालिब के उन काव्यगत गुना का वर्णन किया। सेंट जॉन्स कॉलेज आगरा की प्रोफेसर डॉक्टर सादिया सलीम शम्सी ने अपना शोध पत्र उर्दू अदब में कौमियक जहाति के शीर्षक से प्रस्तुत किया जिससे सभी श्रोतागण ने पसंद किया। हसन होम लाइब्रेरी के प्रबंधक डॉ. जहीर हसन बताया कि पुस्तकालय में लगभग 10000 पुस्तकों का संग्रह किया तथा 45 शिक्षितीय को उनके शोध कार्य में सहायता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. शेख अकील अहमद ने भी विचार व्यकत किए। ए. एच. एम की प्रिंसिपल डॉ. नाहीद अख्तर ने आगंतुकों को धन्यवाद देते हुए अतिथियों के सम्मान में गुलदस्ता और एक मोमेंटो प्रस्तुत किया।

# आगामी त्योहार शिवरात्रि एवं होली पर्व के दृष्टिगत जनपद मथुरा में आम जनमानस को स्वच्छ व गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
फैसल कुरैशी



हेतु दिनांक 24.02.2025 को सहायक आयुक्त (खाद्य)।। धीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा स्थानीय पुलिस बल के साथ बरसाना क्षेत्र में स्थित दूध की डेयरियों पर छापामार कार्रवाई की गई। हाथिया गाँव बरसाना में संचालित कैलाश डेयरी पर छापामार कार्यवाही कर पनीर व घी का एक-एक नमूना, रूपनगर स्थित भोला डेयरी से पनीर का एक नमूना, बरसाना स्थित उमेश डेयरी से स्किम्ड मिल्क का एक नमूना संग्रहित किया गया।सचल दल में मोहर सिंह कुशवाह, भरत सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे। दिनांक 25.02.2025 को सहायक आयुक्त (खाद्य)।। धीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरूण कुमार व दलवीर सिंह द्वारा शहर के होलीगेट, कोतवाली रोड, जवाहरगंज, कलेक्टर गंज बाजार में सघन निरीक्षण कर कुट्टू का आटा, सिंघाड़े का आटा के एक-एक नमूने संग्रहित किये गये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी दलवीर सिंह द्वारा राया से मिश्रित दूध का एक नमूना तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार द्वारा कोसीकलां मथुरा से कुट्टू का आटा व सिंघाड़ा का आटा का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मोहर सिंह द्वारा मसानी बाईपास रोड से साबुत कुट्टू तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी भरत सिंह द्वारा फरह से कुट्टू के आटे का एक नमूना लिया गया।उपरोक्त सभी खाद्य नमूनों को जाँच हेतु राजकीय प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जाँच रिपोर्ट प्राप्ति के उपरान्त सम्बन्धित खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस से अपील की जाती है कि कुट्टू, सिंघाड़ा का आटा, समां के चावल व साबुदाना की पैकेट आदि पर निर्माण व अवसान तिथि देखकर ही क्रय करें। अवसान तिथि निकल जाने के पश्चात खाद्य पदार्थों का उपभोग न करें। साथ ही समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को निर्देशित किया जाता है कि खुला कुट्टू का आटा का विक्रय न करें। जनपद मथुरा कुट्टू प्रोन क्षेत्र है यहां पर पूर्व में खुले कुट्टू के आटे के सेवन से फूड प्वाइजनिंग की कई घटनायें हो चुकी हैं। जिसके कारण खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा पूर्व में ही खुले कुट्टू के आटे के विक्रय/भंडारण पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है।

# वक्फ करता हूं मैं सदा के लिए, यह जुग मदहे मुस्तफा के लिए

गणेश वर्मा - ब्यूरोचीफ
कौशाम्बी केसरिया हिंदुस्तान



**कौशाम्बी।** जिले के प्रसिद्ध मदरसा जामिया इमदादुल उलूम कस्बा करारी में दस्तारबंदी के जलसे का आयोजन शेख अबू सईद साहब के संरक्षण में व मौलाना मोहम्मद इमरान हबीबी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, तथा जलसे का संचालन साहिद फर्रुखाबादी ने किया। जलसे का शुभ आरंभ पवित्र कुरान की आयत से कारी मोहम्मद जाकिर साहब ने किया, मौलाना उबैदुल्लाह आज़मी साहब पूर्व सांसद लोकसभा ने जलसे को संबोधित किया उन्होंने कहा कि जल्द ही एक ऐसा महीना आने वाला है, जो बुराइयों को अच्छाइयों में बदल देता है। इसलिए दिल खोलकर इस महीने का स्वागत करें इस महीने में नमाज रोजे की ऐसी आदत डालिए की साल भर तक कभी न छूटे, उन्होंने आगे कहा कि जो नमाज रोजा छोड़कर मजारों पर फूल व चादर चढ़ाता है नियाज़ फातिहा करता है तो उसे कुछ भी फायदा ना होगा, उन्होंने आगे कहा की अल्लाह ताला ने मनुष्य को जरूरत और अक्ल दोनों दिया है इसलिए वह अपनी जरूरत को पूरी करने में बुद्धि का सहारा ले, उन्होंने धार्मिक शिक्षा पर भी जोर दिया और कहा कि आप अपने बच्चों को दुनिया की शिक्षा दिलाईये मगर उससे पहले धार्मिक शिक्षा अवश्य दिलाए, उन्होंने मौजूदा दिनों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की तरफ से उर्दू भाषा पर किए गए प्रहार और उर्दू पढ़ने वालों को कठमुल्ला कहने पर नाराजगी प्रकट किया वक्फ बिल के बारे में उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने मस्जिद मदरसों के लिए जो जमीन वक्फ की है उन्हें हड़पने की कोशिश की जा रही है।उन्होंने जोर देकर कहा कि हम इसे पास नहीं होने देंगे इसके लिए हम हर संभव लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं, अगर आंदोलन करना पड़ा तो हम आंदोलन भी करेंगे।

कॉन्फ्रेंस में नातिया दौर भी चला निम्नलिखित लाइनों की श्रोताओं ने खूब प्रशंसा की-

**वक्फ करता हूं मैं सदा के लिए, यह जुग मदहे मुस्तफा के लिए। ( अफजल इलाहाबादी )**

**जिसको मंजूर नहीं शेरे खुदा की खुशबू,**

**मिल नहीं सकती उसे सल्ले अला की खुशबू।**

**( शकील आरफी )**

इस वर्ष जामिया में 13 बच्चों ने हज और मौलवियत को पूर्ण किया जिनके सरों पर दस्तार बाँधी गई, और जामिया में भिन्न-भिन्न विषयों पर प्रतिस्पर्धा भी करायी गयी थी प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को मेडल तथा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया, किरअत, उर्दू तकरीर,अरबी तकरीर,अंग्रेजी तकरीर में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों से किरअत व तकरीर कराई गई, प्रथम आने वाले विद्यार्थियों के नाम यह है।हसन रजा, मोहम्मद अफरोज, साकिब अहमद, हैदर अली आखिर में सलाम व दुआ के पश्चात जलसे का समापन किया हुआ। इस अवसर पर विशेष तौर पर मौलाना हसन मियां साहब, मौलाना अहमद हबीब साहब, कारी अकबर एहसानी साहब तथा जामिया के अध्यापक उपस्थित रहे हाजी मोहम्मद इमरान साहब ने जलसे में आए हुए सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अटल संकलन स्मृति संगोष्ठी का हुआ आयोजन, जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों को किया संबोधित

**15 फरवरी से 15 मार्च तक विशेष अभियान को लेकर पार्टी कार्यालय में बैठक कर कार्यक्रम की रूप रेखा तय की गई तैयार**

गणेश वर्मा - ब्यूरो चीफ कौशाम्बी



**केसरिया हिंदुस्तान**
कौशाम्बी।राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा चलाए जा रहे अटल शताब्दी वर्ष को लेकर मंगलवार को बीजेपी जिला कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में आए हुए सभी प्रतिनिधियों को जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने संबोधित किया।

जिलाध्यक्ष ने अपने संबोधन में बताया कि हम सभी के लिए हर्ष का विषय है कि यह वर्ष भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्म शताब्दी वर्ष है ।श्रद्धेय अटल जी की जयंती 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाई जाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी अनेकों ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ विकसित भारत के संकल्प की ओर बढ़ रहे एवं श्रद्धेय अटल जी की सोच साकार हो रही है।इसी कार्यक्रम के अंतर्गत अटल जी पर लिखे गए लेखों, पुस्तकों को एकत्रित कर सूचीबद्ध किया जाएगा। तदोपरांत इनमें से चुनी हुई जानकारी हम प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करेंगे।तथा अटल विरासत सम्मेलन के माध्यम से 15 फरवरी से 15 मार्च 2025 तक जनपद में अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।जिसने जिले के प्रबुद्धजन, सूचीबद्ध, विशिष्ट जन एवं अटल जी के सभी प्रशंसक आमंत्रित किए जाएंगे व सम्मेलन के माध्यम से अटल जी के साथ कार्य कर चुके वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा। साथ ही अटल जी के व्यक्तित्व व कृतम पर हमारे जिले में जो भी लेख व पुस्तकें लिखी गई है उनके लेखकों को सम्मानित किया जाएगा।इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक व जिला महामंत्री दीप चंद्र दिवाकर,जिला उपाध्यक्ष आशीष केसरवानी,अरविंद द्विवेदी,जिला महामंत्री संजय जायसवाल, जिला मंत्री दिनेश पाण्डेय,कविता पासी,भोले शंकर कुशवाहा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सिराथू लवकुश मौर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मंझनपुर हुबलाल दिवाकर,सत्यम केसरवानी, ज्ञानेन्द्र साहू, आदि जिला पदाधिकारीगण, मण्डल अध्यक्षगण, मण्डल महामंत्रीगण उपस्थित रहे।

# कोर्ट से राया ब्लाक प्रमुख पद पर विजई घोषित हुई सावित्री देवी ने लगाया प्रशासन पर शपथ न कराने का आरोप

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फैसल कुरैशी



**मथुरा।** न्यायालय द्वारा बीती 4 फरवरी को राया ब्लाक प्रमुख पद पर सावित्री देवी को निर्वाचित (विजयी) घोषित किया गया था । इस संबंध में जिलाधिकारी को तत्काल शपथ दिलाने का आदेश दिया गया था जिसके क्रम में जिलाधिकारी ने 10 फरवरी को शासन को पत्र लिखकर आदेश के अनुपालन की स्वीकृत शासन से मांगी गयी। उक्त पत्र के क्रम में शासन द्वारा उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत (प्रमुख तथा उपप्रमुख) का निर्वाचन और निर्वाचन विवाद निपटारा नियमावली 1994 के तहत नियम 43, 46, 47 के तहत उल्लखित प्रवधानों के तहत अविलम्ब शपथ दिलाने का 13 फरवरी को आदेश जारी किया लेकिन 20 दिन से अधिक का समय गुजर जाने के बाद न्यायालय व शासन के आदेशों का पालन नहीं हो रहा है। पत्रकार वार्ता में सावित्री देवी ने सभी तथ्य प्रस्तुत करते हुए बताया कि जिला प्रसासन ने दो दिन के अन्दर शपथ नहीं करायी तो इस पूरे प्रकरण कोमुख्यमंत्री से मिल कर बताऊँगी एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत आमरण अनशन पर बैठने से भी पीछे नहीं हटूंगी । इस अवसर पर मौजूद पूर्व विधायक चौधरी प्रणत पाल सिंह ने कहा कि दूसरा पक्ष अन्य पार्टी का है सावित्री देवी और उनका पूरा परिवार प्रारंभ से ही भाजपाई रहा है।